बच्चों को विद्यालय बोझ न लगे जिस हेतु रूचिपूर्ण पाठ्यक्रम का समावेश किया जायेगा जैसे खेल द्वारा शिक्षा क्रियाशील आधारित पाठयक्रम का निर्माण करना। समय सार्थक बनाकर बच्चों में रूचि उत्पन्न करना। सांस्कृतिक एवं कलात्मक क्रिया कलापों का समायोजन एवं क्षेत्र भ्रमण आदि को समावेष्टित किया जायेगा।

8–शिक्षक की व्यवहार
व्यक्तित्व में हास :–

शिक्षक को छात्र / छात्राओं के प्रति मृदु व्यवहार हो। शिक्षक की छवि छात्र / छात्राओं के मस्तिक में सकारात्मक, गुणवत्तापरक एवं विशिष्ठ प्रभावकारी हो। इस हेतु शिक्षक को प्रेरित किया

जायेगा। जिससे विषयवस्तु के ज्ञान में लगातार वृद्धि हो तथा वह शिक्षण कार्य को ओर अधिक प्रभावी बना सके। शिक्षक को समुदायिक सहभागिता हेतु व्यवहार कुशल होना पडेगा। इसे प्रशिक्षण में जोडा जायेगा। जिससे विषयवस्तु के ज्ञान में लगातार वृद्धि हो तथा वह शिक्षण कार्य को ओर अधिक प्रभावी

9–विद्यालय की छात्र संख्या के सापेक्ष
अध्यापकों की कमी :–

ग्राम शिक्षा समिति का सहयोग प्राप्त कर शिक्षण व्यवस्था सुचारू की जायेगी। 40:1 के अनुपात पर अध्यापकों एवं शिक्षा मित्रों की व्यवस्था की जायेगी। पूव्र माध्यमिक में जहॉ पर पूर्व मा0 विद्यालय के साथ प्राथमिक विद्यालय संचालित हो सके वहॉ पूर्व माध्यमिक विद्यालय का ही प्रधानाध्यापक सम्पूर्ण प्रबन्धतंत्र का समय विभाजन चक्र होगा। कक्षा–1 से 8 तक के पाठयक्रम से भलीभॉति परिचित होगे। इस प्रकार माध्यमिक शिक्षा के साथ जुडने का प्रयास करेगे।

10–अध्यापक से अपने विभाग के कार्यो के साथ–साथ
अन्य विभागों के कार्यो का निष्पादन कराया जानाः–

किन्ही विशेष परिस्थितियों में राष्ट्रीय महत्तव के कार्य अध्यापकों से कराये जाये। जिससे उनके शैक्षणिक कार्यो में व्यवधान न उत्पन्न हो तथा छात्र प्रत्येक दिन विद्यालय में आकर अपने कार्यो को उपेक्षित महसूस न करे। अध्यापकों को पठन पाठन के लिये पूण्र उत्तरदायी बनाया जायेगा। बच्चों की प्रगति में अध्यापकों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। कमजोर छात्रों को विद्यालय अवकाश के बाद शिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। एम0एल0एल0 को आधार मानकर अध्यापक की सेवा पंजिका में वार्षिक प्रविष्ठ की जायेगी तथा प्रतिकूल प्रविष्टि पर वार्षिक वेतन वृद्धि को रोका जायेगा। इस प्रकार अध्यापक की जवाबदेही सुनिश्चित की जायेगी।

11–विद्यालय का वातावरण आकर्षक होना :–

बच्चों को समूह में बैठाकर शिक्षण कार्य कराने तथा समूह चर्चा हेतु विद्यालय अनुदान में 6बाई6 की प्लास्टिक की चटाई आवश्यकतानुसार कय की जायेगी। सहायक शिक्षण सामग्री बच्चों की

सहायता से तैयार की जायेगी जो पाठ के अनुरूप होगी। इससे करके सीखने की क्षमता का विकास होगा। इसके अतिरिक्त विद्यालयो में कृषि एवं बागवानी सम्बन्धी काय्र छात्रों से कराये जायगे। प्रत्येक कक्षा के लिये खेलकूद का सामान निर्धारित होगा। बच्चा घर पर न रहकर विद्यालय की ओर उन्मुख होगा। जब बच्चों में यह भावना जाग्रत होगी तो ड्राप आउट की समस्या स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।

12–गरीबी के कारण छात्रों के पास पाठय पुस्तक का न होना :–

कक्षा–1 से 8 तक के समस्त छात्रों को पाठय पुस्तक उपलब्ध कराई जायेगी।

13–अध्यापकों का छात्रानुपात मानक के अनुरूप होना :–

विद्यालय में अध्यापकों की कमी अथवा अधिक छात्रों के कम अध्यापकों के कारण पठन पाठन 40:1 के मानक के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति प्रस्तावित है। पूव्र माध्यमिक विद्यालयों में विषय अध्यापकों की कमी के फलस्वरूप गणित / विज्ञान / अंग्रेजी एवं संस्कृत / उर्दू की शिक्षा में व्यवधान हो रहा है। बालिकाओं के लिये गुहा विज्ञान के अध्यापकों का अभाव है। गुणवत्ता में वृद्धि हेतु उपरोक्तानुसार अध्यापकों की व्यवस्था प्रस्तावित है।

14–अध्यापकों का विद्यालय में कम ठहराव :–

अध्यापक सूचनाओं के संकलन में अधिक समय नष्ट कर रहे हैं । इसके लिये विभागीय सूचनायें विकास खण्ड स्तर पर कम्प्यूटरीकृत की जायेगी। विद्यालयों को उपलब्ध करायी जायेगी। जिससे उसे पहुँचाने का बार–बार लगने वाला समय एवं श्रम कम होगा तथा ठहराव बना रहेगा।

15–अध्यापकों का शिक्षण कार्य में अरूचि :–

अध्यापकों की विषय वस्तु पर आधारित प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी। इससे प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होगा। और वह स्वाध्याय की ओर उन्मुख होगा। समय–समय पर

होने वाले प्रशिक्षण के उपरान्त वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसमें 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में दक्षतारोक / वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी जायेगी।

16–छात्रों की गणवेशो को उपेक्षित करना :–

गणवेश के अभाव में विद्यालय परिवेश का अनुकूलन संम्भव नहीं है। साथ ही साथ समाजिक एकरूपता एवं विशिष्ट छवि का अभाव बना रहता है। प्रतिस्पर्धा में व्यक्तिगत। नर्सरी विद्यालयों में अभिभावक अनायास ही परिषदीय विद्यालयों से उदासीन हो जाते हैं। अतः स्वच्छ गणवेश मुखरित करेगी।

17–अध्यापक अभिभावकों एवं छात्रों में सामंजस्य न होना :–

अभिभावकों का निरन्तर अध्यापक से सम्पर्क बना रहे। इस हेतु त्रैमासिक अभिभावक सम्मेलन कराया जायेगा। जिसमें अधिकतर महिलाओं / विशेषकर अपवंचित / उपेक्षित वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करायी जायेगी। इस सम्मेलन में कोटीपरक शिक्षा पर बल दिया जायेगा। तथा उनके विचारों / समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर निदान की कार्यवाही की जायेगी। नियमित अभिभावक एवं अध्यापक गोष्ठी की जायेगी। जिसमें शिक्षा समिति का विशेष योगदान होगा।

18–सतत मूल्यांकन का अभाव :–

कोटीपरक शिक्षा के लिये सतत एवं प्रभावी मूल्यांकन अति महत्तवपूण्र है। मूल्याकंन मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षा के रूप में कराया जायेगा। मूल्यांकन के प्श्चात कमजोर छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित कर निदानात्मक शिक्षण की व्यवस्था छुटिटयों में की जायेगी। प्रतिस्पर्धा को विकसित करने के लिये प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों कं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कृत कराया जायेगा।

19–शैक्षिक निरीक्षण / पर्यवेक्षण की कमी :–

एन0 पी0 आर0सी0 एवं बी0आर0सी0 , प्रति उप विद्यालय निरीक्षक, सहायक बेसिक शिक्षा एवं डायट अभीकर्मी एवं अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रभावी शिक्षण , निरीक्षण पर्यवेक्षण किया जायेगा। निम्न श्रेणी के विद्यालयों को उच्च श्रेणी में लाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये जायेगे।

20–सकिय समाज के सहभागिता का अभाव :–

अभिभावकों / ग्रामवासियों में यह सोच विकसित होगी कि यह विद्यालय हमारा है।विद्या0 में अच्छी पढाई से ही हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा और इसी से आने वाले समय में गॉव की प्रगति हो सकेगी। इस कार्य में ग्राम शिक्षा समिति का सहयोग लिया जायेगा। ग्राम पंचायतें स्कूलों का सतत मूल्यांकन करेगी। साथ–साथ पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करेगी। माइक्रोप्लानिंग एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु गांव के जानकार लोगों की मदद ली जायेगी। विद्यालय परिवेश में सुधार हेतु गणवेश, स्वच्छता, अनुशासन, विद्यालय की बागवानी एवं साज–सज्जा को सकिय सहभागिता ली जायेगी। अध्यापकों के अभाव में गांव के पढे लिखे लोगों की मदद ली जायेगी। उन्हें व्यवस्था देखने हेतु गुण–वत्ता के अनुश्रवण हेतु विद्यालय में आंमत्रित किया जायेगा। गरीब बच्चों को गणवेश स्लेट कापी पेन्सिल तथा प्रतिभावना बच्चों को पुरस्कार हेतु समुदाय हेतु समुदाय को प्रेरित किया जायेगा।

21–बाल श्रमिक तथा अभिभावक में शिक्षा के प्रति जागरूकता का अभाव :–

6–14 वय वर्ग के बच्चों तथा उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्तव की जानकारी देकर शिक्षा के प्रति जागरूक बनाया जायेगा जिससे बच्चा व्यवसाय में न जाकर विद्यालय में प्रवेश ले तथा शिक्षा पूण्र करें। श्रम विभाग सर्वेक्षण काय्र द्वारा संचालित विद्यालयों के अध्यापकों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्राप्त कर उनके प्रोत्साहन हेतु शिक्षा द्वारा अपेक्षित सहयोग श्रम विभाग को उपलब्ध कराकर बच्चों को मुख्य धारा से उनकी योग्यता की परीक्षणोपरान्त जोडा जायेगा।

उपरोक्त समस्याओं के अतिरिक्त जनपदकी भविष्य में आने वाली शिक्षा सम्बन्धी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए रणनीति बनायी जायेगी

23–रात्रिकालीन शिक्षा केन्द्र :–

बाल श्रमिकों हेतु रात्रिकालीन शिक्षा केन्द्र खोले जाने की आवश्यकता है जिससे वे बाल श्रमिक अपने कार्य से निपटने के उपरान्त शिक्षा ग्रहण कर सके।

अध्याय–6
शिक्षा की पहुँच का विस्तार

1– प्राथमिक स्तरपर नवीन प्राथमिक विद्यालय के भवनों का निर्माण एवं आवश्यकता

शिक्षा के सार्वभौमिक कारण की दृष्टि से 6–11 वय वर्ग के छोटे बच्चों को उन की आयु के अनुसार निकट विद्यालय होना शिक्षा की दृष्टि से नितान्त आवश्यक है। इस जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम –।। वर्ष 1999 से प्रारम्भ हुआ ।
परियोजना के प्रारम्भिक वर्ष 1999–2000 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्ग 10 नवीन प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत हुऐ जिनका चयन असेवित बस्तियों से कर निर्माण कार्य वर्तमान समय में पूर्ण कराया जा चुका है तथा वर्ष 2000–01 में 07 नवीन विद्यालय स्वी–कृत हुऐ जिनका चयन असेवित बस्तियों से करके निर्माण कार्य वर्तमान समय में पूर्ण कराया जा चुका हैं इसके अतिरिक्त संघन क्षेत्र तथा 10 वें तथा 11 वै वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2000–01 में 62 तथा.2002–03 में 92 प्राथमिक विद्यालयों तथा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शेष बची 16 असेवित बस्तियों का चयन कर लिया गया हैं । इस प्रकार वर्ष 2003–04 में इसस जनपद में प्राथमिक विद्यालयों की सम्पन्न 1164 हो जायेगी तथा कोई भी बस्ती असेवित नहीं शेष रहेगी। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2003–04 में 75 नवीन विद्यालय स्वीकृत हुए थे जिसमें से केवल 16 विद्यालयों का निर्माण होगा।शेष विद्यालय असेवित वस्ती न होने के कारण वापस किये जायेगे।
उच्च प्राथमिक स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण एवं आवश्यकता–

इस जनपद में बच्चों को कक्षा 6–8 तक की शिक्षा पूर्ण कराने के लिए विभिन्न वर्ष में 10 वे तथा 11वें वित्त आयोग तथा सघन क्षेत्र के अन्तर्गत उच्च प्रा0 विद्यालय असे वित बस्तियों में खोले गये । वर्ष 200–01 में 88 ,2001–02 में 15 तथा सघन क्षेत्र के अन्तर्गत 65 कन्या जूनियर हाई स्कूल ,2002–03 में 91 उच्च प्रा0विद्यालय का निमार्ण कराया जा रहो हैं। वर्तमान समय में 2003–04 में शासन के मानक के अनुसार इससे जन पद में कोई भी असेवित बस्ती नही रहेगी। और न ही इस जनपद में उच्च प्राथमिक विद्या

लय खोलने की आवश्यकता हैं। सर्व शिक्षा अभियान में 99 नवीन उच्च प्रा0विद्यालय स्वीकत हुऐ हैं। असेवित बस्ती न होने कारण इनको वापस कियाजा रहा है।

जनपद में प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	विवरण	विद्यालयों की सं0	ग्रामीण	शहरी	योग्य
1	वर्तमान समय में प्रा0 विद्यालयों की संख्या	1164	1098	66	1164
2	वर्तमान समय में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या	279	275	4	279

वर्तमान समय में इस जनपद मे कोई भी प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्या लय के निर्माण की आवश्यकता नहीं है।

क0सं0	विवरण			विद्यालयो की संख्या	ग्रामीण	नगरीय	योग
1	उच्च प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता			–	–	–	–
2	वर्तमान प्राथमिक विद्यालय			1164	1098	66	1164
3	नवीन प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता			–	–	–	–
4	एक दो के अनुपात में उच्च			582	582	–	582
5	प्राथमिक विद्यालय की संख्या वर्तमान						
6	कुल आवश्यकता			–	–	–	–

अतः सर्वशिक्षा अभियान में कुल 130 उच्च प्राथमिक विद्यालया प्रस्तावित है। इन विद्यालयों की स्थापना के पश्चात् सभी असेवित बस्तियों के लिए विद्यालय उपलब्ध हो जायेंगे।

शिक्षक व्यवस्था–

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक तथा एक शिक्षा मित्र की व्यवस्था प्रस्तावित हैं जो बाद में छात्र संख्या के अनुपात में बढाई जाएगी। प्रत्येक नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक प्रधानाध्यापक तथा दो सहायक अध्यापकों सहित कुल पॉच अध्यापकों की व्यवस्था स्थापित है। चार अध्यापकों में सकस एक विज्ञान एवं गणित तथा बलिका शिक्षों को प्रभावित करने के लिए एक महिला शिक्षक की व्यवस्था की जाऐगी

विद्यालय उपकरण–

प्रत्येक नवीन विद्यालयों को सुसज्जित करने के उद्देश्य से मानक के अनुसार 10 हजार रू0 उपलब्ध कराये जाएगें उस धनराशि से निम्नलिखित सामग्री ग्राम शिक्षा स–मिति द्वारा खरीदी जाएगी। धनराशि के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समिति को नियोजन स्तर से से किया जायेगा।

1– टाट पट्टी
2– श्यामपट
3– मेज कुर्सी
4– अध्यापकों के लिए अलमारी
5– सन्दूक
6 आवश्यकता रजिस्टर
7– खेल–सामग्री
8– पुस्तकालय हेतु पुस्तके
9– अन्य सामग्री

उपर्युक्तानुसार सामग्री क्रय करने का कार्य ग्राम शिक्षा समिति द्वारा विद्यालय स्तर पर होगा।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय में साज–सज्जा के लिए मानक के अनुसार 50 हजार रूप्ये का प्रावधान किया गया है जिसमें नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उपकरण हेतु निम्नलिखित सामग्री ग्राम शिक्षा समिति द्वारा क्रय की जायेगी। धनराशि का स्थानान्त रण जनपद स्तर से ग्राम शिक्षा समिति के खाते में किया जायेगा।

1– काष्ठोपकरण– मेज कुर्सी,श्यामपट ,लकडी की अलमारी इत्यादि।
2– शिक्षण सामग्री– बच्चों को प्ढाने के लिए, ग्लोब ,चार्ट, नक्शें इत्यादि।
3– खेल सामग्री– पुस्तकालय के लिए लोक की अलमारी,पुस्तके आदि।
4– पुस्तकालय की स्थापना – पुस्तकालय के लिए लोह की अलमारी,पुस्तक आदि।
5– अन्य सामग्री– बाल्टी,लोटा, पानी पीन वाला मग तथ अन्य सामग्री इत्यादि।

उपरोक्त सामग्री ग्राम शिक्षा समिति द्वारा क्रय की जायेगी ग्राम शिक्षा समिति का सचिव (प्रधानाध्यापक) विद्यालय की आवश्यकता को ग्राम शिक्षा समिति के समक्ष प्रस्ता वित करेगा। ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा सामग्री क्रय करने की कार्यवाही की जायेगी।

पेयजल शौचालय एवं चहारदीवारी

सर्व शिक्षा अभियान प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में पहुॅचाने के लिए के अन्तर्गत नवीन प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छ पानी–पीने की व्यवस्था हेतु इण्डि या मार्का–2 हैण्ड पम्प लगाए जायगे जिससे विद्यालय में पढने वाले बच्चे स्वच्छ पानी पी के प्रत्येक विद्यालयों में जॅहा पर बालक/बालिकांए एक साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन बालक/बालिकाओं के लिए अलग–अलग शौचालयों का निर्माण कराया जायेगा। बालिकाओं

की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तथाा विद्यालयों को सुसज्जित एवं आकर्षक और सुरक्षित करने के उद्देश्य से चहारदीवारी का निर्माण कराया जायेगा।

निर्माण कार्यदायी संस्था

सर्व शिक्षा अभियान एक सामुदायिक सहभागिता पर आधारित एक कार्यक्रम है। शिक्षा जागृत करने के उद्देश्य से विद्यालय भवनों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा ग्राम शिक्षा समिति को ययह दायित्व दिया है कि विद्यालय भवनों का निर्माण चाहे वह प्राथमिक स्तर का हो चाहे उच्च प्राथमिक स्तर का हो यया विद्यालय के विकास से सम्बन्धित सभी कार्य(निर्माण कार्य) ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से किया जायेगा। विद्यालय के निर्माण का कार्य ग्राम शिक्षा समिति को सौंपा गया है।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना लागत में कमी लाने की व्यवस्था

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रति दो प्राथमिक विद्यालय पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय की उपलब्धता दर्शायी गयी है पूर्व में संचालित प्राथमिक विद्यालय में आवश्यक भूमि, भवन, हैण्डपम्प, तथा शौचालय आदि यथासम्भव उपलब्ध है। जनपद में उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलने की योजना एक अनुपात दो के आधार पर बनाई गई है। सम्यक विचारो–परान्त यह निर्णय लिया गया है कि नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना उन्हीं प्राथमिक विद्यालयों को उच्चीकृत करते हुए प्राथमिक विद्यालय के परिसर में ही की जाऐगी जिससे प्राथमिक विद्यालयो में उपलब्ध करते हुए प्राथमिक विद्यालय के परिसर में ही की जाएगी। जिससे प्राथमिक विद्यालय में उपलब्ध भवन, हैण्डपम्प , शौचालय ,चहारदीवारी आदि भौतिक संसाधन का अधिकतम उपयोग किया जा सके फलस्वरूप नवीन उच्च प्रा0 विद्यालय की स्थापना में हैण्ड पम्प,,शौचालय आदि मदों में बचत की जा सके।

निर्माण कार्यो का तकनीकी पर्यवेक्षण

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किये जाने वाले निर्माण कार्यो के तकनीकी पर्यवेक्षण विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा/लघु सिचाई विभाग के अभियन्ताओं से कराया जाएगा । इस सम्बन्ध में व्यवस्था का विवरण अध्याय 10 परियोजना,कियान्वयन,और अनुश्रवण में दिया गया है।

प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा–कक्षा का निर्माण–

जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा काग्रक्रम के अन्तर्गत विभिन्न वर्षो में क्रमशः अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण कराया गया 99–2000–80,2000–2001 मे 125, 2001–02 में 197 ,2002–03 में 25 कक्षा–कक्षों का निर्माण कराया जा चुका है। आगामी वर्षे में छात्र/सख्या की वृद्वि को देखते हुए 1000 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के निर्माण का प्रावधान किया गया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण–

जनपद में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या की वृद्वि को देखते हुए आगामी वर्षो में 34 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की बजट में व्यवस्था की गई।

शैक्षिक सुविधाओं की आवश्यकता हेतु सर्वेक्षण–

राज्य सरकार के मानक के अनुसार 1.5किमी0 की दूरी तथा 300 की आबादी के मानक पर प्रा0 विद्यालय की स्थापना की जायेगी। स्कूल मेपिंग व माइक्रोप्लानिंन के आधार पर स्थान का चयन वैज्ञानिक रीति से किया जायेगा। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना 300 किमी0 दूरी व 800 आबादी पर की जायेगी। स्कूल मैपिंग व माइक्रोप्लानिगं के माध्यम से स्थान का चयन किया जाऐगा। स्थान के चयन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और स्थानीय स्तर पर ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से स्थल का चयन किया जायेगा इस प्रकार विद्यालयों की स्थापना में आवश्यकता और विकेन्द्रित प्रणा–ली की अनुसरण किया जायेगा।

सर्व प्रथम शिक्षा अभिसयान के अन्तर्गत नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार की जाएगी इसके ष्चात बस्ती में छात्र/छात्राओं की उपलब्धता को दृष्टि में रखते हुए जनपद में नवीन प्राथमिक एवृं उच्च प्राथ–मिक विद्यालयों की आवश्यकता एवृं विद्यालयों मं भौतिक सुविधा के आंकलन हेततु एक सर्वेक्षण प्रति वर्ष कराया जाएगा जिसके आधार पर आगामी वर्ष के बजट एवृं वार्षिक कार्य–योजना में नवीन विंद्यालयों तथा भौतिक सुविधाओं की स्थापना का प्रस्ताव सम्मिलित किया जायेगा। सर्वेक्षण के लिए रूपये दो लाख का वित्तीय प्रावधान प्रति वर्ष रखा गया है। सर्वे–क्षण से प्राप्त आंकडो /सूचनाओं का प्रयोग परियोजना के द्वितीय वर्ष में किया जाएगा जिससे जनपद की प्राथमिक स्तर तक की आवश्यकताओं का आंकलन कर अगले वित्तीय वर्ष में सुविधाएं को उपलब्ध कराया जा सके।

निर्माण कार्यो का तकनीकी पर्यवेक्षण

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किये जाने वाले निर्माण कार्यो के तकनीकी पर्यवेक्षण विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध ग्रामीण अभ्यिन्त्रण सेवा/लघु सिचाई विभाग के अभियन्ताओं से कराया जाएगाा । इस सम्बन्ध में व्यवस्था का विवरण अध्याय 10 परियो–जना,क्रियान्वयन,और अनुश्रवण में दिया गया है।

प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा–कक्षा का निर्माण–

जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा काय्रक्रम के अन्तर्गत विभिन्न वर्षो में कमशः अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण कराया गया 99–2000–80,2000–2001 मे 125, 2001–02 में 197 ,2002–03 में 25 कक्षा–कक्षों का निर्माण कराया जा चुका है। आगामी वर्षे में छात्र/सख्या की वृद्वि को देखते हुए 1000/– अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के निर्माण का प्रावधान किया गया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण–

जनपद में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या की वृद्वि को देखते हुए आगामी वर्षो में 34 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की बजट में व्यवस्था की गई।

अध्याय –7

शिक्षा की पहुँच का विस्तार

(शिक्षा गारन्टी योजना/वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा/ब्रिजकोर्स)

भारतीय संविधान में 6–14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य एव् निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने को बच्चे का मेल अधिकार बना दिया गया है।

भारतीय संविधान के संकल्प की पूर्ति के लिए सर्व प्रथम अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत किये गये प्रयास का उल्लेख किया जाना प्रासंगिक किया जाना प्रतीत होता है। प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमी करण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करने के लिए विगत कुछ वर्षो में सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये गये हैं।प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण करने के उद्देश्य से बढती आव–श्यकताओं को पूरा करने हेतु 1997–80 से पूरे देश में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम चलाया गया। इसके अन्तर्गत 6–14 आयु वर्ग के ऐसे बच्चों को जो विद्यालय नहीं जा पाये हैं,या जिनके छत्रों में विद्यालय उपलब्ध नहीं है या किन्ही कारण वश विद्यालय छोड दिय है,को औपचारिक शिक्षा के सम–तुल्य शिक्षा उपलब्ध करायी गयी । यह योजना शैक्षिक दृष्टि से पिछडे राज्यों,मलिन बस्तियों और पर्वतीय जनजातियों तथा रेगिस्थानी क्षेत्रों में विशेष रूप से चलाई गयी ।

अनौपचारिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत सह शिक्षा वाले केन्द्र 60:40तथा बालिकाओं के केन्द्र हेतु 90:10 के अनुपात में केन्द्र सरकार और सम्बन्धित राज्यों द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता से संचालित थे। यह योजना 9 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के संचालित की गयी । पूरे देश में 2.90 लाख अनौपचारिक केन्द्रों मे 7250000बच्चे नामांकित थे। इन केन्द्रों में 1.18लाख केन्द्र केवल बालिकाओं के लिए शिक्षा सुलभ करा रहे थे।

उत्तर प्रदेश में यह कार्यक्रम सभी जनपदों में संचालित किया गया। प्रदेश में 591 परियो–जनाएँ संचालित थीं। प्रत्येक परियोजना में एक सौ अनौपचाचिक शिक्षा केन्द्र संचालित किये गये। जनपद रामपुर के सभी छह विकास खण्डों में अनौपचारिक शिक्षा परियोजनाा संचालित थी। जिनमें 600 केन्द्र संचालित थे।

विश्लेषण

जनपद में प्रति परियोजना 100 केन्द्र संचालित किये गये। प्रत्येक केन्द्र में 25 बच्चों के नामांकन का लक्ष्य रखा गया। इस प्रकार एक परियोजना मे 2500 छात्रों का नामांकन दो वर्षो के लिए किया गया। कक्षा –5 की परीक्षा में प्रतिवर्ष लगभग 1200 छात्र प्रति परियोजना सम्मिलित हुए। उनमें से केवल 350 बच्चे ही प्रतिवर्ष प्रति परियोजना कक्षा–6 में प्रवेश लेकर शिक्षा की मुख्य धारा में जुडते रहें है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना था जिसकी सम्प्राप्ति अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो सकी ।

सर्वेक्षण

जनपद में मई एवं जून 2003 में परिवार सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न कराया गया। परिवारसर्वेक्षण के अन्तर्गत विद्यालय से बाहर ब्लाक वार चिन्हित बच्चों का विवरण नीचे दी गयी सारणी में दर्शाया

सारणी 7.1

परिवार सर्वेक्षण के अन्तर्गत चिन्हित स्कूल से बाहर बच्चों का ब्लाक वारविवरण

स्कूल से बाहर बच्चों का विवरण

ब्लाक का नाम	5 से 6 वय वर्ग			7 से 10 वय वर्ग			11 से 14 वय वर्ग			महायोग 5 से 14 वय वर्ग		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
स्वार	2837	2174	5011	3050	3800	6850	2698	3406	6104	8585	9380	17965
सैदनगर	1834	1651	3485	2428	2961	5389	1707	2190	3897	5969	6802	12771
चमरौआ	1369	1467	2836	2286	2041	4327	1928	1935	3863	5583	5443	11026
बिलासपुर	3121	2927	6048	2719	2564	5283	1671	1680	3351	7511	7171	14682
मिलक	2577	2595	5172	1810	1381	3191	1252	1268	2520	5639	5244	10883
शाहबाद	3184	3037	6221	3133	3089	6222	2427	2501	4928	8744	8627	17371
नगर क्षेत्र	2437	1172	3609	2796	2459	5255	429	745	1174	5662	4376	10038
योग–	17359	15023	32382	18222	18295	36517	12112	13725	25837	47693	47043	94736

स्त्रोत जिला / विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रामपुर।

सारणी संख्या–7.2

स्कूल से बाहर बच्चों का कारण सहित विवरण

कारण												
	5 से 6 वय वर्ग			7 से 10 वय वर्ग			11 से 14 वय वर्ग			5 से 14 वय वर्ग		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1–अपने घर के कार्यो में	4593	4419	9012	8771	7474	16245	6952	7840	14792	20316	19733	40049
2–मजदूरी में लगे रहना	424	350	774	744	718	1462	2030	1418	3448	3198	2486	5684
3–भाइ बहनों की देखभाल	2994	3331	6325	4254	5023	9277	2193	2441	4634	9441	10795	20236
4–विद्यालय दूर होने के व	719	747	1466	456	513	969	354	426	780	1529	1686	3215
5–अन्य	8629	6176	14805	3997	4567	8564	583	1600	2183	13209	12343	25552
योग	17359	15023	32382	18222	18295	36517	12112	13725	25837	47693	47043	94736

स्त्रोत :जिला / विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रामपुर।

स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नामांकन जनपद– रामपुर

ब्लाक का नाम | हाऊस होल्ड सर्वे में चिन्हित बच्चें | 31जुलाई,20003 को नामांकित बच्चे

	5–6		7–10		11–14			5–6		7–10		11–14		
	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	योग
स्वार	2837	2174	3050	3800	3597	3406	18864	2069	1948	2660	2725	1803	1529	12734
सैदनगर	1634	1651	2428	2971	1707	2190	12581	1579	1529	2320	2743	1561	1886	11618
चमरौआ	1369	1467	2286	2041	1928	1935	11026	2144	2644	1563	1416	1230	1263	10260
बिलासपुर	3121	2927	2719	2564	1671	1686	14688	2809	2637	2442	2311	1503	1517	13219
मिलक	2577	2595	1810	1381	1252	1268	10883	2448	2465	1720	1312	1189	1205	10339
शाहबाद	3184	3018	3133	3089	2427	2501	17352	3062	2997	3102	3068	1998	1456	15683
नगर क्षेत्र	2437	1172	2796	2459	429	745	10038	1673	1012	2663	2251	297	408	8304
कुल योग	17159	15004	18222	18305	13011	11239	95422	15784	15232	16470	15826	9581	9264	82157

जिला समन्वयक(वै0शि0)
डी0पी0ई0पी0,रामपुर

जिला समन्वयक (प्रशि0)
डी0पी0ई0पी0,रामपुर

जिला समन्वयक(समे0शि0)
डी0पी0ई0पी0,रामपुर

विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी
रामपुर

स्कूल से बाहर बच्चों को स्कूल चलों अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों /विद्या केन्द्रों/वै0शि0 केन्द्रा में पंजीकृत कराने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 31–7–2003 तक स्कूल से बाहर चिन्हित कुल 94734 बच्चों में से 82157 बच्चों को नामांकित किया गया।

31–7–2003 तक जनपद के 5 +से 11 वर्ष तक के कुल 313696 बच्चों में से 308109 बच्चों को नामांकित करने के उपरान्त 5587 बच्चे स्कूल से बाहर शेष बचे जिनका विवरण सारणी संख्या 7.4 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 7.4

5+से 11 आयु वर्ग के बच्चों की सारणी

कुल बच्चे			विद्यालय जाने वाले पंजीकृत			स्कूल से बाहर चिन्हित बच्चे		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
171205	142491	313696	167878	140231	308109	3327	2260	5587

स्त्रोतः ई0बी0एस0ए0कार्यालय

इसी प्रकार 11–14 वर्ष के कुल 127191 बच्चों में से 120199 बच्चे नामांकित होने के उपरान्त कुल 6992 बच्चे स्कूल से बाहर शेष बचे जिनका विवरण तालिका 7.5 में दर्शाया गया है।

सारणी संख्या 7.5

11+से 14 आयु वर्ग के बच्चों की सारणी

कुल बच्चे			विद्यालय जाने वाले पंजीकृत			स्कूल से बाहर चिन्हित बच्चे		
बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
70685	56506	127191	68154	52045	120199	2531	4461	6992

स्त्रोतः ई0बी0एस0ए0कार्यालय

जनपद रामपुर में वर्तमान में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (विस्तारित जनपद)संचालित है जिसके अन्तर्गत वर्ष 200–01 (प्रथम वर्ष) में 40 विद्या केन्द्र एवं 35 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र (मकतब मदरसों) में केन्द्र संचालित है। वर्ष 2001–02 में 75 विद्या केन्द्रो तथा 50 मकतब मदरसों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 75 विद्या केन्द्रों एंवं 50 मकतब मदरसे केन्द्रों का चयन किया जा चुका हैं

इस प्रकार वर्तमान में 115 ई0जी0एस0(विद्या केन्द्र) एवं 85 मकतब मदरसे(वै0शि0) केन्द्रो का चयन हो चुका है। 105 ई0जी0एस0 और 56 मकतब मदरसे वर्तमान में संचालित हैं जिनमें निम्नवत् छात्र–छात्राये अध्ययनरत है–

सारणी संख्या–7.6

माडलवार चयनित/संचालित केन्द्रो का नामांकन

माडलका नाम	केन्दो का लक्ष्य	चयनित केन्द्रों की सं0	संचालित केन्द्रों की सं0	नामांकन						
				बालक	बालिका	योग	अनु0जाति	पिंछडी जाति	अन्य	विशेष विवरण
ई0जी0एस0	115	115	105	2065	2050	4115	1350	2075	690	
वै0शि0केंद (मकतब)	85	85	56	1391	1063	2454	–	–	2454 सभीअल्पसंख्यक	
ब्रिज कोर्स कैम्प										

!–वि0द्वारा प्रस्तावित	75	57	–	–	–	–	–	–	–	–
2–एन0जी0ओ0द्वारा	02	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ए0आई0ई0 (जूनियरस्तर)	14	–	–	–	–	–	–	–	–	एन0जी0ओ0द्वारा0 संचालन प्रस्तावित
योग–	291	257	161	2456	3113	6569	1350	2075	3144	

डी0पी0ई0पी के अन्तर्गत संचालित ई0जी0एस0 /वै0शि0 केन्द्रो में पढने वाले बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तके शैक्षिक सामग्री तथा साज –सज्जा आदि की व्यवस्था डी0पी0ई0पी0 की ओर से की जाती है।

डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत दो प्रकार के मॉडल जनपद में संचालित है–

1– ई0जी0एस0(विद्या केन्द्र)

2– वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र(मकतब/मदरसे)

1– ई0जी0एस0(विद्या केन्द्र)

ई0जी0एस0 के अन्तर्गत जिन गॉव में 1 किमी की परिधि में परिषदीय विद्यालय नहीं है तथा 6–11 वर्ष के स्कूल न जाने वाले अथवा ड्राप आउट कम से कम 30 बच्चे उपलब्ध है, विद्या केन्द्र खोले गये है। विद्या केन्द्र पर अध्यापन का

कार्य आचार्य जी करते है। विद्या केन्द्र पर कक्षा–1 एवं 2 की शिक्षा प्रदान की जाती है।

आचार्य जी का चयन ग्राम पंचायत में उपलब्ध हाईस्कूल पास अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जाता है। आचार्य जी को ग्राम शिक्षा समिति द्वारा 1000/–रू0 प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है।

निःशुल्क पाठ्य–पुस्तक साज–सज्जा एवं आकस्मिक व्यय की व्यवस्थाः–

विद्या केन्द्रों पर पढने वाले बच्चों को निःशुल्क पाठय पुस्तको तथा शैक्षिक सामग्री का वितरण किया जाता है। केन्द्र को साज–सज्जा एवं उपकरण भी उपलब्ध कराये जाते हैं। इसके लिए विद्या केन्द्र को 2350 रू0 प्रति केन्द्र साज–सज्जा मद में एवं 450/–रू0 प्रति वर्ष आकस्मिक व्यय मद में दिया जाता हैं। 450/– रू0 में से ही टी0एल0एम0 निर्माण। भी किया जाता है।

2– वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र(मकतब/मदरसे)

डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत 6–14 वर्ष के ऐसे बच्चों के लिए जो मकतब/मदरसों केवल दीनीतालीम प्राप्त कर रहे ह और स्कूली शिक्षा से वंचित है, का सुदृढीकरण करके विद्यालयी शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु केन्द्रों का संचालन किया जाता है। इन केन्द्रों में कक्षा–1 से 5 तक की विद्यालयी शिक्षा प्रदान की जाती हैं।

मकतब मदरसे केन्द्रों में छात्र–छात्राओं को पढाने के लिए अनुदेशक का चयन मकतब/मदरसे की प्रबन्ध समिति द्वारा किया जाता है। मकतब /मदरसों में कार्यरत मौलवी जी को अर्ह होने की देशा में अनुदेशक चयन में प्राथमिकता दी। जाती है। अनुदेशक के लिए न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है। अनुदेशक को 1000/–रू0 प्रति माह मानदेय दिया जाता है।

निःशुल्क पाठ्य–पुस्तक साज–सज्जा एवं आकस्मिक व्यय की व्यवस्थाः–

विद्या केन्द्रो की भॉति ही वै0शि0 केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों को भी निःशुल्क पाठ्य–पाठय पुस्तके एवं शौक्षिक सामगी सुलभ करायी जाती है। केन्द्रों को 2350/ रू0 प्रति केन्द्र की दर से साज–सज्जा मद में एवं 450 रू0 प्रति वर्ष की दर से आकस्मिक व्वयय मद में उपलब्ध करायी जाती है।

विशेष धार्मिक एवं सामिजक प्रथाओं /रीतियों के कारण जो बच्चे विशेषकर लडकियॉ स्कूल नहीं जाती हैं,उनकी प्राथमिक शिक्षा के लिए यह मॉडल अत्यधिक उपयोगी सिद्व हुआ है।

डी0पी 0ई0पी0 के अन्तर्गत योजना के समाप्ति के अन्तर्गत असेवित बस्तियों /ग्रामों में विद्या केन्द्रों की व्यवस्था कर दी जायेगी किन्तु डी0 पी0 ई0 पी0 सामाप्ति पर वै0 शि0 केन्द्रों का संचालय आगे सम्भव नहीं हो सकेगा। इसलिए मकतब मदरसों में संचालित होने वाले वै0शि0 केन्द्रों को ए0आई0ई0 के नाम से सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत चलाया जायेगा। ई0जी0एस0 के अन्तर्गत विद्या केन्द्रों को यथावत संचालित किया जायेगा।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ब्रिज कोर्स,कैम्प, और बैकल्पिक एवंनवाचार शिक्षा केन्द्र संचालित किये जायेंगे।

ब्रिज कोर्स कैम्प

ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोडने के लिए दो प्रकार के ब्रिज कोर्स कैम्प संचालित किये जायेंगे।

1– विभाग द्वारा प्रस्तावित दो माह/छह माह के ब्रिज कोर्स कैम्प।

2– स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा साठ बालिकाओं के लिए छह माह के आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्प ।

1– विभाग द्वारा प्रस्तावित दो माह/छह माह के ब्रिज कोर्स कैम्प।

विभाग द्वारा दो/छह माह के ब्रिज कोर्स कैम्प न्याय पंचायत के ऐसे असेवित ग्रामों में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। जॅहा स्कूल से बाहर /ड्राप आउट 50 बच्चे उपलब्ध है तथा न्याय पंचायत के अन्य ग्रामो से भी चयनित ग्राम में आसानी से पहुॅच सकते है।

50 बच्चों के लिए आयोजित किये जा रहे इन कैम्पों ने दो अनुदेशकों का चयन किया जायेगा जो हाई स्कूल उत्तीर्ण होंगे तथा जो स्थानीय व्यक्ति होंगे यथासम्भव एक महिला अनुदेशक का चयन किया जायेगा ।इन कैम्पो मे 6–14 वर्ष के स्कूल न जाने वाले/ड्राप आउट बच्चों दो/छह माह तक शिक्षित करके निकटतम् विद्या–लयों/विद्याकेन्द्रो/वै0शि0 केन्द्रों में नामांकित कराया जायेगा।अनुदेशक का चयन एन0पी0आर0सी0/बी0आर0सी0 और ए0बी0एस0ए0/एस0डी0आई0 की समिति द्वारा किया जायेगा।

2– स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा साठ बालिकाओं के लिए छह माह के आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्पः–

6– 14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली अथवा शाला त्यागी 60 बालिकाओं के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जनपद में दो आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्प चलाया जाना प्रस्तावित है। छह माह के बाद इन बालिकाओं को स्वयंसेवी संस्था द्वारा स्कूलों में पंजीकृत कराकर स्कूलों में जोडा जायेगा।ये ब्रिज कोर्स कैम्प ख्यातिप्राप्त एवं प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कराये जायेंगे जिनको सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 1,80,000/– रू0 प्रति कैम्प की दर से धनराशि मुहैया कराई जायेगी।

वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र(ए0आई0ई0)

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 11–14 वर्ष के बच्चों के लिए जूनियर हाई स्कूल के वैकल्पिक एवं नवाचार(ए0आई0ई0)केन्द्र खोले जायेगे। इनमें बच्चों को जूनियर स्तर की कक्षा–6,7,8 की विद्यालयी शिक्षा प्रदान की जायेगी।

ए0आई0ई0 केन्द्रों में स्नातक योग्यताधारी अनुदेशक रखा जायेगा। जिसकी न्यूनतम् आयु 21 वर्ष होंनी चाहिए। जनपद रामपुर में 14 ए0आई0ई0(जूनियर स्तर)खोलने का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। इन केन्द्रों को स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित प्राथमिकताओं के आधार पर नवाचार शिक्षा की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है–

1– बाल श्रमिक

नगर क्षेत्र रामपुर में 6–14 वर्ष के काफी अधिक संख्या में बच्चे विशेषकर बालिकायें पेंचवर्क,बीडी बनाने का कार्य, कार चोप का कार्य तथा दुकानों पर मजदूरी करने का कार्य करते है। श्रमविभाग द्वारा अभी तक ऐसे 383 बच्चों को चिन्हित् कर सूची कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। किन्तु ऐसे बालश्रमिकों की सख्या लगभग 800 बतायी जाती है। इनके अतिरिक्त कुछ बच्चे एसे भी हैं जो भट्टो आदि पर कार्य करते है ।

उपरोक्त चिन्हित 383 बालश्रमिकों में से 276 बालश्रमिकों को प्रेरित करके विद्यालयों में भर्ती करा दिया गया है। शेष 107 बालश्रमिकों के लिए नगर क्षेत्र में छह माह की गैरआवासीय ब्रिज कोर्स कैम्प चलाया जाना प्रस्तावित है। नगर क्षेत्र में ही श्रम विभाग द्वारा चिन्हित बच्चों के अतिरिक्त उपरोक्त कार्यो में लगे हुए अनेक बच्चे विभिन्न वार्ड में उपलब्ध हैं। इनके लिए भी छह माह के गैरआवासीय ब्रिज कोर्स कैमों की व्यव–स्था प्रस्तावित हैं

2– विद्यालय का अधिक दूरी पर होना–:

जो बस्तिया/गॉव/मजरे विद्यालय से 1 किमी से अधिक की दूरी पर स्थित हैं तथा जॅहा मानक के अनुरूप स्कूल खोला जाना सम्भव नहीं है और जॅहा 6–11 वर्ष के स्कूल से बाहर कम से कम 30 बच्चे उपल ब्ध है। ऐसी बस्तियों में ई0जी0एस0 /ए0आई0ई0/ब्रिजकोर्स कैम्प आवश्यकता एवं मानक के आधार पर खोले जायेगें।

3– आर्थिक कारण :

जनपद के जो बच्चे गरीबी के कारण स्कूल नही जाते है अथवा अभिभावकों के कार्यो अथवा व्यवसाय में सहयोग करते है एसे बच्चों के लिए भी वैकल्पिक शिक्षा/ब्रिज कोर्स के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्थ की जा–येगी। जनपद कुछ बस्तियॉं/ग्राम/मजरे ऐसे हैं जो प्राकृतिक आपदा जैसे–नदी आदि के कटान, से अलग थलग पड गये है और उसमें रहने वाले बच्चों की शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है,में भी शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी

सामाजिक रूढिया :-

सह शिक्षा के कारण उम्र में अधिक लडकियों को उनके माता–पिता सामाजिक रूढियों की वजह से विद्यायल नही भेजते है। एसे सीनों पर भी वै0शि0. केन्द्र खोले जायेगे तथा महिला को शिक्षण हेतु नियक्ति किया जायेगा।

विद्यालय से बाहर(स्कूल न जाने वाले अथवा शाल त्यागी) बच्चों के लिए शिक्षा की रणनीति–:

स्कूल से बाहर तथा शाला त्यागी बच्चों को ई0जी0एस0/वै0शि0 अथव ब्रिज कोर्स कैम्प के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोडा जायेगा। रामपुर जनपद में 5 तहसीले एवं 6 ब्लाक है–स्वार,शाहबाद,बिलासपुर आदि लगभग सभी ब्लाकों में अनेक क्षेत्र एसे है बरसात में नदियों के कारण अलग–थलग पड जाते है। नदियो के कटान के कारण ग्राम/बस्तियों की आबादी एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवजन कर जाती है। भौगोलिके कारणो से एसे स्थानों तथा दुर्गम सीनो पर बसे हुऐ ग्रामों,मजरो,बस्तियों के लिए हमे विशेष प्रकार की वै0शि0 केन्द्र,ब्रिजकोर्स चलाकर 6–11 वर्ष के बच्चो की शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी ।

1– ई0जी0एस0/विद्या केन्द्र–:

ऐसी असेवित बस्तियों/ग्रामों/मजरों में जॅहा एक किमी की परिधि में कोई परिषदीय विद्यालय नही है तथा जॅहा 6–11 वय वर्ग के विद्यालय न जाने वाले कम से कम 30 बच्चे उपलब्ध हैं, में ई0जी0एस0 के अन्तर्गत विद्या केन्द्र खोले जायेगे।

ई0जी0एस0 के अन्तर्गत खोले जाने वाले विद्या केन्द्रो पर बच्चो के बैठने के लिए स्थान एवं पीने के लिए पानी की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति द्वारा की जायेगी।ई0जी0एस0 केन्द्रो पर रखे जाने वाले आचार्य जी का चयन ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा हाईस्कूल के परीक्षा के मेरिट के आधार पर स्थानीय हाईस्कूल पास उप-लब्ध आवेदकों में से किया जायेगा। आचार्य जी को 1000/-रू0प्रति माह मानदेय दिया जायेगा। 45 से अधिक संख्या पर एक अतिरिक्त आचार्य जी रखा जायेगा। दो आचार्य जी की स्थिति में कम से कम एक महिला रखी जायेगी।

2- वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र(कमतब मदरसा)

जनपद में मुस्लिम आबादी लगभग 50 प्रति0 है। मुस्लिम समाज में पर्दा प्रथा का बहुत प्रचलन है। पढे लिखे,सम्पन्न परिवारोंमें भी इस प्रथा का अनिवार्य रूप से अनुकरण किया जाता है। यहॉ तक कि डिग्री कालेज में कार्यरत महिला प्रवक्ताऐं भी कालेज परिसर से बाहर अनिवार्य रूप से इसका अनुपालन करती है। एम0एल0ए0 एवं एम0पी0 के परिवारों तथा उच्च सेवा में कार्यरत महिलाऍ भी पर्दा प्रथा से मुक्त नहीं है। मध्य एवं निम्न गरीब परिवारों मे तो इस प्रथा की अनिवार्यता का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। जनपद में दीनीतालीम देने के लिए बहुतायत में मकतब मदरसे संचालित है। इन मकतब मदरसों में धार्मिक शिक्षा अधिकांश बच्चों अधिकतर बालिकाओं को अनिवार्य रूप से दी जाती है। किन्तु विद्यालयी शिक्षा की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। अतः अनेक रूढिवादी परम्पराओं में जकडे समाज के गरीब तबके के लिए मकतब मदरसों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोलकर इन बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना होगा।

3– दीर्घकालीन बालिका ब्रिज कोर्स कैम्प/ग्रीष्म कालीन शिविर

समाज में बालिका शिक्षा पर कोई महत्व नहीं दिया जाता है । माता–पिता की लडकी की शादी करके अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेते है। कृषि प्रधान परिवारों में परिवार के अधिकांश सदस्य कृषि करते हेअथवा कृषि कार्य में सहयोग करते हैं किन्तु 9–14 वर्ष की बालिकायें /किशोरियॉ घर पर की कार्य देखती हैं, छोटे भाई बहनों की देखभाल कर उत्तरदायी निभाती हैं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन का प्रशिक्षण ही उनके लिए आवश्यक है। उससे उन्हे मुक्त नहीं किया जा सकता है। इस उम्र की अधिकांश लडकियों के लिए विशेषप्रकार के आवासीय अथवा गैर आवासीय जैसा उसस समाज को स्वीकार हो ,शिविरो की व्यवस्था करनी होगी। इन शिविरों में लडकियॉ न सिर्फ स्कूलों के समकक्ष समतायें अर्जित कर सकती हैं बल्कि जीवनकौशल जैसे– वैवाहिक जीवन सम्बन्धी स्वास्थ्य,कानून अधिकारी के प्रति सजगता आदि भी सीख सकती हैं । बालिकाओं को इन शिविरों के प्रति आकार्षित करने के लिए इन केन्द्र पर कढाई–बुनाई तथा सिलाई आदि की व्यवस्था करनी होगी। इन शिविरों की अवधि 4 से लेकर 18 माह तक आवश्यकता के अनुसार हो सकती है। दस दिवसीय ग्रीष्म कालीन बालिका शिविरों का आयोजना भी 9–14 वर्ष की ऐसी बालिकाओं के लिए किया जाना उपयोगी होगा ।

इन वर्ष जनपद में 25 ग्रीष्म कालीन शिविरों के माध्यम से लगभग 1000 बालिकाओं को केवल 10 दिन की अवधि में शिक्षा की मुख्यधारा से जोडा गया। यह कैम्प विशेष सफल एवं प्रभावी रहे अतः भविष्य में 10 दिव–सीय ग्रीष्म कालीन शिविरों का आयोजन करके 9–14 वर्ष कीविद्यायल से बाहर बालिकाओं को विद्यालयों में लाया जायेगा।

4– दीर्घकालीन ब्रिज कोर्स कैम्प

रामपुर में निर्धारक्षता एवं गरीबी बहुत हैं जिसके कारण बच्चों को जीविकोर्पाजन करने के लिए कुछ न कुछ कार्य करने को विवश होना पडता है। रामपुर में प्रमुख व्यवसाय /उद्योगों में कृषि,पेचवर्क,जरी का कार्य , बीडी फैक्ट्री, टोपी एवं चाकू निर्माण आदि प्रमुख है। जिनमें बच्च अधिक संख्या में कार्य करते हैं । अनेक बच्चे साईकिल , मोटरसाईकिल,कार,बढई,टेलर आदि की दुकानों पर जिविकोपार्जन के लिए अथवा कोई न कोई हुनर्स सीखने के लिए कार्य करते है। उनके लिए शिक्षा प्राप्त करना उतना महत्वपूर्ण नहीं हें । अतः ऐसे बच्चों की विषम पारिवारिक ,सामाजिक तथा अर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विशेष प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी।

रामपुर जनपद में 75 छह माह के ब्रिज कोर्स डी0पी0ई0पी0 द्वारा संचालित किये जायेगे एवं दो कैंप स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 6–14 वर्ष की बालिकाओं के लिए संचालित किये जायेंगे । जिनमे क्रमशः 3750 एवं 120 बच्चों /बालिकाओं को नामांकित कर शिक्षा के मुख्यधारा में लाया जायेगा।

इसके अतिरिक्त बालिका शिक्षा के अन्तर्गत जनपद मे छह माह के साज ब्रिज कोर्स कैम्प अनु0 जाति के 9–14 वर्ष के बच्चों के लिए प्रस्तावित है।इना कैम्पों के माध्यम से कुल 280 बच्चों को शिक्षा के मख्य धारा से जोडा जोयेगा।

शिक्षा गारन्टी योजना तथा वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा योजना :–

इस योजना को मुख्य रूप से तीन भागों में बॉटा गया है।

1 ब्रिज कोर्स व ग्रीष्मकालीन शिविर के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना।

2 स्वैच्छिक संगठनों द्वारा शिक्षा प्रदान करना।

3 स्वैच्छिक संगठनों द्वारा नवाचार एवं प्रयोगात्मक योजना।

लक्ष्य :–

शिक्षा गारन्टी योजना एवं नवाचार शिक्षा योजना का लक्ष्य समूह 6–11 वर्ष के बालक / बालिकाओं का है। इस योजना के अन्तर्गत 6–8 वर्ष के बच्चों की विशेष प्रयास करके औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश कराया जायेगा तथा 9–14 वर्ष के बच्चे जो पूर्व में विद्यालय छोड चुके हैं या विद्यालय में कभी पंजीकृत नहीं हुये हैं अथवा बाल श्रमिक घूमन्तु बच्चों को ग्रीष्माकालीन शिविर , ब्रिज कोर्स कैम्पों के माध्यम से मुख्य धारा से जोडा जायेगा तथा औपचारिक विद्यालयों में कभी भी किसी भी कक्षा में इसके लिये बच्चे उपयुक्त योग्य हों, मे प्रवेश दिलाया जायेगा

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो का मानक :–

ऐसी असेवित बस्तियॉ जहॉ एक कि0मी0 की परिधि में विद्यालय नहीं हैं तथा 6–1 वय वर्ग के बच्चों की संख्या 30 हो, वहॉ कक्षा–1 व कक्षा–2 की शिक्षा के लिये ई0जी0एस0 केन्द्र खोल जायेगे। जहॉ पर ई0जी0एस0 केन्द्र खोले गये हैं वहॉ पर ए0आई0ई0 केन्द्र नहीं खोले जायेगे।

वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा योजना :–

यह कार्यक्रम शाला त्यागी होने के कारण फलस्वरूप अधिक आयु होने के कारण मनोवैज्ञानिक दबाव होने के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंचित बच्चे, विशेषकर महिलायें , बाल श्रमिक को प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिये वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों जैसे ग्रीष्मकालीन शिविर, दीर्घ कालीन शिविर, ब्रिज कोर्स का आयोजन / वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को मुख्य धारा से जोडा जायेगा तथा मुस्लिम समुदाय द्वारा चलाये जा रहे मकतब / मदरसों में बालक / बालिकाओं को गुणात्मकपरक शिक्षा देने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में भी ए0आई0ई योजना की व्यवस्था की जायेगी।

वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा योजना के मानक :–

वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा योजना के अन्तग्रत झुग्गी/झोपडी, मलिन बस्तियों, बाल श्रमिको से आच्छादित बस्तियों आदि जहॉ पर 9–14 आयु वर्ग के शाला त्यागी एवं विद्यालय न जाने वाले कम से कम 20 बच्चे उपलब्ध होगे, यह केन्द्र स्थापित किये जायेगे। इन केन्द्रों में किसी भी समय बच्चों का प्रवेश लिया जा सकेगा। इन केन्द्रों में विभिन्न कक्षाओं की पढाई पूर्ण करके जिस स्तर के बच्चे होगे उनको कभी भी किसी भी समय कक्षा में प्रवेश दिलाया जायेगा।

ब्रिज कोर्स / ग्रीष्मकालीन शिविर :–

इस कार्यक्रम में सडक एवं प्लेटफार्म , मलिन बस्तियों, दुकानों, घुमन्तु बच्चों, नौकरी पेशा एवं कारीगरी करने वाले बच्चों , बाल श्रमिक , खतरनाक उद्योगों में लगे जिन्हें आयु 9–14 वर्ष की है। ग्रीष्मकालीन शिविर में शामिल किये जायेगें।

इन ब्रिज कोर्स / ग्रीष्माकालीन शिविरों का मुख्य उद्देश्य औपचारिक विद्यालयों से वंचित बच्चों को, औपचारिक विद्यालयों में लाये जाने का प्रयास किया जा रहा हैं

शिविर की अवधि :–

शिविर की अवधि आवश्यकतानुसार 4–18 माह तक की हो सकती है तथा न्यूनतम 50 बच्चे एक शिविर में सम्मिलित किये जायेगे। शिविर आवासी होगी तथा शिविर ऐसे स्थानों पर लगाये जायेगे जहॉ सुरक्षा की दृष्टि से स्थान उपयुक्त हो। इन शिविरों में बच्चों के रहने खाने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था निःशुल्क होगी। निर्धारित मानकों के अन्तर्गत एक केयर टेकर और एक पैरा टीचर उसमें एक महिला होगी एवं एक कुक एवं एक चौकीदार होगा।

वैकल्पिक एवं नवाचार ब्रिज कोर्स कार्यक्रमों की नियोजन प्रकिया :–

जनपद रामपुर मे वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचारकेन्द्र तथा ब्रिजकोर्स के निर्धारण के लिये जनपद में चल रहे डी0पी0ई0पी0 योजना के अन्तर्गत की गयी माइक्राप्लानिगं के आंकडों का प्रयोग किया गया है। यह माइक्रोप्लानिंग प्रत्येक वर्ष करायी जायेगी।

शिविरों के प्रस्ताव का अनुमोदन :–

वैकल्पिक एवं नवाचारशिक्षा केन्द्रो में प्रस्ताव के अनुमोदन के सम्बन्ध में सर्वप्रथम माइक्रोप्लानिंग के आंकडों के आधार पर पात्रता का विश्लेषण करने के उपरान्त ग्राम शिक्षा समिति अपना प्रस्ताव विकास खण्ड स्तरीय समिति जिसके अध्यक्ष बी.डी0ओ0 एवं सचिव सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी होगें। इस समिति मे विकास खण्ड का ग्राम प्रधान एवं एक वरिष्ठ प्रधान अ ध्यापक सदस्य होगें। प्रस्ताव की समीक्षा कर अपनी संस्तुति सहित प्रस्तावों को जिला शिक्षा समिति के सचिव को भेज देगे। जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक जिला प्राथमिक शिक्षासलाहकार समिति का गठन किया जायेगा। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावों को स्वीकृत करने एवं कार्यक्रम / अभियान के संचालन का दायित्व इसी समिति का होगा।

यह समिति निम्नवत् होगी :–

जिलाधिकारी	अध्यक्ष
विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य सचिव
प्राचार्य ,डायट	सदस्य
जिला स्तरीय श्रम विभाग का एक अधिकारी	सदस्य
जिला पंचायत अधिकारी	सदस्य
वित्त एवं लेखाधिकारी	सदस्य
कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य

स्वैच्छिक संगठनों के दो जिला अधिकारी
द्वारा नामित दो प्रतिनिधि सदस्य

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति के मुख्य कर्तव्य एवं दायित्व :–

जनपद में सफल ई0 जी0एस0 / ए0 आई 0ई0 संचालन हेतु जिला शिक्षा सलाहकार समिति को निम्नांकित दायित्व प्रस्तावित हैं।

शिक्षा गारन्टी / वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा हेतु सम्पूर्ण जनपद में माइक्रोप्लानिंग कर प्लानिंग कर आवश्यकतानुसार अपवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के प्रस्ताओं को ग्राम / विकास खण्ड स्तर से तैयार कराकर जिला स्तर पर प्रति माह समीक्षा करना एवं केन्द्र / ब्रिज कोर्स / ग्रीष्मा कालीन क्षेविशिष्ट सेमीनार / शिविर के प्रस्तावों को स्टेट सोसाईटी को प्रस्तुत करना।

कार्यक्रमों का कियान्वयन करना ।

अन्य विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कर कोनवर्जेन्स का संचालन करना।

कार्यक्रमों का नियमित अनुश्रवण करना एवं शिक्षण काग्रक्रम / कार्यशालाओं काआयोजन करना।

स्टेट सोसाईटी द्वारा उपलब्ध कराई गयी मदवार धनराशियों को विकास खण्ड स्तरीय समितियों के माध्यम से ग्राम शिक्षा समिति अथवा स्वैच्छिक संगठनों के कार्यक्रम से संचालनार्थ अग्रिम रूप में उपलब्ध कराना।

असेवित बस्तियों एवं शालात्यागी छात्र / छात्राओं के लिये शिक्षा गारन्टी केन्द्र वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र चरणबद्ध रूप से खोले जाने की व्यवस्था करना।

शिक्षा गारन्टी योजना तथा वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों का संचालन समय विशेष परिस्थितयों को छोडकर केन्द्रो के संचालन का समय देर शाम एवं रात में नहीं रखा जायेगा। यह केन्द्र प्रतिदिन चार घन्टे संचालित किये जायेगे।

अनुदेशक चयन :–

अनुदेशक यथा सम्भव उसी स्थान एवं समुंदाय का होगा जहॉ पर शिक्षा गारंटी केन्द्र / वैकल्पिक शिक्षा कन्द्र स्थापित किया जाना है। उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर बिल्कुंल निकट के गॉव का व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी। इस हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अनुदेशक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। अनुदेशक का चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आवेदन प्राप्त करके हाई स्कूल परीक्षा के अंकों के प्रतिशत को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा। ततपश्चात अनुदेशक को आमंत्रण प्त्र आदेश ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा। किसी अनुदेशक का काग्र सन्तोष जनक न होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति की 2 / 3 बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटाया जा सकता है। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

नगर क्षेत्र में खोले जोने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में अनुदेशक का चयन, जिला बेसिक शिक्षा, विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा अधीक्षक नगर क्षेत्र, सभासद सम्बन्धित वार्ड व नगर क्षेत्र का वरिष्ठतम प्रधान अध्यापक , शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा।

आवश्यकतानुसार मकतब / मदरसों में शिक्षण काय्र करने वाले मौलवी अथवा हाफिज द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक आर्हता रखने वाले तथा शिक्षण करने के इच्छुक होने की स्थित में मकतब / मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रो को प्राथमिकता दी जायेगी। सम्बनिधत मकतब की प्रबन्ध समिति द्वारा अर्ह व्यक्ति जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो को मकतब में संचालित होने वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रूपमें चयनित कर शिक्षण कार्य हेतु आमत्रिंत किया जायेगा।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जन समुदाय के अनुदेशक की आवश्य कता एवं उसके चयन के सम्बन्ध में जानकारी हो। ग्राम शिक्षा समिति से सम्बन्धित अनुदेशक हेतु प्राप्त आवेदन प्त्रों का विशलेषण कर उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बनाई जायेगी। चयन प्रक्रिया में लिखित तथा साक्षात्कार को भी यदि आवश्यक हुआ तो सम्मिलित किया जायेगा।

उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रो के लिये अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष की होगी जहॉ पर स्नातक अभ्यर्थी उपलब्ध न हो वहॉ पर इन्टरमीडियट उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी का चयन कियाजा सकता है।

अनुदेशक के चयन के सम्बन्ध मे अनुदेशक एवं ग्राम शिक्षा समिति के मध्य एक संविदा प्रपत्र भरा जायेगा जो निर्धारित प्रारूप पर एनेक्सर के साथ संलग्न किया जायेगा।

अनुदेशक का प्रशिक्षण :–

अनुदेशक का तीस दिवसीय प्रशिक्षण जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान अथवा ब्लाक रिर्सोस सेन्टर पर आयोजित किया जायेगा । प्रत्येक चयनित अनुदेशक का एक माह का प्रशिक्षण जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उायट के प्रवक्ताओं / सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी / एस0डी0आई0 / ब्लाक प्रोग्राम आधिकारी, ब्लाक रिर्सोस पर्सन तथा योग्य अध्यापक द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु 15000 प्रति अनुदेशक की दर से धनराशि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षण अवधि में अनुदेशकों को मानदेय के रूप में कोई धनराशि देये नही होगी।

अनुदेशक मानदेय वितरण :–

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के प्रारम्भ होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुदेशक के मानदेय की धनराशि 1000/– प्रति अनुदेशक की दर से सम्बन्धित ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित कर दी जायेगी। जिसे अध्यक्ष सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा अनुदेशक को चेक के माध्यम से माह के प्रथम सप्ताह मे अनिवार्य रूप से उपलबध करा दिया जायेगा। मानदेय की एक बार में छः माह की अग्रिम धनराशि ग्राम शिक्षा समिति के खातों में स्थानान्तरित कर दी जायेगी।

नगर क्षेत्र मे संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशकों के मानदेय का भुगतान शिक्षा अधीक्षक नगर / प्रोग्राम अधिकारी /प्रोग्राम पर्सन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सुयुक्त रूप से अनुदेशक के सन्तोषजनक कार्य किये जाने पर किये जायेगें। इस प्रकार की धनराशि काय्रक्रम से सम्बन्धित अधिकारी को उपलब्ध कराई जायेगी। यह धनराशि नगर क्षेत्र के सम्बन्धित सभासद / प्रधानाध्यापक के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित की जायेगी । तत्पश्चात चेक द्वारा अनुदेशके को भुगतान किया जायेगा।

पर्यवेक्षण :–

शिक्षा गारन्टी एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के सफल संचालन हेतु अकादमिक सहयोग एवं नियमित पर्यवेक्षण का कार्य ए0बी0एस0ए0 / एस0डी0आई0 / ब्लाक रिसोर्स पर्सन / ब्लाक रिसोर्स सेन्टर / एन0 पी0आर0 सी0 केन्द्रो के प्रभारियों द्वारा किया जायेगा। नगर क्षेत्र में यह कार्य शिक्षा अधीक्षक / नगर प्रोग्राम अधिकारी / नगर रिसोर्स पर्सन / सहायक शिक्षा अधीक्षक / जनपद नगरीय अधिकारियों किया जायेगा। न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र प्रभारी / बी0आर0सी0 प्रभारी द्वारा अनुदेशक की वार्षिक बैठके भी ली जायेगी। जिसमें बलाक अधिकारी / रिसोर्स पर्सन / सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी / जिलाबेसिक शिक्षा अधिकारी / उप बेसिक शिक्षा अधिकारी भी समय –समय पर इन बैठकों मे अनुश्रवण करेगें। निकटस्थ प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों का भी कर्तव्य हागा कि वे लगातार इन केन्द्रो कापर्यवेक्षण करते रहेगें। न केवल ग्राम शिक्षा समिति / विकास खण्ड स्तरीय समिति के पदाधिकारियों को अपनी आख्याओं से अवगत कराते रहेगे।

ग्राम अशिक्षा समिति भी नियमित रूप से इन केन्द्रों के संचालन पर नजर रखेगी और समय–समय पर अपने सुझाव अनुदेशक / अनुदेशिका को देगी। डायट में डी0आर0यू0 प्रभारी एवं उनके अधीनस्थ सभी अभीकर्मी भी इन केन्द्रों का नियमित पर्यवेक्षण करेगें। पर्यवेक्षण का कार्य उपरोक्त सभी अधिकारियों द्वारा एक रोस्टर / प्रणालियों द्वारा किया जायेगा ताकि सार्वभौमिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो सके।

निःशुल्क शिक्षण सामग्री :–

प्रत्येक शिक्षा केन्द्र को साज सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु आवश्यक धनराशि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के खाते में सीधे स्थानान्तरित की जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्धारित बाजार मूल्य पर नियमानुसार क्रय करके केन्द्र अनुदेशकों को सामग्री उपलब्ध कराई जाईगी। शिक्षा केन्द्रों पर नामांकित सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी / ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी तथा इस धनराशि का समायोजन शिक्षण सामग्री मद, रूपया 845/– प्रति प्राथमिक तथा रूपया 1200/– प्रति उच्च प्राथमिक केन्द्र की दर से दिया जायेगा। शिक्षण सामग्री मद का 5 प्र0 राज्य / जनपदीय प्रबन्धन हेतु क्रय किया जायेगा। शिक्षा गारन्टी / वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित औपचारिक शिक्षा केन्द्र पाठय पुस्तकें ही सम्प्रति उपयोग में लाई जायेगी।

छात्र / छात्रओं का मूल्यांकन :–

अनुदेशक द्वारा वैकल्पिक शिक्षा गारन्टी केनद्रो में प्ढने वाले बच्चों का सतत एवं नियमित मूल्याकंन किया जायेगा। इसके लिये अनुदेशक द्वारा नियमित दैनिक डायरी तैयार की जायेगी। बच्चों का तिमाही /छमाही तथा वार्षिक मूल्यांकन मौखिक तथा लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। साथ ही यह प्रयास किया जायेगा कि वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में प्ढने वाला प्रत्येक बच्चा शीघ्र अनौपचारिक विद्यालय की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में जिसके लिये वह योग्य हो, वह भी समय से प्रवेश पा सके अनुदेशक का यह दायित्व होगा कि उनके केन्द्र पर प्ढने वाले बच्चे शीघ्र अति शीघ्र एवं अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा मे प्रवेश पाते रहें। इसी परिप्रेक्ष्य में अनुदेशक का मूल्यांकन भी ग्राम शिक्षा समिति / विकासखण्उ स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जोयगा। अनुदेशकों द्वारा बच्चों के अध्ययनरत अवधि में उनके व्यवहारिक स्तर में आय सुधार से अभिभावकों एवं ग्राम शिक्षा समिति को लगातार अवगत कराया जायेगा।

केन्द्रो में अध्ययनरत बच्चे जो कक्षा 5 हेतु निर्धारित पाठयक्रम पूण्र कर लेगे, उनकी वार्षिक परीक्षा बेसिक शिक्षा परिषद , उ0प्र0 द्वारा निर्धारित परीक्षा प्रणाली के आधार पर निकट के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कराई जायेगी।

प्रबन्धक लागत :–

उक्त केन्द्रो की अधिकतम लागत में 5 प्रति0 राज्य एवं जिला / विकास खण्ड स्तर पर प्रशासनिक / प्रबन्धन पर होने वाला व्यय भी सम्मिलित है।

विकास खण्ड स्तर पर प्रबन्धन की अधिकतम लागत निम्नवत रखी जायेगी:-

80–100 केन्द्रों के मध्य	2.50 लाख रूप्या प्रति वर्ष
50–80 केन्द्रो के मध्य	2 लाख रू0 प्रति वर्ष
25–50 केन्द्रो के मध्य	1 लाख रू0 प्रति वर्ष
25 केन्द्रो से कम	100 रू0 प्रति छात्र / छात्रा प्रति वर्ष

ब्रिजकोर्स / ग्रीष्मकालीन / क्षेत्र आधारित कोर्स :-

ब्रिजकोर्स / ग्रीष्मकालीन / क्षेत्र आधारित शिविर सडक, प्लेटफार्म, मलिन बस्तियों , दुकानों , घुमन्तु बच्चों, नौकरी पेशा , कुलीगीरी करने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चों जिनके अभिभावक जेल में है अथवा बाल श्रमिको / खतरे में उद्योगों में लगे बच्चे जिनकी आयु 9–14 है, के लिये ब्रिजकोस्र / ग्रीष्मकालीन / क्षेत्र विशिष्ट आधारित शिविर संचालित किये जायेगे।

यह ब्रिज कोर्स / ग्रीष्मकालीन / क्षेत्र विशिष्ट आधारित शिविरों का मुख्य उददेश्य औपचारिक विद्यालयों से वंचित रहे इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जायेगा। प्रत्येक ब्रिजकोर्स. ग्रीष्मकालीन, क्षेत्र विशिष्ट आधारित शिविरों मे। 9–14 वर्ष तक के न्यूनतम 50 बच्चे सम्मिलित किये जोयेगे तथा यह शिविर आवासीय होगें। इन शिविरों में बच्चों के रहने , खाने पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवथा निःशुल्क होगी। निर्धारित मानकों के अन्तर्गत ब्रिजकोर्स / शिविरो के लिये एक केयर टेकर, 2 पैरा टीचर एक रसोईया, एक

चौकीदार की आवश्यकता होगी और इनका चयन मानक प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा जिसके लिये जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अल्पकालीन अवधि हेतु संविदा के अन्तर्गत व्यवस्था की जायेगी। केयर टेकर / अनुदेशक के व्यवस्था छात्र / छात्रओं के लिये निःशुल्क शिक्षण सामग्री आदि के लिये वित्तयी मानक प्राईमरी एवं अपर प्राईमरी की भॉति रखी जायेगी । केवल आवासीय व्यवस्था, खाने पीने की निःशुल्क व्यवस्था एवं साज सज्जा आदि के लिये अतिरिक्त धन की व्यवस्था की जायेगी। अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था मे ग्राम पंचायत / ग्राम शिक्षा समिति / जन समुदाय का सहयोग / कुछ अंशदान प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा। ब्रिजकोर्स खोलने हेतुं उस क्षेत्र को प्राथमिकता दी जायेगी जहॉ पर निःशुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध हो सके। यह भी ध्यान रखा जायेगा कि ब्रिजकोस विकास खण्ड / जनपद मुख्यालय में स्थापित हो।

ब्रिजकोर्स का संचालन ग्रामीण / नगर क्षेत्र के मुख्यालयों में किया जायेगा। आवासीय व्यवस्था यदि निःशुल्क प्राप्त हो जाये तो उस क्षेत्र / स्थान को प्राथमिकता दी जायेगी। ब्रिजकोर्स / शिविरों की अवधि 4 माह से 18 माह तक रखी जायेगी। इस हेतु रूप्ये 3000/– प्रति छात्र / छात्रा धनराशि अनुमन्य होगी और इसी मानक धनराशि से सम्पूर्ण व्यवस्था की जायेगी।

विकलॉग बच्चों के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :–

जनपद रामपुर में न पढने वाले विकलॉग बच्चों की संख्या है। इन बच्चों का विकास खण्डवार चिन्हाकन कर प्राथमिकता के आधार पर ई0जी0ए0 / ए0आई0ई0 केन्द्रो की स्थापना की जायेगी।

विकलॉग बच्चों के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र पर अधिकतम 14 वर्ष के स्थान पर 18 वर्ष की आयु तक रखने का प्रावधान है। इसमकें न्यूनतम छात्र संख्या 15 से कम भी कम किये जोने का प्रस्ताव है। इस ग्राम/ बस्ती / मजरे / टोले / मुहल्ले में विकलॉग बच्चे हैं उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर छात्र संख्या एवं पूर्व में पूरी छूट दी जाये। कोई भी विकलॉग शिक्षा से वंचित न रह जाये इस बात का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। चलने में यदि असमर्थ हैं तो उसके धर पर केन्द्र खोला जायेगा अथवा साईकिल अथवा बैसाखी उपकरणों की आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध करना प्रस्तावित है।

बालिकाओं के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :–

जिन ग्रामों / बस्तियों / मजरों / टोलों / मुहल्लो में बालिका साक्षरता दर न्यूनतम है ऐसे ग्रामों में बालिका वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जायेगे तव महिला अनुदेशिका की व्यवस्था की जायेगी। इसमें सामुदायिक सहभागिता , कला जत्था, महिला मंगल दल, मॉ बेटी मेला , किशोरी संघ आदि के सहयोग से चेतन जागृति एवं बालिका शिक्षा मे रूचि को बढाने का प्रयास किया जायेगा। महिला साक्षरता दर में न्यूनतम के आधार पर ब्लाकों में बालिका शिक्षा केन्द्र प्राथमिकता के आधार पर खोले जायेगें।

अल्पसंख्यकों के लिये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :-

जनपद का अधिकांश 6-14 आयु वर्ग का निरक्षर अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बन्धित है। जो केवल मकतब मे धार्मिक शिक्षा अनुग्रहण करता है। इस कार्यक्रम में मकतबों मदरसों में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जायेगें तथा इन मकतबों / मदरसों में उसी धर्म का व्यक्ति यदि हाई स्कूल उत्तीर्ण है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर अनुदेशक के रूप में चिन्हित किया जायेगा और वहॉ पर निःशुल्क शिक्षा की पाठय पुस्तकें उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा जायेगा।

रणनीति

सारणी संख्या–7.7

स्कूल से बाहर बच्चों क ब्लाक वार विवरण(31–7–2003की स्थिति)

स्कूल से बाहर बच्चों का आयुवार विवरण

	5+से 11वर्ष			11+से 14वर्ष			योग(5+से 14 तक)		
ब्लाक का नाम	वालक	वालिका	योग	वालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
स्वार	1058	611	1669	695	1877	2772	1953	2488	4441
सैदनगर	363	340	703	146	304	450	509	644	1153
चमरौआ	48	138	186	698	672	1370	746	810	1556
बिलासपुर	589	543	1132	168	163	331	757	706	1463
मिलक	219	199	418	63	63	126	282	262	544
शाहबाद	153	61	214	429	1045	1474	582	1106	1688
नगर क्षेत्र	897	368	1265	132	337	469	1029	705	1734
योग–	3327	2260	5587	2331	4461	6992	5858	6721	12579

कुल 12579 स्कूल से बाहर बच्चों मे से 3750 को 2/6 माह के ग्रैर आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्पों द्वारा,120 बच्चों को एन0जी0ओ0 संचालित 6 माह के दो आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्पो द्वारा , 280 बच्चों को गैरआवासीय 6 माह के (एस0सी0) कैम्पों द्वारा,लगभग 1450 बच्चों को नवीन संचालित होने वाले ई0जी0एस0/ए0एस0 केन्द्रों के द्वारा तथा लगभग 1000 बालिकाओं ग्रीष्म कालीन शिविरां द्वारा,280 बच्चो को ए0आई0केन्द्रो द्वारा शिक्षा की मुख्य धारा से जोडकर प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जायेगी। इस प्रकार कुल 6880 बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा जायेगा।

प्रस्तावित ब्रिज कोर्स कैम्प वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रो की आवश्यकता का ब्लाकवार विवरण–:

कुल 12579 स्कूल से बाहर बच्चों में से 6880 को ई0जी0एस0/आई0ए0एस/ ब्रिज कोर्स कैम्प/ग्रीष्म कालीन शिविर /आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्पो/ए0आई0ई0 केन्द्रो के माध्यम से शिक्षा की मुख्य धारा में जोडा जाना प्रस्तावित करने के बाद शेष बचे कुल 5699 बच्चों का ब्लाक वार बच्चों का विवरण एव् केन्द्रो की आवश्यकता निम्नवत् होगी।

सारणी संख्या–7.9

स्कूल से बाहर अवशेष बच्चों की संख्या एवं केन्द्रो की आवश्यकता

ब्लाक का नाम	स्कूल से बाहर बच्चो की संख्या 9से14वर्ष	प्रस्तावित केन्द्रो/शिविरों का प्रकार एवं संख्या		
		ग्रीष्म कालीन शिविर	ब्रिजकोर्स कैम्प (2 माह)	ए0आई0ई0 (उ0प्रा0)
स्वार	2741	13	15	3
सैदनगर	433	8	10	2
चमरौआ	766	10	10	1
बिलासपुर	523	7	10	3
मिलक	4	–	15	–
शाहबाद	408	8	6	6
नगरक्षे.त्र	814	14	9	–

योग–		5689	60		75	15

क0सं0	गतिविधि	2–3	3–4	4–5	5–6	6–7
1	ग्री0का0शि0	60	60	60	60	60
2	ब्रि0कोर्स	75	75	75	75	75
3	ए0आई0ई0	0	14	15	0	0

6–9 वर्ष के बच्चों नामांकित हो चुके है। 9–11 वर्ष के शेष 5689 बच्चों में से अधिकांश बच्चों को केन्द्रों अथवा विद्यालयों में दिसम्बर,2003 तक भर्ती कर दिया जायेगा। 11–14 वर्ष के बच्चों के लिए जूनियर स्तर के ए0आई0ई0 केन्द्र तथा शाला त्या गी बच्चों के लिए 30 ग्रीष्म कालीन शिविर (10) दिवसीय तथा 75 ब्रिज कोर्स कैम्प (2/6 माह के) प्रस्तावित किये जा रहे है।

इस वर्ष जनपद 92 प्राथमिक एवं 66 उच्च प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत होने के फलस्वरूप अगले वर्ष 115 विद्या केन्द्रो में से लगभग 50 विद्या केन्द्र बन्द हो जायेगे। उनके स्थान पर यदि आवश्यकता होगी तो नवीन स्थलों पर विद्या केन्द्र स्थापित किये जायगे जनपद को ई0जी0.एस0 केन्द्रों की आवश्यकता नहीं होगी।

सारणी संख्या 7.10

प्रस्तावित ग्रीष्म कालीन शिविरों ब्रिज कोर्स कैम्पों,ए0आई0ई0 केन्द्रो आदि का ब्लाकवार एवं माडलवार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था हेतु विवरण।

क0सं0.	ब्लाक का नाम	प्रस्तावित केन्द्रो /शिविरों का प्रकार एवं स्तर(जूनि0/प्रा0) प्राथमिक स्तर की शिक्षा हेतु		उच्च प्रा0स्तर की शिक्षा हेतु		
		शाला त्यागी बच्चों हेतु ग्रीष्म कालीन शिविरों की संख्या	शाला त्यागी बच्चों हेतु बिज्र कोर्स (2/6माह) के शिविर		ए0आई0ई0 केन्द्रो की संख्या	
1	स्वार	9	15		3	
2	सैदनगर	2	10		2	
3	चमरौआ	5	10		1	
4	शाहबाद	5	6		6	
5	बिलासपुर	2	10		3	
6	मिलक	5	15		–	
7	नगर क्षेत्र	2	9		–	
	योग–	30	75		15	

सारणी संख्या–7.11

जूनियर स्तर के वे0 शि0 केन्द्र (ए0आई0ई0) हेतु असेवित ग्रामो

की ब्लाक वार सूची जनपद– रामपुर

क0सं0	असेवित ग्राम का नाम	उच्च प्रा0 से दूरी	आबादी	ब्लाक का नाम
1	औरंगनगरखेडा	3.5 किमी0	650	बिलासपुर
2	बदनपुर	3.25किमी0	780	बिलासपुर
3	हजरतपुर	3.25किमी0	650	बिलासपुर
4	रूस्तमनगर नि0रायपुर	3 किमी0	700	स्वार
5	शिवनगर नि0असालपुर	3 किमी0	600	स्वार
6	पीपलीनायक	2.5 कमी0	650	स्वार
7	कजरहाई	3 किमी0	625	चमरौआ
8	रूपपुर	3.5 किमी0	500	शाहबाद
9	दरखेडा	3 किमी0	450	शाहबाद
10	रायपुर	3 किमी0	500	शाहबाद
11	नवाबपुरा	3.25किमी0	450	शाहबाद
12	टुकुरिया	3 किमी0	425	शाहबाद
13	मियागंज	3 किमी0	350	शाहबाद
14	बेदूखेडा	3 किमी0	600	सैदनगर
15	बेनजीर	3 किमी0	900	सैदनगर

विशिष्ट बर्ग के बच्चो के लिए समेकित शिक्षा::–

भारत की लगभग 10 प्रतिशत किसी न किसी विकलांगता से ग्रसित है । शिक्षा के सार्वजनिकरण के लक्ष्य को तब तक प्राप्त नही किया जा सकता है जब तक कि जो बच्चे विकलांग है उनको विद्यालय में न लाय जा सके । बच्चो की विगलांगता का प्रभाव बच्चो के व्यक्तित्व का प्रभावित करता है ।कुछ बच्चे ऐसे होते हैं । जो विकलांग होने के बावजूद शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करते है एवं उनमें शिक्षा प्राप्त करने की भावना होती है । लेकिन विकलांग एवं सुविधाओ के अभाव में वह अशिक्षित रह जाते है ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विकलांग बच्चो की शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है ।

अक्षमता के प्रकार:–

1– श्रवण सम्बन्धी अक्षमता

2–द्वि टि सम्बन्धी अक्षमता

3–अस्थि सम्बन्धी अक्षमता

4–मानसिक अक्षमता

5– अधिगत अक्षमता

विकलांगता के कारण:–जहॉ तक विकलांगता के शरीर मे जाये जाने का प्रश्न है यह दो प्रकार की होती है।

1– जन्म से :– यह विकलांगता बच्चे में जन्म से पायी जाती है ।

2– जन्म के पश्चात:–यह विकलांगता बच्चे मे जन्म लेने के पश्चात कभी भी हो सकती हे । अकारण विकलांगता जैसे– दुर्घटना के कारण कुछ प्रकरणो मे सह विकलांगता वातावरण एवं रासायनिक प्रभावो से भी हो सकती है । कभी–कभी किसी प्रकार सक्रमण के कारण भी विकलागता द्रष्टिगत होती है विशिष्ट अवश्यकता वाले बच्चो के सामाजिक गतिविधियो मे भाग न ले पाने के कारण उनमें आत्मनिर्भरता में कभी भी भावना उत्तरदायित्व निर्वाहन क्षमता का अभाव जैसी भी परिस्थितियॉ परिलक्षित होती हैं। जिस कारण अपने आपको समाज में उपेक्षित महसूस करते है जो उनके मानसिक विकास को ऋणात्मक रूप में प्रभावित करते हैं। वस्तुतः सहपाठी, परिवार शिक्षा व समाज की जिम्मेदारी बन जाती है कि इन बच्चों पर अत्यधिक ध्यान दिया जाये और उन्हें प्रोत्साहित किया जाये। विभिन्न शिक्षक अभिभावक व बुद्धिजीवियों के मतानुसार अक्षम बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिये विशिष्ट तकनीकी एवं विशिष्ट विद्यालयों की आवश्यकता है। परन्तु यह प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं हमारे प्रयास में कमी अवश्य है। यदि परिवार विद्यालय व समुदाय इन बातों के प्रति ध्यान दे तो विशिष्ट बालकों को शिक्षा ग्रहण करायी जा सकती है। आवश्यकता है इस प्रकार के बच्चों के प्रति सकरात्मक दृष्टिकोण की उचित निर्देशन की सही मार्ग दर्शन की सहानुभूति की उचित परिवेश के पालन पोष्ण की जिससे इस प्रकार के बच्चों के जीवन को सुखमय बनाया जा सके।

जनपद रामपुर में इस वर्ष 2001-2002 में 0 से 14 वय वर्ग चिन्हांकन एंव नामांकन के पश्चात 3153 विकलांग बालकों को चिन्हांकन किया गया जिनमें विकलांग बालकों की संख्या 2100 है जबकि 1050 विकलांग कत्विकाए है। इनमें से 2271 बच्चों को विद्यालय में नामांकित किया गया है।

डी0पी0ई0पी0 योजना में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत किए गए कार्यो का विवरण :-

जनपद में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दो विकास खण्डों में कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है जो निम्नलिखित है।

(1) **मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण** :- जनपद में चयनित दो विकास खण्ड के लिए पयनित मास्टर ट्रेनर्स की संख्या 9 है जो अमर ज्योति रिटेलविलिटेशन एण्ड रिसर्च सेन्टर नई दिल्ली एंव उ0प्र0 विकलांग केन्द्र सरल रिसर्च सोसायटी इलाहाबाद में प्रशिक्षित कराये गये है।

(2) **प्रशिक्षण** :- जनपद के दो चयनित विकास खण्ड बिलासपुर एंव सैदनगर में परिषदीय प्राथमिक विद्यालयो कें शिक्षकों का प्रशिक्षण लगभग पूर्ण हो चुका है। जनपद में चयनित दो विकासखण्ड में 2107 शिक्षा जिनमें 358 शिक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जा चुका है।

(3) **शैक्षिक सामग्री** :- शैक्षिक सामग्री का मुद्रण कराकर सी0आर0सी0 एन0पी0आर0सी0 व विद्यालयों मे वितीत कर दिया गया है।

(4) **मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प** :- दोनो चयनित विकास खण्ड में तीन मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया गया है जिसमें कुल 442 विकालंग बच्चों का परीक्षण कराया गया है।

(5) **स्वास्थ्य परीक्षण** :- विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने को कार्य प्रगति पर है।

(6) **उपकरण व उपस्कर वितरण** :- मेडिकल एसेसमेन्ट केम्प के द्वारा बच्चों के लिए वाछित उपस्कर एंव उपकरण उपलब्ध कराने के लिए विकलांग कल्याण विभाग एंव स्वंय सेवी संगठनों के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

(7) **समुदाय का सवेंदीकरण एंव मार्ग दर्शन** :- ग्राम पंचायत न्याय पंचायत एंव विकासखण्ड स्तर पर अक्षम बच्चों के सहपाठी, शिक्षकों और अभिभावकों का मार्गदर्शन किया जा रहा है।

सर्व शिक्षा अभियन के अन्तर्गत विकलांगता बच्चों को शिक्षित करने के लिए समेकित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। एंव शिष्टि आवश्यकता वाले बच्चां को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सुनियोजित कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वंय सेवी संगठनों का योगदान महत्वपूर्ण एंव प्रभावी रहता है। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षार्थ इन संगठनों को प्रत्साहित किया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम :-

(1) **नामांकन** :-

- सभी अक्षम बच्चों का नामांकन कराकर उनकी 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए छात्रों, उनके सहपाठी उनके परिवार एंव समुदाय का संवेदीकरण एंव मार्गदर्शन किया जाना प्रस्तावित है इस के लिए वातावरण सृजन संगोष्ठी का आयोजन न्याय पंचायत, विकास खण्ड एंव जिला स्तर पर किया जाएगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से अक्षम बच्चों को शिक्षित करने पर ध्यान, सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओ, उपस्कर एंव उपकरण उचित ढंग से प्रयोग एंव रखरखाव की जानकारी प्रदान की जाएगी।

- सभी नामांकित विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों सी0सी0डब्ल्यू (एन0) का मेडिकल ऐसेसमेन्ट जनपद में समस्त न्याय पंचायत स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। एक आई स्पेशलिस्ट एक ई0एन0टी0 सर्जन, एक आर्थोपेडिक सर्जन एंव एक साइक्लोजिस्ट की टीम द्वारा यह कार्य किया जाएगा इस कैम्प के द्वारा अक्षम बच्चों की विकलांगता का प्रकार प्रतिशत एंव उनके लिए आवश्यक उपकरण का निर्धारण किया जाएगा एंव विकलांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।
- समाज कल्याण विकलांग कल्याण विभाग एंव स्वंय सेवी संगठनों के माध्यम से समस्त जनपद में उपकरण वितरण शिविर लगाकर चिन्हित विकलांग बच्चों को उपस्कर एंव उपकरण उपलब्ध करया जाना प्रस्तावित है। इस के लिए जिला परियोजना कार्यलय भी अतिरिक्त बजट द्वारा प्रयास करेगा।
- जनपद के समस्त प्राथमिक शिक्षकों को समेकिता शिक्षा का शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कराया जाना प्रस्तावित है। जिससे वे अक्षम छात्रो/छात्राओं की समस्याओं और उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं के बारे में जान सके एंव उपयुक्त शिक्षण विधियों के द्वारा उनका शैक्षिक स्तर उन्नत कर सकें।
- जनपद स्तर पर दो काउन्सलर्स तथा प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर काउन्सलर्स के पद का सृजन किया जाना प्रस्तावित है। जो विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का सामान्य बच्चों उनके परिवार एंव समाज के साथ समन्वय स्थापित करने उन्हे मार्गदर्शन देवो साथ ही साथ उनके दैनिक जीवन में अने वाली कठिनाइयों शारीरिक एंव शैक्षिक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सके एंव उन्हें शिक्षा प्रदान करा कर समाज की मुख्यधारा मे जोड़ सके। वह यह भी प्रयास करेंगे कि प्रत्येक बच्चें की समस्याओं का निदान हो जाए।

- जनपद स्तर एंव प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर एक रिसोर्स सेन्टर की स्थापना की जाएगी। जिसकी सभी प्रकार की विकलांगताओं से सम्बन्धित शैक्षिक सहायक सामग्री उपलब्धता करायी जानी है। इसके अतिरिक्त विकलांग बच्चों के जीवन एंव रहन सहन स्तर को उठाने के लिए अध्यापक मास्टर्स टैक्र्स, अभिभावकों की संगीष्ठि इत्यादि करवा दी जायगी।
- विशिष्टि आवश्यकता वाले बच्चों की कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए सामुदाय का संवेदीकरण एंव मार्ग निर्देशन करने के लिए जनपद की समस्त ग्राम शिखा समिति का प्रशिक्षिण कराया जायगा ताकि ग्रामीण समाज के लोगों को भी समेकित शिक्षा से जोड़ा जा सके परन्तु सामाजिक स्तर पर भी विकलांग बालकों को भावानात्मक समय एंव अनुकूल वातावरण प्रापत हो सके। सभी विकलांग एंव सामान्य बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायगा।
- समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विकलांग बच्चों की आवश्यकतानुसार भवन बनाया जाना प्रस्तावित है। अभिभावक परामर्श केन्द्र - विकलांग बच्चों की आवश्यकतानुसार अभिभावक परामर्श केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित है।
- स्पेशल कैम्प व वोकेशनल कैम्प-इन कैम्पों में बच्चों का वोकेशनल प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है।

[illegible]

[illegible] : [illegible]

टोटल डिस्ट्रिक

क्र. सं.	[illegible]	[illegible]			[illegible]								[illegible]						[illegible]							
													[illegible]				[illegible]				[illegible]		[illegible]		अन्य	
		बा.	बा.लि.	कुल	बा.लि.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बा.लि.	बा.	बालि.	बा.	बालि.	बा.	बालि
1	S[illegible]hagar	365	16[illegible]	55[illegible]			[illegible]	[illegible]	[illegible]	93	355	56	316	162	42	19	06	03	390	171	13	07	09	00	-	-
2	[illegible]aspur	324	62	486	-	-	-	-	22[illegible]	98	102	64	18[illegible]	87	143	76	13	06	264	143	26	05	2	08	-	-
3	Chamrawa	262	4[illegible]	4[illegible]	-	-	6	3	20[illegible]	2[illegible]	43	15	91	64	53	72	04	03	25[illegible]	142	04	01	0[illegible]	0[illegible]	02	01
4	Milak	40[illegible]	240	649	07	10	26	13	204	184	82	33	284	190	92	27	18	08	279	172	18	13	[illegible]	04	83	43
5	Shahbad	313	142	455	04	[illegible]	09	04	276	123	22	10	243	113	57	20	15	09	276	125	18	06	04	02	-	-
6	Swar	615	582	1197	15[illegible]	8[illegible]	139	[illegible]	2[illegible]	119	221	105	380	160	116	64	84	45	644	30[illegible]	55	28	27	08	-	-
	Total	249	126[illegible]	375[illegible]	167	9[illegible]	222	[illegible]	1476	738	626	315	1795	776	606	277	140	74	2059	1059	134	60	73	28	85	44
					[illegible] 598				3153				2100+1053 = 3153				2491 + 1260 = 3751									
					39[illegible]+207 = 598								2271+3882 = 3153													

S.N.	[illegible] Block	[illegible] Survey [illegible]	[illegible]		[illegible]		[illegible]		Class IV		[illegible]		Total		
			Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys
1	2		3				5		6		7		8		
1.	Saidnagar	104	62	[illegible]	65	45	48	19	51	46	79	36	316	162	478
2.	Bilaspur		[illegible]	28	47	18	32	18	24	12	20	10	181	87	268
3.	Chamrawwa	116	32	27	24	17	21	12	07	09	07	08	91	64	155
4.	Milak		58	44	57	42	76	56	64	35	29	13	284	190	474
5.	Shahbad	142	[illegible]	[illegible]	[illegible]	27	[illegible]	27	62	20	42	20	243	113	356
6.	Swar		48	28	69	78	87	40	78	32	57	12	380	160	540
	Total		301	160	364	187	320	168	276	154	234	87	1495	776	2271
			487		534		488		430		331		2271		

[illegible] INTEGRATED CHILDREN DISABILITY WISE

Name of District : Rampur   Total District

S.No.	Name of Block	No. of Survey Centres							MR				Total		
			Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys
1	2		3		4		5		6		7		8		
1.	Saidnagar	104	[illegible]	02	10	05	295	152	06	03	-	-	316	162	478
2.	Bilaspur			04	18	04	143	77	10	02	-	-	181	87	268
3.	Chamrawwa	118	10	01	02	01	87	56	00	01	01	[illegible]	91	64	155
4.	Milak		18	11	30	15	21[illegible]	140	20	16	14	[illegible]	284	190	474
5.	[illegible]	[illegible]	[illegible]	07	[illegible]	[illegible]	[illegible]	97	03	02	-	-	243	[illegible]	3[illegible]6
6	[illegible]		18	08	28	10	307	137	30	05	-	-	380	[illegible]	540
	Total	Total	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	663	69	29	15		1495	776	2271
			198		144		1906		98		2[illegible]		2271		

अध्याय–8

ठहराव में वृद्धि के लिये कार्यक्रम

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिये अब तक के अनुभव के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विद्यालयों में बालक एवं बालिकाओं को प्रवेश दिलाया जा सकता है। लेकिन कई स्थानीय कारणों से ठहराव में वृद्धि न होने के कारण ह्रास की समस्या आती है। सर्व शिक्षा अभियान में ठहराव में वृद्धि के लिये आवश्यक प्रयास किये जा रहे है जो निम्नवत् हैं:–

सारणी–8.1

क्रमांक	विवरण(सुविधा का नाम	प्राथमिक स्तर	उ0प्राथमिक स्तर
1	विद्यालयों का पुर्ननिर्माण	50	0
2	अतिरिक्त कक्षा–कक्ष	1000	34
3	पेयजल सुविधा	–	–
4	शौचालय	100	20
5	चहारदीवारी	0	0
6	साज सज्जा(सौन्दर्यीकरण)	–	–

प्राथमिक स्तर पर अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की मॉग निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर मॉगी गयी है।

1 एक कक्षीय 06 विद्यालयों में प्रत्येक में दो अतिरिक्त कक्षा–कक्ष।

2 दो कक्षीय 774 विद्यालयों में प्रत्येक में एक अतिरिक्त कक्षा–कक्ष।

योग-- कुल अतिरिक्त कक्षा–कक्ष 781

उपरोक्त में से डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत वर्ष 1999–2000, 2001–2002 के अन्तर्गत 302 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण प्रस्तावित है। अतः कुल 1000 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की आवश्यकता है।

वर्ष 2005-06 में ...05....... प्राथमिक एवं ...05... उच्च प्राथमिक विद्यालयों का आकंलन प्रस्तावित है।

एम.आई.एस. एवं नवीन सर्वे के अनुसार प्राथमिक स्तर पर शौचालय की आवश्यकता का प्रस्ताव निम्नवत् है।

वर्ष	प्रस्तावित लक्ष्य	
2004-05	50	
2005-06	50	
2006-07	—	
योग	100	

कुल लक्ष्य 100 रखा है।

वर्ष	2001–2	2002–03	2003–4	2004–5	2005–6	2006–7	2008–9	2009–10	कुल
अतिरिक्त कक्षा कक्षों की संख्या	–	–	–	500	500	–	–	–	1000

विद्यालयों की भौतिक सुविधायें–

प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भवन रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष 5000/–का अनुदान दिया जायेगा।

अतिरिक्त कक्षा–कक्ष –जनपद में प्राथमिक विद्यालयों में एक 1000 उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की आवश्यकता है। इसके बाद सभी प्राथमिक विद्यालय तीन कक्षीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चार कक्षीय हो जायेंगे। कक्षा–कक्ष बनवायें जायेंगे।

अतिरिक्त कक्षा

(उच्च प्राथमिक स्तर)

वर्ष	2001–2	2002–03	2003–4	2004–5	2005–6	2006–7	2008–9	2009–10	कुल
अतिरिक्त कक्षा कक्षों की संख्या	–	–	–	34	–	–	–	–	34

शौचालय –जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 20 ऐसे हैं जो शौचालय विहीन हैं। 2001–02 ,2003–04 के अन्तर्गत क्रमशः 20 शौचालय निर्माण का लक्ष्य हैं

वर्ष	2001–2	2002–03	2003–4	2004–5	2005–6	2006–7	2008–9	2009–10	कुल
शौचालय –	–	–	–	20	–	–	–	–	20

सन 2001 की जनगणना के आधार पर गांववार विस्तृत आंकड़ें प्राप्त नहीं हुए है। **आंकड़ें प्राप्त होने पर** आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों (यथा वार्ड, टाउन **एरिया, नगर पालिका** एवं नगर महापालिकाओं) में एवं जनसंख्या वृद्धि के कारण आगामी वर्षो **में प्राथमिक एवं उच्च** प्राथमिक विद्यालयों का प्राविधान वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में किया **जायेगा।**

जर्जर उच्च प्राथमिक विद्यालयः–

जनपद में - उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य सम्पन्न नहीं किया जा सकता । अतः उनके पुनर्निर्माण हेतु 2002–03,2003–04,2004–05 में क्रमशः - - लक्ष्य निर्धारित है।

वर्षवार पुनर्निर्माण (उच्च प्रा0)

वर्ष	2001–2	2002–03	2003–4	2004–5	2005–6	2006–7	2008–9	2009–10	कुल
शौचालय –	–	–	–	–	–	–	–	–	–

पेयजल व्यवस्थाः–

जनपद में २६ उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जलापूर्ति का लक्ष्य रखा गया है।

जर्जर प्राथमिक विद्यालय

जनपद में ५० प्राथमिक विद्यालय जर्जर अवस्था में है। इनके पुनर्निर्माण हेतु डी0पी0 ई0पी0 के अन्तर्गत – विद्यालयों का निर्माण और शेष ७ विद्यालयों का निर्माण 2004-05 में कराया जोयगा।

वर्षवार पुनर्निर्माण (उच्च प्राथमिक)

वर्ष	2001–2	2002–03	2003–4	2004–5	2005–6	2006–7	2008–9	2009–10	कुल
भवन	–	–	–	25	25	–	–	–	50

मरम्मत एवं रखरखाव– जनपद के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 5000/– प्रति की दर से वर्षा में विशेष अनुदान के वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। जनपद में 105 प्राथमिक तथा 15 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनमें लघु मरम्मत की आवश्यकता हैं। लघु मरम्मत

हेतु 20,000/–तथा राजकीय प्राथमिक एवं 32 उच्च प्राथमिक विद्यालय वृहत मरम्मत योग्य है।उन–की माम्मत हेतु 70,000/–प्रति विद्यालय की दर से धनराशि दी जायेगी। लघु मरम्मत हेतु जिला शिक्षा परियोजना समिति तथा वृहत मरम्मत के लिए परियोजना कार्यालय अर्ह होगा।

चहारदीवारी

जनपद में 830 प्राथमिक तथा 125 उच्च प्राथमिक विद्यालय चहारदीवारी विहीन है। चार दीवारी हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित भवन 40,000/–से अधिक लागत आने पर अतिरिक्त राशि की व्यवस्था समुदाय द्वारा की जायेगी। चहारदीवारी हेतु कम लागत से स्थानीय विकल्पों की वरीयता दी जायेगी।

वर्ष	2001–2	2002–03	2003–4	2004–5	2005–6	2006–7	2008–9	2009–10	कुल
चहारदीवारी निर्माण	—	—	—	—	—	—	—	—	—

बालिका शिक्षाः–

समुदाय के सभी लोगों के शिक्षित होने से ही देश की उन्नति एवं विकास होता है। भारतीय संविधान के निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा 6'14 आयु वर्ग के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है।

संविधान में दिये गये मौलिक अधिकार नागरिकों को हर प्रकार के भेदभाव,धर्म एवं जाति ,लिंग एवं जन्म के स्थान पर आधारित उत्पीडन से रक्षा करते हैं। पंचवर्षीय योजनाओं न संविधान में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति वचनबद्वता का समर्थन किया है, एवं अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आरम्भ किया है। बालिका शिक्षा के प्रचालित परिवेश एवं रणनीतियों में समय के अनुसार बदलाव आया है। 1986 में आयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पश्चात आरम्भ की गई कार्यनीति के अन्तर्गत महि–

लाओं की समानता के लिये शिक्षा को महिलाओं के स्तर में बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण यंत्र के रूप में स्थापित किया है। महिलाओं की निरक्षरता को दूर करने एवं प्राथमिक शिक्षा को उनकी पहुँच में लाने एवं धारण में उगने वाली कठिनाईयों को दूर करने को प्राथमिक की जायेगी एवंउनकी विशेष सहायक सेवा में, समयबद्व लक्ष्य एवं सुचारू अनुश्रवण होगा।

उत्तर प्रदेश में साक्षरता दर 57.36 प्रतिशत के विपरीत 39.95 हैं। महिलाओं एवं पुरूषों की राष्ट्रीय साक्षरता दर 54.87 और 75.85 है । अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कई जिलों में 27.87 है जो कम है। नामांकन आंकडे न केवल जोडकर व सामाजिक समूहों पर आधारित भिन्नता दिखातें है। अपर्याप्त में पर्याप्त रूप से नगर–ग्रामीण असमानता को भी दर्शाते हैं। यह अनुमान है कि स्कूल में प्रवेश लेने वाले छात्रों में से 44.9 प्रतिशत कक्षा 8 उत्तीर्ण करनेसे पहले ही विद्यालय त्याग देते हैं।उ0 प्र0 में बालिकाओं के कुल नामांकन अनुपात में 1999–2000 से 2001–2002 के मध्य 17 प्रतिशत अंकों की वृद्वि हुई है।

बालिकाओं की शिक्षा के अवरोधक तत्व

बालिकाओं के नामांकन एवं शाला त्याग के कारण जटिल हैं इनमें संरचनात्मक कारण बस्तियों में स्कूलों का अभाव, महिला शिक्षकों का अभाव समाज में प्रचलित सांस्कृतिक धारणा और अन्धविश्वास जटिल कारण है। बालिकाओं के लिए शिक्षा की मोम न होना ही उनके न्यूनतम नामांकन का मुख्य कारण है' जबकि यह दर्शाया जाता है कि बालिकाओं की शिक्षा के लिए शैक्षिक सुविधाएं अपर्याप्त है। स्कूल का वातावरण भी ऐसा है जो बालिकाओं की शिक्षा के लिए प्रेरित नहीं कर पाता और न ही उनकी विशेषताओं को उभारता। विभिन्न कार्यक्रमों मेंउनको घरों में ही रोक किया जाता है जैसे शादी त्योहार मेले आदि। जिनमें सकूल की उपस्थिति में भारी कमी रह जाती है।

1– जागरूकता क्रिया कलापों के द्वारा बालिकाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यालय वातावरण बनाये जाने पर जोर।

2– जेन्डर सेंवेदन बनाना जिससे समाज बालिकाओं की शिक्षा को समानता एवं सहजता से समझ सके।

3– महिला तथा बालिका शिक्षा पर प्रकाश डालने तथा जोर देने वाली सामग्री एकत्रित करना।

4– शिक्षकों को कक्षा में जेन्डर भेजभाव आधारित किया कलापों को रोकने हेतु प्रशिक्षित किये जाने के लिए प्रशिक्षण माडॅयूल विकसित करना।

5– ई0सी0सी0ई0 तथा अन्य बैंक केन्द्रो को स्थापित करना।

प्राथमिक शिक्षा से उच्च स्तर के विद्यालयों की बालिकाओं को जोडे रखने की रण नीति से कार्य करना। कार्यानुभव पर आधारित शिक्षा का महत्व बनाना।

कार्यक्रम–

बालिकाओं की शिक्षा के लिये समुदाय के साथ कार्य करना प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के लिए सामुदायिक –सह भागिता अति आवश्यक है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परियोजना एवं जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत कई संगठनात्मक नीतियों का कियान्वयक किया है जिस का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढावा देना।

ग्राम शिक्षा समिति में कम से कम एक महिला सदस्य के होने का प्रावधान है इसमें एक ग्राम प्रधान,प्रधानाध्यापक,विकलांग अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे का अभिभावक एक सबसे कम अंक प्राप्त करने वाले का अभिभावक इन पॉचों में से एक का होना आवश्यक हैं।

बालिकाओं की शिक्षा के लिए सहभागिता–

1– बालिकाओं के नामांकन ठहराव एवं विद्यालय प्रबन्धन में स्थानीय समुदाय की भागी दारी को बढावा।

2– महिला समूह का संगठन, महिला समाख्या के साथ उनका समन्वय।

3– ग्राम शिक्षा समिति, भावशिक्षक संघ अभिभावक शिक्षा संघ।

4– ग्राम शिक्षा समिति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व।

5– बालिकाओं की शिक्षा की प्रति प्रशिक्षण की आवश्यकता को बढावा।

मीना अभियान–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं की शिक्षा के प्रति साम0सह0 वचन बद्वता के विकास के लिए मीना कम्पेन नाम एक विशिष्ट योजना का आयोजन किया। इस बन्द संशोधन फिल्म भी ग्रीष्म कालीन शिविर में चलाया गया।

मॉ बेटी मेला एवं महिलाओं की संसद–

ऐसे गॉव के अन्दर जहॉ शिक्षा दर बालिकाओं की कम पायी जाती है। वहॉ पर मॉ बेटी मेला को लागाया जाता है और इसी मेले के अन्तर्गत सांसदों का आयोजन किया जाता है। इसके कार्यान्वयक में एक वर्ष के अन्दर करीब मॉ–बेटी मेला एवं सांसदों का आयोजन किया गया।

1– बालिकाओं की शिक्षा के विषय में जागरूकता बढाना तथा इसके लिएस सामग्री बॉटना।

2– बालिकाओं की शिक्षा की महत्व के बार में महिलाओं को शिक्षित करना।

3– शिक्षिकों अभिभावकों के बीच एक किया शील सम्बन्ध की स्थापना करना।

4– बालिकाओं द्वारा अनुभव की गयी समस्याओं की प्रति ध्यान आकृष्ट करना।

5– बेटे और बेटियों के प्रति लोगो के विचारों को जनाने के लिए जेन्डर आधारित कर्ताओं का आयोजना।

6– वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर वर्ताओं का आयोजन करना एवं उपस्थित समूह से इस प्रणाली को व्यक्त की गयी आवश्यकताओं के प्रति अधिक उत्तर दायित्व और प्रभावकारी बनाने के लिये वर्तालाप करना।

समानता के लिय शिक्षा–

महिलाओं के सम्बन्ध में अतिरिक्त महिला समाख्या कार्यक्रम विभिन्न आयु वर्ग के शिक्षा के लिये अवसर प्रदान करता है। महिला समाख्या के कार्यक्रमों में शैक्षिक एवं अन्य हस्ताक्षेप समुदायों जैसे महिला संधो के साथ मिलकर विकसित किये जाये।

यह प्रयास 6--14 वर्ष की बालिकाओं एवं बालकों के लिये किशोरी केन्द्र एवं महिला शिक्षा केन्द्र खोलना सम्मिलित है। महिला समस्या का शिक्षा के प्रति निम्न दृष्टि कोण है।

1– महिलाओं की शैक्षिक प्राथमिकताओं का आदर।

2– व्यक्तिगत विधियक के आदर एवं सोच विचार के लिए समय

3– समुदाय एवं ग्रामीण स्तरीय शैक्षिक कार्यक्रमों में महिलाओं संघो को भागीदारी के लिए समर्थ बनाना।

4– शैक्षिक प्रतिमाओ से जेण्डर संवेदन शीलता।

5– बालिकाओं एवं महिलाओं के लिये अनुकूल वातावरण।

उत्तर प्रदेश में पुरूष एवं महिलाओं के वर्क जेन्डर केन्द्र पर आधारित शैक्षिक असमानता को ध्यान में रखते हुए महिला समाख्या वैकल्पिक शिक्षा के आवरस एवं प्रक्रिया महत्तवपूर्ण है।

बाल केन्द्र :–

संघ की महिलाओं ने जब अपने बच्चों की शिक्षा के महत्तव को समझाा तो उन्होंने अपने घर के पास के बच्चों की शिक्षा के लिए व्यवस्था व्यक्त की इसके पश्चात बाल केन्द्रो की स्थापना की गयी। इस विद्या से उन बच्चों एवं विशेष रू‍ से उन बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान किये जिनकी पहुॅच औपचारिक शिक्षा सुविधाझोतक नहीं है।

किशोरी केन्द्र :–

बाल केन्द्र बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सक्षम है। किन्तु वह ऐसी किशोरियॉ जिन्होंने प्राथमिक शिक्षा के बाद स्कूल छोड दिया है उनके ज्ञान की जिज्ञासा को पूर्ण नहीं कर सकते हैं। संघ की महिलाओं एवं किशोरियों से विचार विमर्श के पश्चात इस आयु वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किशोरी केन्द्रों की स्थापना की गयी । इन किशोर केन्द्रों ने किशोरियों को उच्च प्राथमिक शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किया तथा अपने यहॉ पढने का अवसर

प्रदान किया। समय का लचीलापन तथा स्थानीय महिला शिक्षा से बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि हुई है।

किशोर संघ :–

किशोर संघ का उदय किशोरी केन्द्रो से हुआ । वे किशोरियों के समूह हैं। जिनको संगठन स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण कानूनी साक्षरता व्यवसायिक प्रशिक्षण का जीवन काल जैसे विषयों को ध्यान में किया गया है। वैकल्पिक शिक्ष केन्द्र प्राथमिक शिक्षा केन्द्र में बच्चों की भागीदारी बढाने हेत उन बालिकाओं की वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में नामांकित किया जायेगा जो अपरिहार्य कारणों से विद्यालय नहीं जा पा रही हैं में औपचारिक शिक्षा में भाग लेने के लिये प्रेरित करना। साथ–साथ औपचारिक शिक्षा पाठ्यक्रम को भी मदरसों भवनों में प्रारम्भ करना।

बालिकाओं के ठहराव हेतु रणनीति :–

1. माता शिक्षक संघ–ऐसे गॉव जहॉ प्राथमिक विद्यालय है उस गॉव की 10–12 सक्रिय माताओं तथा शिक्षकों के समूहों का निर्माण कर उन्हें उनके कार्य एवं दायित्व के प्रति संवेदनशील बनाने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा। माता तथा शिक्षक बच्चे की उपस्थिति नियमित तथा अधिकाधिक करने के लिये काय्र करेगें।

2. महिला प्रेरक दल– एक गॉव मजरे में विद्यालय से कुछ दूरी पर रहने वाली बालिकाओं की विद्यालय में उपस्थिति व ठहराव निश्चित करने के लिये महिला प्रेरक दल का गठन एवं प्रशिक्षण किया जायेगा। यह दल ही स्थानीय स्तर पर वै0शि0 केन्द्र तथा विद्यालयों की गतिविधियों का अनुश्रवण कर समुदाय तथा शिक्षा विभाग पर दबाव बनाने हेतु प्रयास करेंगे।

ठहराव परिक्रमा तथा तारांकन :–

बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक सप्ताह ग्राम स्तर पर ठहराव परिक्रम निकाली जायेगी। इसमें छात्र अभिभावक तथा शिक्षक शामिल होगें। विद्यालय में कम उपस्थित रहने छात्र के घर के बाहर थोडी देर खेडे होकर नारे लगाकर अभिभावकों पर बालक को विद्यालय भेजने के लिये दबाव डाला जायेगा। विद्यालय में बच्चे की उपस्थिति के लिये अभिभावकों को सचेत करने के लिये इस प्रकार तारांकन किया जायेगा।

1 माह में 15 दिन या अधिक उपस्थिति–हरा निशान।

2 माह में 14 दिन या 7 दिन तक उपस्थिति – पीला निशान।

3 माह में 6 दिन से कम दिन तक उपस्थिति– लाल निशान।

यह अभियान वहॉ चलाया जायेगा जहॉ बालिका साक्षरता दर कम तथा शाला त्याग कर सबसे अधिक हैं।

शिक्षकों का जेन्डर सेवेदीकरण प्रशिक्षण जेन्डर संवेदीकरण प्रशिक्षण बालिका शिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिये सभी सेवारत अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जोयगा। शालात्यागी बालकों के नामांकन के लिये निराकरण उपयस्कर एवं उपकरण पर चर्चा करके उनका संवेदीकरण किया जायेगा।

जनपद रामपुर में आज भोजन जागरण की आवश्यकता है। हॉलाकि स्कूल चलों अभियान का अत्यधि प्रभाव पडा फिर भी आवश्यकता इस बात की है कि अभी पूर्ण रूप से बालक बालिकायें स्कूल नही पहुँच पाये । यह जागरण विशेषकर उन ब्लाकों में चलाया जायेगा जहॉ पर अभी भी शाला त्यागी बालक / बालिकायें घर पर बैठी। ब्लाक सैदनगर, शाहबाद एवं स्वार में बालिकायें अधिकतर पेचवर्क का कार्य करती हैं। बीडी बनाने का कार्य करती हैं। सर्फ बनाने का कार्य करती हैं । अतः हमारे विद्यालय जुलाई में खोले जायेगें। जुलाई से लेकर सितम्बर तक प्रत्येक माह एक जन जागरण अभियान चलाया जाये। इसके अन्तर्गत फेरी, जुलुस, नारों को लिखकर अभियान चलाया जाये जिससे इसके अन्तर्गत महिला मंडलों का आयोजन किया जाये। बालिकाओं की शिक्षा को बढावा देने के लिये हर ग्राम शिक्षा समितियों को अग्रसर होना चाहिये ।

1 बालिका शिक्षा हेतु संवेदनशील बनाने के लिये प्रशिक्षण प्रदान किये जायें।

2 महिला प्रेरक समूह एवं गठन प्रशिक्षण।

न्याय पंचायतों में बालिकाओं में आत्म विश्वास को विकसित करने एवं नेतृत्व को विकसित करने के लिये विभिन्न काय्रक्रम प्रस्तावित हैं। इन कार्यक्रमों में ग्रीष्मकालीन शिविर,किशोर संघ, ट्रेनिंग सेन्टर आदि आयोजित किये जायेगे।

विशेष नामांकन अभियान :–

चयनित माडल क्लस्टर में पी0आर0ए0 विधि से सूक्ष्म नियोजन किया जाये। आंकडों के आधार पर विशेष क्षेत्रों में नामांकन अभियान चलाया जायेगा। सभी बालिकाओं के नामांकन के लिये उन बच्चों के घर तक बार–बार पहुॅचना आवश्यक है। इस कार्य में स्थानीय शिक्षकों, महिला प्रेरक समूहों तथा समुदाय के लोगों का सहयोग लेना वांछित हैं। निम्नलिखित आयोजन भी लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होगे :–

1 मीना कम्पैन –

2 मॉ–बेटी मेले का आयोजन– इसका उद्देश्य कलाओं को अपनी बेटियों को विद्या–लय भेजने ओर कक्षा–8 तक की शिक्षा पूरी करने के लिये यह प्रेरित करना है।

3 ग्राम शिक्षा समितियों के न्याय पंचायत स्तर पर कार्यशालायें / प्रशिक्षण प्रत्येक स्तर पर समुदाय की अधिकतम सहभागिता के लिये माता–अभिभावक, शिक्षक , ग्राम शिक्षा समिति, महिला प्रेरक समूह तथा न्याय पंचायत एवं ब्लाक संसाधन केन्द्र समन्वयकों के सघन प्रशिक्षण दिये जायेगे। एन0 पी0आर0सी0 तथा बी0आर0सी0 सामुदायिक गतिविधि केन्द्रो के रूप में विकसित किये जायेगें।

रामपुर जनपद के सभी ब्लाकों में केन्द्र खोले जायेगें क्योंकि अभी तक 3–6 वर्ष के बालक / बालिकाओं को सम्मिलित नहीं किया गया है। सभी ब्लाक के अन्तर्गत ई0सी0सी0ई0 केन्द्र खोले जोयगे। सभी बालिकायें प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण ग्रहण कर सकेगी।

कार्य घुमन्तु परिवार जो काय्र कर रहे हैं उन्हीं में दक्षता विकास के साथ पाठ्यक्रम आधारित क्रियापरक शिक्षण देना चाहिये। इस तरह की सामग्री डायट द्वारा स्थानीय आवश्यकतानुसार की जा सकती है। सामग्री विकास के क्रम में पूर्व संचालित सी0ए0पी0ई0 परियोजना के माड्यूलों से सहायता ली जा सकती है।

क्रिया आधारित शिक्षण 15 दिन से एक माह ब्रिजकोर्स के रूप में दिया जा सकता है। अर्ध साक्षर बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जुडने के लिये प्रेरित किया जा सके। इन परिवारों को प्रेरित करने में वे प्राथमिक अध्यापक तथा ग्राम शिक्षा समिति सक्रिय योगदान दे सकते हैं जिनके कार्य क्षेत्र में यह परिवार कार्यरत हैं। क्रिया आधारित शिक्षा के अन्तर्गत उदाहरण के लिये जैसे ईट के भटटों पर बच्चों को प्रवेश के द्वारा ही कक्षा 5 तक के बालक / बालिकाओं को शिक्षा दी जा सकती है।

1– निरीक्षण द्वारा शिक्षण (मिटटी के प्रकार की जानकारी) ।

2– ईट बनाने की प्रक्रिया पकाने से ईटों के बिकने तक की प्रक्रिया में सहायक व्यक्तियों एवं वस्तुओं , उपकरणों , परिवाहन के साधनों तथा परिवेश के वस्तुओं की जानकारी वस्तु आधारित उदाहरणों के आधार पर कक्षा 1 से 5 तक की भाषा , गणित , विज्ञान, परिवेशीय अध्ययन कला , अंग्रेजी तथा अन्य विषयों की जानकारी देना।

इस अभियान के अन्तर्गत 150 केन्द्र रामपुर जनपद के लिये संचालित किये गये जिनमें 58 केन्द्रों को संचालित करने का प्रस्ताव हुआ था। इस समय 54 केन्द्र रामपुर जनपद के ब्लाक सैदनगर एवं शाहबाद में चलाये जा रहे हैं। ब्लाक सैदनगर में 17 तथा शाहबाद में 37 केन्द्र चल रहे हैं। 92 केन्द्र अब भी प्रस्तावित हैं। घुमन्तु परिवारों के लिये आवासीय शिक्षा व्यवस्था रामपुर जनपद के कुछ विकास खण्डों में युगोपार्जित के कम अवसर होने के कारण कुद परिवार काम की खोज में घूमते रहते हैं। इन परिवारों के बच्चों विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा नही हो पाती। कई स्थानों पर सामाजिक आथिक तथा मांगलिक कारणों से बालिकाओं का नामांकन विद्यालयों में नही हो पाता या वे कक्षा 5 पास करने से पहले विद्यालय छोड देते हें। ऐसे क्षेत्रों में मल्टी ग्रेड तथा मल्टी लेवल आवासीय विद्यालयों में 8–14 वर्ष तक की बालिकाओं को कक्षा 3 से कक्षा 8 तक की

शिक्षा दी जायेगी। कक्षा 1 एवं 2 के लिये विद्या केन्द्रो की सुविधा दी जा सकती है। इन विद्यालयों में स्कूली शिक्षा को व्यवसायिक तथा कियान्वित , आधारित शिक्षा से जोडा जायेगा।

सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रम :–

प्री प्रोजेक्ट एक्टीविटी के सन्दर्भ में विभिन्न विभागों जिला अर्थ एवं संख्या विभाग, विकलॉग कल्याण विभाग, पंचायत राज विभाग, महिला एवं बल विकास विभाग, महिला समाख्या एवं स्वंयसेवी संगठनों के सहयोग तथा समुदायों के साि विचार विमर्श , सहभागिता के द्वारा आंकडें का संकलन , वातावरण सृजन किया गया, साथ ही योजना के संचालन , कियान्वयन में भी इनके सदु–प्योग से सव्र शिक्षा अभियान को सफल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऑकडों के संकलन एवं उसके विश्लेषण में विभागीय गतिशीलता के साथ अर्थ एवं संख्या विभाग के सहयोग से जनांकिकी सम्बन्धी मूलभूत आंकडों का संकलन किया गया, जबकि विकलॉग कल्याण विभाग के सहयोग से समेकित शिक्षा हेतु 6–11 एवं 11–14 वय वर्ग के विकलॉग बच्चों की सूची प्राप्त की गयी। पंचायत राज विभाग के सहयोग से ग्रामों एवं बस्तियों की सूची प्राप्त की गयी। ड्डा के सहयोग से मलिन बस्तियों की सूची प्राप्त की गयी।

6–14 आयु वर्ग के बच्चों की शिक्षा के सार्वजनीकरण में समुदाय की सकिय भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्र में हरने वाले निरक्षर लडकों की संख्या नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की अपेक्षा अधिक है। नगरीय क्षेत्र में मलिन बस्तियों की संख्या अधिक होने के कारण निरक्षर बच्चो की संख्या गॉव एवं नगर दोनों में अधिक है।गॉव मं नगरीय क्षेत्रों में शिक्षाा व्यवस्था हेतु अधिक संख्या में विद्या लय खोले गये। बालिकाओं के लिए अलग विद्यालय खोले गेय। शिंक्षा के विकेंन्द्रीकरण को दृष्टिगत रखतें हुए एवं् समुदउय की सकिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम शिंक्षा समिति तथा नगर में वार्डवार नगर शिक्षा समिति गठित की गयी। शैक्षिक योजना निर्मा–ण तथा विद्यालय संचालन में सहयोग प्रदान करने सम्बन्धी अधिकतर शिंक्षा समितियों को प्रदान किये गये।

वातावरण सृजनः

नियोजन प्रकिया के दौरान जनपद की विभिन्न बस्तियों एवं समुदायों के साथ विचा र विमर्श एवं उनका सहयोग प्राप्त कर योजना को मूर्त रूप दिया गया। इन समुदायो के साथ विचा र विमर्श के दौरान इस अभियान के उद्देश्य एवं शिक्षा के महत्व के सम्बन्ध में विस्तृत एण्वं व्यापक चर्चा की गयी।

ग्राम शिक्षा समितियों एवं नगर शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण–

ग्राम शिक्षाा समितियों एवं नगर शिक्षा समितियों की सकिय भागीदारी हेतु इनके प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इसमें नवनिर्वाचित शिक्षाा समितियों का सन्दर्भ प्रशिक्षण, पुनः प्रति दो वर्ष पर पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण एवं 5 वर्ष के अन्तराल पर नवीन चयनित शिक्षा समितियों का सन्दर्भ प्रशिक्ष्ग एवं उन्हे भी प्रति दो वर्ष पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण कराया जाना है।

नवाचार शिक्षा(कम्प्यूटर शिक्षा)

वाराणसी जिले मे प्रयोगात्कम तौर बालिकओं के लिए कार्यानुभव के अन्तर्गत कम्प्यू शिक्षा का प्रावेधान किया गया था। जिसके फलस्वरूप उस क्षेत्र में बालिकाओं के विद्यालय में ठहराव में आशातीत वृद्वि हुई। इसी प्रकार का प्रयोग इस जिले में किये जाने काप्रस्ताव है और प्रत्येक विकास खण्ड में केन्द्रीय विद्यालय में एक कम्प्यूटर की व्यवस्था इस अभियान के अन्तर्गत किये जाने का प्रस्ताव है तथा इसे प्रकार प्रत्येक बी0आर0सी0 पर एक कम्प्यूटर का प्राविधान किया गया है। इसके लिए प्रति कम्प्यूटर तथा उसकी केबिन के लिए कुल रू0–1.70 लाख की यूनिट कास्ट प्रस्ता वित है।

विद्यालयों में स्थिति उन्नति करने में सामुदायिक भूमिका–

सूक्ष्म नियोजन उपरान्त विद्यालय में जो समस्याएँ हैं उनका निराकरण करने में समुदाय के लोग सहयोग प्रदान करेंगे। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। जहाँ विद्यालय के लिए भूमि नहीं है। अथवा कम भूमि हैं वहाँ पर ग्रामवासियों सहयोग से भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। बच्चे को खेलने के लिए मैदान उपलब्ध कराया जायेगा तथा इस बात की जानकारी दी जायेगी कि बिना खेल के बच्चा सीख नहीं सकता अतः खेल का मैदान आवश्यक है।

विद्यालय में बागवानी हेतु समुदाय को गतिशील बनाया जायेगा–

आकर्षक परिवेश हेतु बागवानी का विशेष महत्व है। इसके लिए वृक्षारोपण,पुष्पवाटि का हेतु जानकार लोगों का सहायता की जायेगी उन्हीं से पौधों आदि की व्यवस्था कराकर विद्यालय में उनका रोपण कराया जायेगा। उद्यान विभाग के सहयोग से बागवानी की व्यवस्था सुनिश्चित कर विद्यालय को आकर्षक बनाया जायेगा।

साज–सज्जा में सहयोग–

विद्यालय में फर्नीचार,टाट–पट्टी, चाक,शैक्षिक उपकरण आदि की व्यवस्था में ग्राम के जानकार एवं अनुभवी लोगों की मदद ली जायेगी तथा ग्राम शिक्षा समिति की मदद ली जायेगी गरीब बच्चों के लिए समुदाय के लोगों से उनके गणवेश,स्लेट,पेंन्सिल ,कापी आदि सामग्री की व्यव–स्था के लिए सहयोग लिया जायेगा। प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरष्कृत करने की व्यवस्थ भी समुदाय से करायी जायेगी।

विद्यालय सुदृढीकरण में सक्रियता–

कक्ष निर्माण, भवन की मरम्मत, चार दिवारी निर्माण,मिट्टी भराव,विद्यालय प्रांगण

में होने पर समतल कराने हेतु समुदाय का सक्रिय सहयोग लिया जायेगा।

विद्यालय परिवेश निर्माण में सहयोग–

वातावरण एवं परिवेश आकर्षक बनाने में बच्चें के गणवेश का विशेष महत्व है। ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यो, अभिभावकों एवं जानकार लोगों की मदद से विद्यालय में गरीब बच्चों के लिए गणवेश की व्यवस्था करायी जायेगी। जिससे बच्चें अलग से आकर्षक एवं शिष्ट लगे और अन्य बच्चों से उनकी पृथक से विशिष्ट पहचान हो तथा स्कूल न जाने वाले बच्चे अपने को अपराध भव ना से देखे और स्वंय् भी विद्यालय जाने के लिए तैयार हो सकें।

सर्व शिक्षा अभियान में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समुदाय का सक्रिय सहयोग अति **आवश्यक है। पंचायतीराज** व्यवस्था के अन्तर्गत विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न स्तरों **पर समितियों का** गठन किया जा चुका है एवं सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत ब्लाक शिक्षा **समितियों को सुदृढीकृत** एव क्रियाशील बनाने पर जोर दिया जायेगा। **शैक्षिक गोष्ठियों, नामांकन, ठहराव परिक्रमा** सूक्ष्म नियोजन, शैक्षिक नियोजन एवं क्रियान्वयन आदि शिक्षा से **संबंधित समस्त विकास कार्यो** एवं एस.एस.ए. के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु **पंचायतीराज समितियों का** सहयोग लिया जायेगा।

छात्र नामांकन तथा ठहराव वृद्धि के लिए प्रत्येक परिषदीय विद्यालय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय के लिए प्रति वर्ष 2000/– रू0 प्रति विद्यालय की दर से प्रावधान किया गया है जिसकी सारणी निम्नवत है।

क्र0 सं0	विद्यालय का प्रकार	वर्ष 2002–03			2003–04			2004–04			2005–06			2006–07		
		परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1.	प्राथमिक	1157	50	1214	1664	53	1217	1164	55	1219	1164	55	1219	1164	60	1224
2.	उ0 प्राथमिक	179	44	223	279	45	324	279	45	324	279	45	324	279	50	329

टी0एल0एम0

छात्र नामांकन वृद्धि एवं गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रत्येक प्राथमिक एवं उ0प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री तथा सहायता प्राप्त प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्रत्येक विद्यालय में तीन अध्यापकों के लिये 500/– रू0 टी0एल0एम0 सामग्री निर्माण के लिये दिया जायेगा।

क्र0 सं0	विद्यालय का प्रकार	वर्ष 2002–03			2003–04			2004–04			2005–06			2006–07		
		परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1.	प्राथमिक	–	–	–	–	–	–	2549	1135	2684	3050	165	3215	3320	180	3500
2.	उ0 प्राथमिक	–	–	–	159	–	305	400	135	535	430	135	565	460	150	610

नि:शुल्क पाठ्य–पुस्तक :–

छात्र नामांकन की वृद्धि एवं ठहराव के लिये एस0सी0/एस0टी0 के बालक तथा सभी वर्गो की बालिकाओं के लिये नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिये बजट में प्रावधान किया गया है।

क्र0 सं0	विद्यालय का प्रकार	वर्ष 2002–03			2003–04			2004–04			2005–06			2006–07		
		परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग	परि0	सहा0	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1.	प्राथमिक	–	–	–	–	–	–	120245	10255	130500	128346	12280	140626	129075	15218	144293
2.	उ0 प्राथमिक	31611	–	31611	10880	–	10880	12351	4225	16576	13000	5244	18244	13628	5628	19656

अध्याय - 9

गुणवत्ता संवर्द्धन

जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता का परिदृश्य :-

जनपद रामपुर प्रदेश की सबसे छोटी रियासत रही है और शैक्षिक दृष्टि से अत्यन्त दयनीय स्थिति रही है। प्रारम्भिक नवाबों के द्वारा शिक्षा को समुचित महत्व नहीं दिया गया। नवाब रजा अली खां का समय शैक्षिक दृष्टि से जनपद का स्वर्ण काल कहा जाये तो अतिश्योक्ति न होगी। उनके शासन काल में शिक्षा में आशातीत प्रगति हुई परन्तु उनकी मृत्यु के बाद जनपद शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ता ही चला गया। शिक्षा के प्रति उदासीनता, साक्षरता की निम्नदर के कारण शिक्षा के क्षेत्र में किये गये प्रयासों के बावजूद जनपद की शिक्षा की गुणवत्ता में कोई विशेष प्रगति परिलक्षित नहीं होती। बेसिक शिक्षा के सन्दर्भ में हमारी संकल्पना यह है कि समाज का हर वर्ग यह समझने लगे कि देश के सभी बच्चे हमारे हैं। समस्त विद्यालय हमारे है और हम भी विद्यालय के लिए इस भावना से प्रेरित होकर देश के बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तोत्तर वृद्धि करके हम अपने जिले के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करा सकेंगे। प्राथमिक शिक्षा में अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने हेतु जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की संकल्पना (उद्देश्य एवं भूमिका व कार्य) :-

प्रारम्भिक शिक्षा के प्रसार तथा उसमें गुणात्मक उन्नमन की दृष्टि से केन्द्र पुरोनिधानित योजनान्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना क्रमवार चरणों में की जा चुकी है। इसी क्रम में वर्ष 1993-94 में दीक्षा विद्यालय को उच्चीकृत करके जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर की स्थापना की गई। प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु जनपद रामपुर की डायट को वित्तीयवर्ष 1999-2000 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में आच्छादित किया गया।

अध्यापक शिक्षा, समेकित शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, बालिका शिक्षा कार्य क्रमों से संबंधित अधिकारियों एवं अभिकर्मियों के शैक्षिक स्तर में सुधार तथा उन्नयन के उद्देश्य से स्थापित संस्थान के माध्यम से पाठ्यक्रम, तकनीकी प्रबन्ध एवं नियोजन की शैक्षिक जानकारी, शोध, अभिनव प्रयोग तथा नवीन शैक्षिक उपलब्धियों को ऐसे ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने की संकल्पना की गई है जो इस आवश्यक सुविधाओं से अपवंचित हैं।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के विभिन्न स्तरों के शिक्षकों एवं अन्य शैक्षिक कर्मियों के शैक्षिक स्तर में सुधार करना जनपद स्तर पर विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण एवं प्रौढ़ निरक्षरों को काम चलाऊ साक्षरता के सन्दर्भ में अकादमिक सहयोग प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्तापूरक दृष्टिकोणों को सर्वत्र परिलक्षित करना, नई पीढ़ा के युगानरूप शिक्षा देना, शिक्षकों में व्यवसायिक क्षमता एवं व्यवसाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मूल्य राजगता को निर्धारित करना तथा विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षणों की व्यवस्था करना है।

उपर्युक्त उद्देश्यों की संपूर्ति हेतु निम्न सात विभाग बनाये गये हैं :-

1. सेवा पूर्व प्रशिक्षण विभाग।
2. सेवारत कार्यक्रम अन्तः क्रिया तथा प्रवर्तन समन्वय विभाग (आई.एफ.आई.सी.)।
3. शैक्षिक तकनीकी विभाग।
4. जिला संसाधन इकाई।
5. कार्यानुभव विभाग।
6. पाठ्यक्रम, सामग्री विकास एवं मूल्यांकन विभाग।
7. प्रबन्धन एवं नियोजन विभाग।

डायट के कार्य :-

उपर्युक्त विभागों के पारस्परिक सहयोग द्वारा मुख्य रूप से संस्थान को निम्न दायित्वों का निर्वहन करना होता है :-

1. प्रशिक्षण सेवापूर्व एवं सेवारत प्राथमिक उच्च प्राथमिक, वैकल्पिक एवं साक्षरता के समस्त क्षेत्रों में।
2. अकादमिक एवं संसाधन संबंधी सहयोग।
3. शैक्षिक समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु क्रियात्मक शोध।
4. शैक्षिक नवाचारों का प्रचार एवं प्रसार।
5. शैक्षिक मूल्यांकन एवं पश्च पोषण।
6. विद्यालय श्रेणी करण के लिए प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का श्रेणी करण।

संस्थान को अपने दक्ष एवं प्रभावशाली नियोजन एवं क्रियान्वयन तथा सौहार्द पूर्ण रचनात्मक, संगठनात्मक वातावरण के निर्माण तथा स्वच्छ एवं आकर्षक परिसर के रख-रखाव के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने हेतु जनपद की अन्य शैक्षिक संस्थाओं हेतु आदर्श के रूप में विकसित करना होगा।

गुणवत्ता विकास में डायट की भूमिका :-

1. अकादमिक नेतृत्व प्रदान करना :-

जनपद में आयोजित शिक्षा योजना में गुणवत्ता विकास के लिए प्रत्येक स्तर पर अकादमिक नेतृत्व डायट द्वारा प्रदान किया जायेगा। जनपद, विकासखण्ड, न्याय पंचायत स्तर पर संबंधित सभी अभिकर्मियों के प्रशिक्षणों का आयोजन, नियोजन, प्रबंध, श्रेणीकरण, पर्यवेक्षण, मूल्यांकन, शैक्षिक नवाचारों की जानकारी, क्रियात्मक शेध आंकड़ों का विशलेषण, कार्यशाला, गोष्ठियों का आयोजन शिक्षण सामग्री निर्माण आदि की व्यवस्था, अभिलेखीकरण आदि का प्रमुख दायित्व डायट द्वारा वहन किया जायेगा।

2. संकाय सदस्यों का क्षमता संवर्द्धन :-

बाह्यीय संस्थानों के विशिष्ट तथा अनुभवी व्यक्तियों, संस्थाओं के अनुभव से लाभ उठाकर डायट के संकाय सदस्यों में क्षमता विकास करने हेतु वार्ताओं और व्याखानों का आयोजन करना तथा विशिष्ट संस्थाओं द्वारा संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित कराना ताकि शिक्षा योजना में नियोजित सभी अनुपस्थित कार्यक्रमों में डायट के संकाय सदस्यों द्वारा कुशल नेतृत्व प्रदान किया जा सके।

3. अकादमिक संसाधन समूह का क्षमता संबर्द्धन प्रशिक्षण :-

इस समूह की क्षमता संवर्द्धन हेतु एस.सी.ई.आर.टी. के सहायोग से क्षमता विकास कार्याशाला डायट स्तर पर आयोजित की जायेगी। जो अकादमिक पर्यवेक्षण, विषयशिक्षण तथा स्कूल का प्रबन्धन, शिक्षकों की समस्याओं का निवारण जैसे बिन्दुओं पर केन्द्रित होगी।

4. शिक्षण सामग्री का विकास :-

डी.पी.ई.पी. द्वारा प्राथमिक स्तर पर प्रतिवर्ष मिलने वाले प्रत्येक शिक्षक को 500 रू0 के शिक्षक अनुदान की भांति एस.एस.ए. में प्राथमिक तथा अच्च प्राथमिक स्तर के प्रत्येक शिक्षक को अध्यापक अनुदान के तहत मिलने वाला धन से शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण व रख-रखाव संबंधी प्रस्ताव है। इनका कक्षा में बेहतर प्रयोग किस प्रकार करें, इसके लिए डाटय स्तर, ब्लाक स्तर तथा न्याय पंचायत स्तर पर दो-दो दिवसीय टी.एल.एम. निर्माण उपयोग संबंधी कार्य शालायें आयोजित किए जायेगें। सामग्री विभिन्न स्तरों पर मेटीरियल मेले और प्रर्दशनियाँ आयोजित की जायेंगी। डायट में टी.एल.एम. कक्ष का निर्माण किया जायेगा।

5. गुणवत्ता सुधार में स्वयं सेवा संगठनों की सहभागिता :-

जनपद में कुछ स्वयं सेवी संस्थायें बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति के विकास के लिए अपने अपने ढंग से कार्यरत हैं उन्हें उस क्षेत्र में कार्य करने का प्रर्याप्त अनुभव है। उनके अनुभवों से लाभ उठाकर तथा उन्हें और अधिक अच्छा कार्य करने करने के लिए सहायता देकर जनपद की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। जैसे जनपद ब्लाक शाहबाद के मंगोली ग्राम में चलने वाली स्वयं सेवी संस्था।

6. शोध एवं मूल्यांकन :-

प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुभूत विभिन्न विषयों की व्यवहारिक कठिनाईयों के परिपेक्ष्य में उनके समाधान हेतु क्रियात्मक शोध करके प्राप्त निष्कर्षों को संबंधित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं तक पहुंचा कर आवश्यक मार्गदर्शन डायट द्वारा प्रदान किया जायेगा। डायट के स्टाफ को शोध संबंधि प्रशिक्षण सीमेट के सहयोग से दिया जायेगा। एक्शन रिसर्च के लिए आवश्यकतानुसार धनराशि भी उपलब्ध करायी जायेगी। डायट के नेतृत्व में शिक्षक एक्शन रिसर्च हेतु समस्याओं की खोज एवं उनका समाधान कर निष्कर्षों को क्रियान्वित करेंगे। डायट द्वारा शिक्षकों की शिक्षण क्षमता का भी अध्ययन व मूल्यांकन किया जायेगा। सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की सम्प्राप्ति स्तर का अध्ययन किया जायेगा।

सीमेट इलाहाबाद और एस.सी.ई.आर.टी. लखनऊ के सहयोग से जनपद में विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों द्वारा एक्शन रिसर्च का कार्य किए जाने की दृष्टि से 5 दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। इसका उद्देश्य शिक्षकों को अपने क्षेत्र की समस्याओं को स्वयं ढूंढना, समस्याओं के समाधान हेतु स्वयं कार्ययोजना बनाना और शोध की प्रक्रिया से संबंधित लोगों को अवगत कराना एवं भविष्य में सुझाव देने में दक्ष बनाना होगा। एक्शन रिसर्च के क्षेत्र निम्न हो सकते हैं :-

1. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन को प्रभावशाली बनाने के उपायों का अध्ययन।
2. बालिकाओं की कक्षावार शैक्षिक उपलब्धियों का अध्ययन।
3. समास्यात्मक/पिछड़े बालकों के लिए कारगर शिक्षण तकनीकें।
4. बालकों की शैक्षिक उपलब्धि में अभिभावकों के सहयोग से प्रभाव का अध्ययन।
5. कक्षा की प्रक्रिया में जन भागीदारी।

7. आंकड़ों का विशेलषण, नियोजन तथा प्रशिक्षण में उपयोग :-

ई.एम.आई.एस. के द्वारा प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से ब्लाकवार, ग्रामवार, विद्यालयवार, लिंगवार, श्रेणीवार छात्रों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ड्रापआउट की समस्या का समाधान कर सकते हैं तथा विद्यालय न जाने वाली बालिकाओं को चिन्हित कर विद्यालय में नामंकित कर सकते हैं। डायट द्वारा ई.एम.आई.एस. के आंकड़ों का सूक्ष्म नियोजन और विराट विश्लेषण किया जायेगा जिससे उनका प्रयोग नियोजन एवं प्रशिक्षण में किया जा सके। इन सूचनाओं के आधार पर प्रशिक्षणों की संख्या तथा रूपरेखा में संशोधन कर उन्हें लागू किया जायेगा।

8. डायट, बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. की शैक्षिक मार्गदर्शन में सम्मिलित भूमिका :-

शैक्षिक मार्ग दर्शन में डायट, बी.आर.सी. एन.पी.आर.सी. की सम्मिलित भूमिका रहेगी। एन.पी.आर.सी. अनुश्रवण का प्रतिवेदन बी.आर.सी. को देगा तथा बी.आर.सी. प्रतिवेदन की समीक्षा कर उसे डायट में प्रस्तुत करेगा। डायट में ए.आर.जी. के सदस्यों द्वारा मुख्य समस्याओं पर चर्चा होगी तथा उसके आधार पर भविष्य का एजेन्डा तैयार किया जायेगा। डायट जनपद स्तर पर अकादमिक नेतृत्व प्रदान करेगा तथा बी.आर.सी. एवं एन.पी.आर.सी. इसकी सहयोगी संस्थाओं के रूप में कार्य करेंगे। प्रत्येक स्तर पर मासिक बैठकों का आयोजन, भ्रमण कार्यो का अनुश्रवण तथा श्रेणी करण के माध्यम से एक प्रभावशाली कार्य संस्कृति का विकास किया जायेगा। अकादमिक पर्यवेक्षण की परिधि में अशासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, हाईस्कूल, इण्टर कालेजों में कक्षा छः से आठ पढ़ाने वाले शिक्षकों, वैकल्पिक शिक्षा ई.सी.सी.ई. केन्द्रों आदि को भी लाया जायेगा।

डायट की भूमिका को कार्यरूप प्रदान करने हेतु विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड संसाधन केन्द्र तथा न्याय पंचायत स्तर पर पंचायत संसाधन केन्द्र डायट की सहयोगी संस्थाओं के रूप में कार्यरत हैं।

डायट में अकादमिक स्टाफ तथा बी.आर.सी. पर ब्लाक सहसमन्वक, न्यायपंचायत केन्द्र स्तर पर न्याय पंचायत समन्वयक कार्यरत है। जो पारस्पारिक सहयोग से जनपद की प्राथमिक शिक्षा को अकादमिक नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं।

डायट के अकादमिक स्टाफ को क्षमता विकास हेतु राज्य स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षणों से प्राशिक्षित किया गया है। बी.आर.सी. तथा एन.पी.आर.सी. समन्वयकों/सहसमन्वयकों

को शैक्षिक रूप से सबल बनाने हेतु डायट में उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों से सम्बन्धित 6 दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण राज्य संदर्भ समूह के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। समन्वयकों द्वारा नियमित विद्यालय सर्वेक्षण, आदर्श पाठों का प्रस्तुतिकरण, एन.पी.आर.सी. समन्वयक द्वारा नियमित विद्यालयों का श्रेणीकरण तथा बी.आर.सी. द्वारा एन.पी.आर.सी. तथा विद्यालयों का श्रेणीकरण, मासिक बैठकों का आयोजन, विभिन्न शैक्षिक मेले तथा प्रदर्शनी आदि का आयोजन, शिक्षकों की अकादमिक व अन्य शैक्षिक समस्याओं का समाधान, शिक्षण सामग्री का निर्माण एवं प्रदर्शनी का आयोजन, जनसम्पर्क अभियान, सामुदायिक सहभागिता, अभिप्रेरक समूहों का गठन, मासिक प्रशिक्षणों का आयोजन, सूचनाओं का आदान प्रदान, नियमित एवं सहयोगी अनुश्रवण समस्त क्रियाकलापों का अभिलेखीकरण के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन का प्रयास किया गया।

बी.आर.सी. तथा एन.पी.आर.सी. समन्वयकों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का नियमित अनुश्रवण एवं सहयोग हेतु डायट स्तर पर ब्लाक मेन्टर की नियुक्ति की गई है।

उपरोक्त गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु किये गये प्रयासों से अनुभव होता है कि सभी प्रयास मात्र प्राथमिक कक्षाओं तक ही सीमित हैं। सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा शिक्षक, मकतब, मदरसों, हाईस्कूल एवं इण्टर कालिज में संचालित कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षार्थी एवं शिक्षकों के गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु कोई नवीन प्रयास नहीं किये गये हैं। नवीन योजनाओं के अन्तर्गत उपर्युक्त छूटे लक्ष्य समूह को शामिल करने की आवश्यकता होगी।

जनपद में सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति निम्नवत है :-

1.	परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या	---	1164
2.	परिषदीय उ0प्रा0 विद्यालयों की संख्या	---	279
3.	मान्यता प्राप्त उ0प्रा0 विद्यालयों की संख्या	---	77
4.	हाईस्कूल/इन्टर कालेजों की संख्या	---	74
	(जिनमें 6 से 8 कक्षायें संचालित हो रही है)		

स्रोत - बी.एस.ए. कार्यालय से प्राप्त आंकड़े।

पूर्व प्राथ0 शिक्षा (स्कूल तैयारी हेतु) :-

प्रायः यह देखने में आया है कि प्राथमिक कक्षाओं में 6 से निम्नवय वर्ग के बच्चें भी उपस्थिति रहते हैं जिससे प्रवेशित बच्चों की शिक्षा में व्यवधान आता है या बालिकाओं के अभिभावकों द्वारा छोटे, बच्चों की देख-रेख के लिए घर पर ही रोक दिया जाता है जिससे बालिका शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किए बिना ही कक्षा 1 में प्रवेश से शैक्षिक गुणवत्ता प्रभावित होती है।

उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित थे लेकिन वह इस लक्ष्य को पूरा करने में असमर्थ रहे आंगनबाड़ी के केन्द्रों में दैनिक शैक्षिक क्रियाकलाप के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित संचालन तथा उसमें गति लाने के उद्देश्य से जनपद में ई.सी.सी.ई. केन्द्रों का विकास किया गया। इनके संचालन हेतु आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों के डायट में 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष 2000-2001 में 54 केन्द्रों का निर्धारण किया गया। इन केन्द्रों की कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष 2001-2002 में 86 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। वर्तमान में जनपद में 136 केन्द्र कार्यरत हैं।

केन्द्रों के समय-समय पर पर्यवेक्षण हेतु न्याय पंचायत समन्वयकों को भी प्रशिक्षित किया गया।

शिशु शिक्षा केन्द्रों में कार्यरत कार्यकत्रियों व सहायिका को अतिरिक्त मानदेय की डी.पी.ई.पी. के अन्तर्गत व्यवस्था है। केन्द्रों में खेल सामग्री, उपकरण व शिक्षण सामग्री हेतु रू0 5000 तथा आकस्मिक व्यय हेतु रू0 1500 प्रति केन्द्र प्रदान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को डी.पी.ई.पी. योजना के अन्तर्गत रू0 250 तथा रू0 125 क्रमशः अतिरिक्त मानदेय भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्राथमिक विद्यालयों से जुड़े शिशु शिक्षा केन्द्रों के खुलने से सम्बन्धित विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को अपने छोटे भाई बहिनों की देख-रेख से मुक्ति मिली है तथा उनका विद्यालय में ठहराव भी बढ़ा है। बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि भी बढ़ी है।

वास्तविक रूप में जनपद में अधिकतर शिशु शिक्षा केन्द्र प्रायः विद्यालय में स्थान न मिलने के कारण घरों में संचालित हैं। जिसके कारण कार्यकत्रियाँ बच्चों को पूरा

समय नहीं दे पाती वरन् अपने घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं, जिससे शिशु शिक्षा केन्द्र नियमित व सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। प्रति प्राथमिक विद्यालय शिशु शिक्षा केन्द्र हेतु अतिरिक्त कक्ष भी उपलब्ध कराया जाना हितकर होगा।

ग्राम शिक्षा समिति :-

ग्राम की शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिनियम 1972 के अधीन ग्राम शिक्षा समितियों के गठन की व्यवस्था की गई है। इसके मूल में अवधारण यह है कि ग्राम के शैक्षिक उन्नयन हेतु ग्राम स्तर पर बनाई गई योजनायें एवं कार्यक्रम सर्वोत्तम रूप से प्रभावशाली हो सकते हैं।

गांव की स्थिति, उसकी आवश्यकताओं, समस्याओं इत्यादि के विषय में जो जानकारी स्थानीय लोगों को हो सकती है, वह अन्य को नहीं हो सकती। गांव की शैक्षिक व्यवस्था को प्रभावशाली बनाने की जिम्मेदारी वहां की ग्राम शिक्षा समिति को सौंपी गई है।

ग्राम शिक्षा समिति गठन :-

1. ग्राम सभा का प्रधान (अध्यक्ष)
2. प्राथमिक स्कूलों के छात्रों के तीन संरक्षक (जिनमें से एक संरक्षक महिला होगी) सदस्य।
3. उस ग्राम या ग्राम समूह के प्राथमिक विद्यालय का प्रधान अध्यापक (यदि एक से अधिक स्कूल हों तो उनके प्रधान अध्यापकों में से ज्येष्ठतम) - सदस्य सचिव।

उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त ऐसे अधिकतम 20 सदस्य जो शिक्षा के प्रति जागरूक हों तथा ग्राoशिo समिति को अपना सक्रिय योगदान दें सकते हैं, को भी शामिल किया जा सकता है।

समिति के प्रमुख दायित्व :-

1. बेसिक स्कूलों के भवनों और उनके उपस्करों में सुधार करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा समिति को सुझाव देना।
2. स्कूलों का निरीक्षण करना।
3. अध्यापकों द्वारा समय पालन किये जाने और उनकी उपस्थिति के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट देना।

समिति के अधिकर :-

1. ग्राम वासियों की आवश्यकतानुसार शिक्षा व्यवस्था सुलभ कराना।
   (1) बच्चों के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा।
   (2) प्राथमिक/उच्च प्राथमिक शिक्षा।
   (3) वैकल्पिक शिक्षा (स्कूल छोड़े हुये या स्कूल न जा पाने वाले बच्चों के लिए)।
   (4) साक्षरता कार्यक्रम निरक्षर प्रौढ़ों के लिए।
2. गुणवत्ता युक्त शिक्षा की व्यवस्था कराना।
3. सामुदायिक पुस्तकालय की स्थापना कराना।
4. ज्ञान संचार, लोक संचार माध्यम से शिक्षा का प्रसार और प्रचार कराना।

ग्राम शिक्षा समिति के सभी सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्यालय के भैतिक एवं शैक्षिक सुदृढ़ीकरण में अपना सक्रिय एवं रचनात्मक योगदान देंगे। इन को जागरूक एवं सक्रिय करने के उद्देश्य से डायट स्तर पर अभिप्रेरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षणों के मुख्य उद्देश्य थे :-

1. ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों को प्राथमिक शिक्षा को पूर्णतः अपनाने हेतु क्रियाशील बनाना।
2. प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण, विशेष रूप से बालिका शिक्षा एवं विकलांग बच्चों के लिए यातावरण निर्माण में ग्राम शिक्षा समिति एवं समुदाय को सक्रिय योगदान के संदर्भ में जागरूक बनाना।
3. विकेन्द्रीकरण नियोजन के अन्तर्गत सूक्ष्म नियोजन एवं स्कूल मान-चित्रण के अभ्यास के द्वारा ग्राम शिक्षा योजना तैयार करने की दक्षता विकसित करना।
4. आकर्षक विद्यालय/कक्षा निर्माण, रूचिपूर्ण माहौल, विद्यालय संचालन में ग्राम समिति के योगदान के लिए अभिप्रेरित करना।
5. अर्न्तक्षेत्रीय समन्वयक, सहयोग तथा प्राथमिक शिक्षा के लिए वित्तीय एवं स्थानीय संसाधन जुटाने के लिए अभिप्रेरित करना।

उपरोक्त अभिप्रेरण शिविरों के संचालन हेतु डायट स्तर पर ब्लाक संसाधन समूह (बी.आर.जी.) के सदस्यों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागी के रूप में प्राथमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त अध्यापक, नेहरू युवा केन्द्र, युवक/महिला मंगल दल के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जनपद में कुल 114 बी.आर.जी. सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण डायट के प्रवक्ताओं के द्वारा दिया गया। जनपद में 580 ग्राम सभायें है जिनमें से 580 ग्राम सभाओं की ग्राम शिक्षा समितियों

को प्रशिक्षित किया जा चुका है। डायट के ब्लाक मेन्टर्स/डी.आर.जी. के सदस्यों द्वारा इन प्रशिक्षणों का समय-समय पर अवलोकन एवं अनुश्रवण किया गया। अवलोकन के दौरान पाया गया कि ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों में ग्राम के शैक्षिक उन्नयन हेतु कार्य करने की इच्छा हुई है।

प्रशिक्षण में सूक्ष्म नियोजन की जानकारी दी गई जिसके अन्तर्गत स्कूल मानचित्र तथा परिवार सर्वेक्षण प्रपत्र भरवाने की विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल मानचित्रण तैयार कराकर संरक्षित करना तथा विद्यालय परिसर में प्रदर्शित करने हेतु कहा गया।

वास्तविकता की स्थिति में यह अनुभव किया गया कि बी.आर.जी. जो प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त थे अपने निर्धारित मानदेय से संतुष्ट नहीं थे अतः उन्होंने प्रशिक्षण में सक्रिय भूमिका नहीं निभाई जिसके परिणाम स्परूप व्यवहारिक पक्ष निर्बल रह गया।

बालिका शिक्षा :-

जिला प्राथमिक कार्यक्रम का उद्देश्य यह भी है कि विद्यालय एवं समुदाय में जाति गत एवं लिंग भेद को कम करना। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षणों की श्रृंखला का कार्यक्रम तैयार किया गया। जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम जिला समन्वयक व उत्साही अध्यापकों को संदर्भ दाता के रूप में राज्य स्तर पर प्राशिक्षित किया गया। उसी क्रम में जनपद की आदर्श न्याय पंचायत (सं0-15) के कक्षा 1 से 5 तक जाने वाले बच्चों के साथ जुड़े व्यक्तियों, समस्त सेवारत अध्यापक, प्रधान, कर्मचारी, न्याय पंचायत स्तर पर प्रशिक्षिण आयोजित किये गये।

समुदाय का सक्रिय एवं रचनात्मक सहयोग लेने के लिए और उन्हें अभिप्रेरित करने हेतु मां बेटी, मेला, मीना कैम्पेन, संशोधन फिल्म तथा कलाजत्था कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनियों के माध्यम से ग्रामीण जनसुदाय विशेषकर महिलाओं, को प्रेरित कर बालिकाओं व 6 से 14 वर्ष के बच्चों को विद्यलायी शिक्षा के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। कला जत्था कार्यक्रम के संचालन के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों को राज्य स्तर पर संदर्भदाताओं के रूप में प्रशिक्षत किया गया तथा विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु संदर्भदाताओं को जिला स्तर पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में लोकगीत, नुक्कड़नाटक, लोकनृत्य, समूहगान इत्यादि के माध्यम से शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार करने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

विद्यालयों में नामांकन में वृद्धि, ठहराव व गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु समुदाय का सक्रिय एवं रचनात्मक सहयोग के लिए भविष्य में उपर्युक्त विभिन्न कार्यक्रमों की आवश्यकता रहेगी।

आदर्श न्याय पंचायत के सेवारत अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रतिफेरा 40 अध्यापक माता शिक्षक संघ/पी.टी.ए. का 2 दिवसीय प्रशिक्षण (प्रतिफेरा 20 प्रतिभागी) सम्पन्न हो चुका है। इन्हीं न्याय पंचायतों के मजरों में महिला प्रेरक समूह गठित किय गये जिनको दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया।

जनपद की महिला साक्षरता दर अत्याधिक कम है वृद्धि के लिए डी.पी.ई.पी. परियोजना में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत जनपद में ग्रीष्मकालीन शिविर (प्रत्येक ब्लाक 10 शिविर अवधि 10 दिन) आयोजित किये गये। वर्तमान वर्ष में 25 ग्रीष्मकालीन शिविर अवधि 10 दिन आयोजित किये जा चुके हैं। जिन्होंने विद्यालय किसी कारणवश छोड़ दिया या जो अधिक आयु होने के कारण संकोचवश विद्यालय नहीं जाती है। उनको अभिप्रेरित करने व मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उपर्युक्त कार्यक्रम चलाये गये। वर्ष 2003-04 में जनपद में चार ब्लाक के 05 मझरों में एस. सी./एस.टी. के बालक/बालिकाओं के लिए गैर आवासीय 6 माह के ब्रिजकोर्स संचालित किये जायेंगे।

अनुश्रवण के बाद यह देखने में आया है कि बालिकाओं की रूचि विद्यालय शिक्षा में बढ़ी व उनका नामांकन भी प्रर्याप्त मात्रा में बढ़ा है। ग्रीष्म कालीन अभिप्रेरित शिविर की बालिकायें भी विद्यालयों में पढ़ती पायी गयी। बालिका शिक्षा की वृद्धि हेतु किये गये वे कार्यक्रम अपने आप में प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। भविष्य में नामांकन के साथ-साथ बालिकाओं के ठहराव के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता होगी।

अकादमिक पर्यवेक्षण :-

जिले की प्राथमिक शिक्षा के अकादमिक पक्ष के पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर डायट, ब्लाक स्तर पर बी.आर.सी. व न्यायपंचायत स्तर संकुल केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह केन्द्र प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार हेतु सक्रिय केन्द्र होगे। विद्यालयों व शिक्षकों को सीधे-सीधे, मौकों पर सहयोग करने वाले समूह के रूप में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

ब्लाक संसाधन केन्द्र समन्वयक/सहायक समन्वयक के कार्य एवं दायित्व :-

1. सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षणों को आयोजित करना।

2. प्रत्येक प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षण के मूल्यांकन की आख्या तैयार कर उसका अभिलेखीकरण करना तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु आख्या डायट को प्रेषित करना।

3. विकास खण्ड के सम्बन्धित न्याय पंचायत के केन्द्रों व सभी प्रा0/उ0प्रा0 विद्यालयों के लिए शैक्षिक/शैक्षिणेत्तर गतिविधियों का आयोजन करना एवं सहयोगी नेतृत्व प्रदान करना।

4. न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र के समन्वयकों की मासिक बैठक आयोजित करना क्षेत्र के सभी केन्द्रों से मासिक आख्या प्राप्त कर डायट को प्रेषित करना।

5. विकास खण्ड के न्याय पंचायत केन्द्रों तथा विद्यालयों का भ्रमण करना, श्रेणीकरण करना, आदर्श पाठों का प्रस्तुतीकरण, नई विधाओं से परिचित कराना स्थानीय आधार पर निर्मूल्य एवं अल्पव्ययी सामग्री के द्वारा स0 शैक्षिक सामग्री का निर्माण करना तथा उसका प्रचार-प्रसार करना तथा उनके समाधान में सहायता करना।

6. विकास खण्ड संसाधन केन्द्र के भवन में संबंधित आवश्यक शैक्षिक सूचनाओं को चार्ट तथा माडल आदि के रूप में प्रदर्शित करना तथा सूचनाओं का अभिलेखीकरण सुनिश्चित करना।

7. ब्लाक स्तर के सूचना संग्रह तथा शैक्षिक समस्याओं को जिला स्तर तक प्रेषित करना तथा जिला स्तर की सूचनाओं को अध्यापकों तक पहुंचाना।

8. मानकों के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता संवर्द्धन में सहायक न्याय पंचायत केन्द्र तथा विद्यालय का आदर्श रूप में विभाजन कर उनके आधार पर शिक्षकों को अपने विद्यालय के विकास हेतु प्रेरित करना।

9. ब्लाक स्तर पर किये गये सुधारों, नवाचारों, क्रियात्मक शोधों, सहायक शैक्षिक सामग्री निर्माण, खेल तथा गतिविधि निर्माण नई शैक्षिक विधाओं के प्रयोग के परिणाम से जन साधारण को अवगत कराना।

न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक के कार्य एवं दायित्व :-

1. अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक विद्यालय का माह में कम से कम एक बार, गहन अवलोकन तथा श्रेणीकरण करना तथा शिक्षकों से वार्ता कर शिक्षण कार्यों की स्थिति, शिक्षकों की समस्याओं तथा शैक्षिक समस्याओं से अवगत होना।

2. न्याय पंचायत स्तर पर प्राप्त समस्याओं का सामान्यीकरण करना, मासिक बैठकों में चर्चा-परिचर्चा के द्वारा इन समस्याओं का हल निकालना तथा अनसुलझी समस्याओं को सूचीरबद्ध कर ब्याल स्तर पर मासिक बैठक में प्रेषित करना।

3. विकास खण्ड स्तर से मिले निर्देशों को शिक्षकों तक पहुंचाना तथा वांछित सूचनाओं को विद्यालय से एकत्र कर विकास खण्ड स्तर तक पहुंचाना।

4. शिक्षकों की मासिक बैठक/कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन।

5. सहायक शैक्षिक सामग्री का निर्माण, प्रदर्शन तथा आदान प्रदान एवं विद्यालय भ्रमण के दौरान आदर्श पाठ का प्रस्तुतीकरण करना।

6. न्याय पंचात स्तर पर नवाचारों तथा शैक्षिक उपलब्धियों का प्रसार करना।

7. निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों, छात्रवृत्ति, संसाधन वितरण, स्कूल अनुदान के वितरण की व्यवस्था करना, विभिन्न लाभ की योजनाओं की जानकारी देना, मूल्यांकन करना तथा क्रियान्वयन सुनिश्चत करना।

8. ग्राम/संकुल आधारित शैक्षिक नियोजन/सर्वेक्षण आदि से संबंधित गतिविधियों का सूक्ष्म नियोजन तथा स्कूल मानचित्र हेतु सर्वेक्षण, स्कूल सांखियकी प्रपत्र की सूचनाओं का संकलन, वैकल्पिक शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों से संबंधित सूचनाओं का संकलन तथा केन्द्रों का भ्रमण करना।

9. अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा छात्र हित में संचालित कार्यक्रमों को सहयोग देना तथा समुदाय को उनसे लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना।

10. शैक्षिक कार्यक्रमों के विकास के लिए समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना।

वैकल्पिक शिक्षा :-

शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए 6-14 वर्ष के ऐसे बच्चे जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे के लिए अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था की गई। अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र खोले गए जहां अनुदेशकों के द्वारा बच्चों को कक्षा 5 तक का पाठ्यक्रम 2 वर्ष की अवधि में पूर्ण कराया जाता था। केन्द्रों की समयावधि दो घण्टे थी। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना था। जनपद स्तर पर इन अनौपचारिक केन्द्रों का मूल्यांकन कराया गया जिसके द्वारा यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि यह अनौपचारिक केन्द्र कतिपय कारणों से

निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करने में असफल रहे। अतः 31 मार्च, 2001 में इस योजना को समाप्त कर दिया गया। पुरानी योजना की कमी को दूर करने के लिए 1 अप्रैल 2001 से वैकल्पिक शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षा गारन्टी योजना लागू की गई। इस योजना में 6 वर्ष 14 वर्ष के सामान्य बच्चे, 6 से 18 वर्ष के विकलांग बच्चों को रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जो बच्चे औपचारिक विद्यालयों से नहीं जुड़ पाए हैं, उनको विद्या केन्द्रों पर कक्षा 1 व 2 पाठ्यक्रम पूरा कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है।

डी.पी.ई.पी. योजना के अन्तर्गत ऐसी असेवित बस्तियाँ जहां एक किलोमीटर की परिधि में कोई प्राथमिक स्कूल नहीं है तथा वहां पर 30 बच्चे उपलब्ध हों, वहां विद्या केन्द्र खोलने की व्यवस्था की गई है। इन केन्द्रों में असेवित बस्तियों के बाल श्रमिक, घुमन्तू तथा विद्यालय दूर होने के कारण शिक्षा से वंचित बच्चों का नामांकन किया जाता है। इन केन्द्रों पर शिक्षण कार्य हेतु आचार्य जी की नियुक्ति की व्यवस्था है, जिनको डायट स्तर पर प्रशिक्षित संदर्भदाताओं के द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है। इन केन्द्रों पर शिक्षण कार्य हेतु 128 आचार्य डी डायट के द्वारा प्रशिक्षित किए जा चुके हैं।

इन विद्या केन्द्रों के परिणाम प्रभावशाली परिलक्षित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से बालकों का नामंकन बढ़ने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा के प्रति रूचि भी बढ़ी है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वैकल्पिक शिक्षा योजना का संचालन राज्य स्तरीय कमेटी करेगी। इसमें ए.आई.ई. अन्तर्गत प्राइमरी कक्षाओं हेतु ज्ञान केन्द्र तथा उच्च प्राथमिक केन्द्र के लिए ज्ञानशाला केन्द्र खोलने का प्रावधान है। इसमें प्रशिक्षक के रूप में गुरूजी/दीदी जी की नियुक्ति का प्रावधान है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्याक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता का सुधार करने हेतु शिक्षकों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शिक्षा गारन्टी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवकों को शिक्षा मित्र के रूप में चयनित किया गया है। ऐसे 507 शिक्षा मित्रों को डायट स्तर पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन शिक्षा मित्रों की नियुक्ति एकल अध्यापकीय प्राथमिक विद्यालयों में की गई है। यदि स्थानीय शिक्षित युवक/युवितियों को शिक्षा मित्र के रूप में विद्यालयों में शिक्षण कार्य में नियुक्त किया जाये तो इससे नामांकन, ठहराव एवं गुणवत्ता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

ऐसे मकतब-मदरसे जहां बच्चों को केवल दीनी तालीम दी जा रही है, ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना और जो बच्चे जिस कक्षा के योग्य तैयार होंगे उन्हें कक्षा 1 से 5 तक इस कक्षा में प्रवेश दिलाने हेतु मदरसे के अनुदोशकों को प्रशिक्षित किया गया। जनपद के विकास खण्ड के 56 अनुदेशकों की 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मकतब-मदरसों में कार्यरत (प्राइमरी कक्षाओं को पढ़ाने वाले) 6 शिक्षकीं को डायट स्तर पर 1 माह का प्रशिक्षण प्रदाच किया गया तथा 6 शिक्षकों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण द्वारा उन्हें मदरसों में चल रही परम्परागत शिक्षण विधि के साथ शिक्षा व शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हेतु विभिन्न विधियों से अवगत कराया गया।

डी.पी.ई.पी. योजना के अन्तर्गत मकतब मदरसों के केवल कक्षा 1 से 5 तक शिक्षण कार्य करने वाले अनुदेशकों/शिक्षकों के प्रशिक्षण की ही व्यवस्था कीं गई है। भविष्य में इनके प्रशिक्षण की भी आवश्यकता होगी।

समेकित शिक्षा के अन्तर्गत सामान्य बच्चों के साथ-साथ विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को भी शिक्षा दिए जाने का प्रावधान है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तर पर जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) की नियुक्ति की गयी, जिनकी देख-रेख में जनपद के दो विकास खण्डों - सैदनगर व बिलासपुर के प्राथमिक विद्यालयों के सेवारत शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। ताकि शारीरिक व मानसिक चुनौती वाले बच्चों को चिन्हित कर उनकी आवश्यकतानुसर उनका चिकित्सीय निरीक्षण कराना, आवश्यकतानुसर उपकरणों की उपलब्धता ताकि उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उपरोक्त विकास खण्डों में Assessment Camp लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा चुका है।

उपरोक्त व्यवस्था के अन्तर्गत जनपद के केवल दो विकास खण्ड लिए गए हैं। शेष चार विकास खण्डों - शाहबाद, मिलक, स्वार तथा चमरव्वा तथा नगर क्षेत्र के विद्यालयों के विशिष आवश्यकता वाले बच्चों कों भी यह सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों (विशिष्ट आवश्कता वाले) हेतु भी यह सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

जनपद में किये गये बेस लाइन सर्वे के आंकड़े :-

कोई भी नवीन शैक्षिक कार्यक्रम प्रारम्भ करने से पहले यह जानना आवश्यक है कि जनपद की वास्तविक वस्तुस्थिति क्या है। वास्तविक स्थिति जानने के बाद ही शैक्षिक सुधार के कार्यक्रमों को विकसित तथा क्रियान्वित करना सम्भव हो सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जनपद में डी.पी.ई.पी. योजना लागू करने से पहले जनपद में बेस लाइन सर्वे किया गया जिसके आकड़े निम्नवत हैं :-

7सारणी -1

कक्षा-2 के विद्यार्थियों की भाषा का औसत

क्षेत्र	ग्रामीण		शहरी		लड़के		लड़कियाँ	
	औसत नं0-467		नं0-187					
	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मासनक विचलन	माध्य	मानक विचलन
अक्षर ज्ञान	6.04	3.74	6.53	3.54	6.04	3.60	5.67	3.84
शब्द ज्ञान	3.72	3.77	4.20	3.79	4.13	3.80	3.20	3.66

स्रोत : बेसलाइन सर्वे के आंकड़ों के अनुसार।

सारणी नं0-1 के प्रस्तुत प्रदत्तों से ज्ञात होता है कि अक्षर पढ़ने तथा शब्द पढ़ने की योग्यता लड़कियों की अपेक्षा लड़कों में अधिक पाई गई। इन योग्यताओं का विकास ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में अधिक देखा गया। इससे यह संकेत मिलता है कि भाषा के क्षेत्र में शहर की अपेक्षा ग्रामीण तथा लड़कों की अपेक्षा लड़कियों पर अधिक ध्यान देना होगा।

सारणी -2

कक्षा-2 के विद्यार्थियों की गणित का औसत

क्षेत्र	ग्रामीण		शहरी		लड़के		लड़कियाँ	
	औसत नं0-467		नं0-187					
	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मासनक विचलन	माध्य	मानक विचलन
अंक पहचान	3.03	1.94	3.17	1.92	3.22	1.96	2.72	1.82
जोड़ना	1.47	1.50	1.59	1.53	1.59	1.54	1.36	1.45
घटनाना	1.46	1.62	1.52	1.58	1.45	1.62	1.29	1.57

स्रोत : बेसलाइन सर्वे के आंकड़ों के अनुसार।

सारणी नं0 -2 में प्रस्तुत आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि गणित के क्षेत्र में अंक पहचान, जोड़ना, घटाना में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के आधार पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया जबकि बालक और बालिकाओं के स्तर पर यह प्रतीत हो रहा है कि गणित की उपर्युक्त दक्षताओं में बालक बालिकाओं से अधिक दक्ष पाये गये।

सारणी -3

कक्षा-5 के विद्यार्थियों की भाषा का औसत

क्षेत्र	ग्रामीण		शहरी		लड़के		लड़कियाँ	
	औसत नं0-467		नं0-187					
	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मासनक विचलन	माध्य	मानक विचलन
शब्द अर्थ	22.47	4.67	20.40	3.70	21.69	4.43	21.90	4.50
पैराग्राफ पढ़ना	14.88	6.27	13.64	4.19	14.11	5.39	15.42	6.29

स्रोत : बेसलाइन सर्वे के आंकड़ों के अनुसार।

सारणी नं0-3 : उपर्युक्त सारणी के आधार पर यह ज्ञात होता है कि शब्द अर्थ तथा पढ़ने की योग्यता में ग्रामीण तथा शहरी स्तरों के छात्रों में सार्थक अन्तर पाया गया। ग्रामीण छात्रों की शाब्दिक क्षमता शहरी क्षेत्रों से अधिक पाई गई। शब्द अर्थ की योग्यता में लड़के तथा लड़कियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। जबकि पढ़ने की योग्यता में लड़कों की अपेक्षा लड़कियों का स्तर ऊँचा पाया गया।

सारणी -4

कक्षा-5 के विद्यार्थियों की गणित का औसत

क्षेत्र	ग्रामीण		शहरी		लड़के		लड़कियाँ	
	औसत नं0-467		नं0-187					
	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मानक विचलन	माध्य	मासनक विचलन	माध्य	मानक विचलन
	13.19	4.45	11.85	3.42	12.76	4.17	12.59	4.15

स्रोत : बेसलाइन सर्वे के आंकड़ों के अनुसार।

सारणी-4 : उपर्युक्त सारणी के संकेत देते हैं कि लिंग के आधार पर गणितीय योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया। क्षेत्र वार गणितीय योग्यता में .01 स्तर पर अन्तर पाया गया। शहरी बच्चों की अपेक्षा ग्रामीण बच्चों में गणितीय योग्यता का विकास अधिक पाया गया।

145

मध्यावधि मूल्यांकन सर्वेक्षण :-

जनपद में आयोजित डी.पी.ई.पी. के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु जनपद में विभिन्न निवेशों को लागू किया गया जैसे - सेवारत प्रशिक्षण, बालिका शिक्षा प्रशिक्षण, सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रशिक्षण, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण कार्यशाला, समेकित शिक्षा प्रशिक्षण, शिक्षा मित्र, आचार्य जी प्रशिक्षण आदि। डी.पी.ई.पी. की प्रभावशीलता की जानकारी हेतु एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित माह दिसम्बर 2002 में जनपद में मध्यावधि मूल्यांकन सर्वेक्षण किया गया जिसके आधार पर निष्कर्ष रूप में पाया गया कि कक्षा 2 में माषा व गणित की (लिंगवार व क्षेत्रवार) उपलब्धियों में बढ़ोत्तरी हुई है। आधार भूत सर्वेक्षण की तुलना में मध्यावधि सर्वेक्षण में भाषा एवं गणित में छात्रों की उपलब्धि क्रमशः 27.45% और 70.77% बढ़ी है।

कक्षा 5 के छात्रों में गणित में तुलना करने पर आधरभूत सर्वेक्षण की अपेक्षा मध्यावधि सर्वेक्षण मे 16.66% अधिक उपलब्धि प्राप्त की।

आंकड़ों स्त्रोत : मध्यावधि मूल्यांकन सर्वेक्षण :-

अधिकतम उपलब्धि स्तर बढ़ाने के लिए जनपद में अभी विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रम सम्पादित कराने की आवश्यकता होगी।

डायट में सम्पादित क्रिया कलाप :-

वर्ष 99 से जनपद को डी.पी.ई.पी. योजना में अच्छादित हाने के पश्चात् डायट स्तर पर या डायट द्वारा वर्ष वार निम्न कार्य सम्पादित कराये गये।

वर्ष 1999-2000

क्रमं	सम्पादित क्रिया कलाप	प्रतिभागी सं0
1.	विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण	159
2.	सेवा पूर्व प्रशिक्षण (बी.टी.सी. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)	37
3.	विजनिंग कार्यशाला (डायट प्रवक्ता, बेसिक शिक्षाधिकारी, स.बे.शि. अधिकारी, उप बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक)	30

वर्ष 2000-2001

क्र.सं.	सम्पादित क्रिया कलाप	प्रतिभागी सं0
1.	सेवा पूर्ण प्रशिक्षण (बी.टी.सी. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)	37 + 90
2.	बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का अभिमुखी करण प्रशिक्षण (06 दिवसीय)	36
3.	मकतब मदरसों में कार्यरत अध्यापकों का सेवारत प्रशिक्षण (01 माह)	06
4.	ब्लॉक संसाधन समूह का अभिप्रेरण प्रशिक्षण (04 दिवसीय)	114
5.	मकतब मदरसों के अनुदेशकों का प्रशिक्षण (15 दिवसीय)	29
6.	आचार्य जी प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	37
7.	वैकल्पिक शिक्षा के अन्तर्गत आचार्य जी/शिक्षा मित्र मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण (10 दिवसीय)	34
8.	पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण (ई.सी.सी.ई. 07 दिवसीय)	54
9.	अल्प व्ययी सहा0 सामग्री निर्माण कार्यशाला (02 दिवसीय)	86

उपर्युक्त प्रशिक्षणों के अतिरिक्त ''एस.ओ.पी.टी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों के प्रशिक्षण की प्रभावकारिता विषयक अध्ययन'' नामक शीर्षक पर क्रियाव्यक शोध सम्पन्न किया गया।

विकास खण्ड स्तर पर संचालित सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण, ग्राम शिक्षा समिति के प्रशिक्षणों का शैक्षिक समर्थन एवं अनुध्रवण किया गया। अनौपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत मुख्य धारा से जुड़े छात्र-छात्राओं के सत्यापन हेतु सर्वेक्षण किया गया। माह जनवरी से डायट स्तर पर मासिक ''डायट समाचार'' प्रकाशित किया गया।

लैब एरिया के परिषदीय प्राथ0 विद्यालयों में शैक्षिक अनुध्रवण एवं समर्थन किया गया।

	वर्ष 2001-2002	
क्र.सं.	सम्पादित क्रिया कलाप	प्रतिभागी सं0
1.	सेवा पूर्ण प्रशिक्षण (बी.टी.सी. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)	37 + 90
2.	मृतक आश्रित सेवारत प्रशि0 बी.टी.सी.	40
3.	बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का अभिमुखीकरण प्रशिक्षण (06 दिवसीय)	51
4.	बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का तृतीय चक्र के प्रशिक्षण की पूर्व तैयारी हेतु प्रशिक्षण (10 दिवसीय)	87
5.	डायट प्रवक्ता, बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का शैक्षिक सपोर्ट आधारित प्रशिक्षण (03 दिवसीय)	90
6.	तृतीय चक्र के शिक्षक प्रशिक्षकों का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण (03 दिवसीय)	जनपद के चयनित समस्त समस्त टी.ओ.टी.
7.	सहा. बे.शि.अ. ब्लॉक समन्वयकों का शिक्षक संदर्शिका आधारित प्रशिक्षण (06 दिवसीय)	11
8.	शैक्षिक तकनीकी के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण (03 दिवसीय)	35
9.	पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के सेवारत गणित अध्यापकों को एस.ओ.पी.टी. प्रशिक्षण (10 दिवसीय)	105
10.	पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के सेवारत विज्ञान अध्यापकों का एस.ओ.पी.टी. प्रशिक्षण (10 दिवसीय)	91
11.	पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के सेवारत अंग्रेजी अध्यापकों का एस.ओ.पी.टी. प्रशिक्षण (10 दिवसीय)	85
12.	लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण टी.ओ.टी. (04 दिवसीय)	22
13.	डी.पी.ई.पी. व बेसिक के चयनित शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	33 + 118
14.	आर्चाय जी प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	06
15.	आंगबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण (04 दिवसीय)	86
16.	कला जत्थों का प्रशिक्षण (स्वयं सेवक सदस्य - 06 दिवसीय)	30
17.	वैकल्पिक शिक्षा के अन्तर्गत पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण (02 दिवसीय)	75
18.	जन संख्या एवं विकास शिक्षा प्रशिक्षण (02 दिवसीय)	30
19.	साक्षरता अभियान को गति देने हेतु गोष्ठी	25
20.	न्याय पंचायत स्तर पर प्रतिमाह चार चक्र में चतुर्थ चक्र का रोस्टर प्रशिक्षण (01 दिवसीय)	जनपद के समस्त प्रा.वि. के अध्यापक

डायट स्तर पर डायट मेन्टरों द्वारा परिषदीय विद्यालयों का शैक्षिक अनुश्रवण एंव समर्थन का कार्य सम्पन्न किया गया।

सम्पूर्ण साक्षरता के अन्तर्गत बाह्यीय मूल्यांकन कार्य में सहयोग दिया गया।

ब्लॉक मेन्टरों द्वारा ब्लॉक स्तर पर आयोजित मासिक बैठकों की समीक्षा की गई। डायट स्तर पर बी.आर.सी. समन्वयकों एवं जिला समन्वयकों कीं मासिक बैठकों का आयोजन एंव समीक्षा।

डायट द्वारा अकादमिक संसाधन समूह का गठन एवं बैठकों का अयोजन किया गया तथा आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा एवं भविष्य की कार्य योजना का निर्धारण किया गया।

डायट मासिक न्यूज लैटर व सहायक सामग्री निर्माण कार्यशाला की पुस्तिका का प्रकाशन भी डायट के माध्यम् से किया गया। ब्लॉक स्तर पर आयोजित सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण, ग्राम शिक्षा समिति प्रशिक्षण आदि का डायट द्वारा अनुश्रवण किया गया।

डायट स्तर पर कक्षा कक्ष निरीक्षण कार्य सम्पन्न किया गया।

	वर्ष 2002-2003	
क्र.सं.	सम्पादित क्रिया कलाप	प्रतिभागी सं0
1.	बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का वित्त सम्बन्धी प्रशिक्षण	87
2.	बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयक, प्रधान अध्यापकों का शोध सम्बन्धी प्रशिक्षण (प्रत्येक ब्लॉक से चार प्रतिभागी, 03 दिवसीय प्रशिक्षण)	87
3.	सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन प्रशिक्षण (बी.आर.सी., ए.बी.आर.सी. समन्वयक, प्राथ. विद्या. के शिक्षक प्रशिक्षक, 03 दिवसीय)	30
4.	डी.पी.ई.पी. एवं बेसिक से चयनित शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	457 +76
5.	आचार्य जी प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	85
6.	मकतब मदरसों के अनुदेशकों का प्रशिक्षण (15 दिवसीय)	27
7.	दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'स्कूल चलो अभियान', उ0प्र0 में साक्षरता का बदलता हुआ परिहश्य, ग्राम शिक्षा समिति एवं अभिभावक संघ का विद्यालयों की योगदान विषयों पर टेली कान्फ्रेन्सिंग	60+42+ 45

डायट मेन्टरों द्वारा जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के श्रेणीकरण का संकलन एंव समीक्षा।

डी. श्रेणी के विद्यालयों में विषयानुसार कठिन स्थलों का निराकरण, विद्यालयों में शैक्षिक समर्थन एवं आदर्श पाठों का प्रस्तुतिकरण, सहायक सामग्री का प्रदर्शन, कक्षाकक्ष में शिक्षक संदर्शिकाओं का उपयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण प्रदर्शन, कक्षा कार्य और गृह कार्य की जांच में सहयोग किया गया।

ब्लॉक मेन्टरों द्वारा विकास खण्ड संसाधन केन्द्र एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों पर अभिलेखों का रख रखाव सुनिश्चित कराया गया।

ब्लाक स्तर एवं डायट स्तर पर आयोजित मासिक बैठकों की समीक्षा की गई।

वर्ष 2003-2004

क्र.सं.	सम्पादित क्रिया कलाप	प्रतिभागी सं0
1.	डी.पी.ई.पी. में चयनित शिक्षा मित्र प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	17

वर्ष 2003-2004

क्र.सं.	प्रस्तावित कार्यक्रम	प्रतिभागी सं0
1.	प्राथमिक विद्यालय के मुख्य अध्यापकों का नेतृत्व संबंधी प्रशिक्षण (06 दिवसीय)	05 सितम्बर, 03 से 21 अक्टूबर, 03 तक
2.	सहायक अध्यापक प्रशिक्षण (रोस्टर 01 दिवसीय)	नवम्बर, 03 एवं दिसम्बर, 03
3.	बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का कार्य एवं दायित्व संबंधी प्रशिक्षण (04 दिवसीय)	अक्टूबर, 03 से नवम्बर, 03 तक
4.	उच्च प्राथमिक विद्यालय के गणित एवं विज्ञान अध्यापकों का प्रशिक्षण (08 दिवसीय)	नवम्बर, 03 से जनवरी , 04 तक
5.	डायट संकाय के सदस्य प्रशिक्षण (05 दिवसीय)	नवम्बर, 03
6.	शिक्षा मित्रों का आधारभूत प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	सितम्बर, 03
7.	शिक्षा मित्रों का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण (15 दिवसीय, ब्लॉक स्तर पर)	सितम्बर, 03 से अक्टूबर, 03 तक
8.	समेकित शिक्षा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण (10 दिवसीय)	सितम्बर, 03
9.	मॉडेल क्लस्टर की प्रस्तावित 05 न्याय पंचायतों में एम.टी.ए.पी.टी.ए. प्रशिक्षण एवं लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण (02 दिवसीय)	अक्टूबर, नवम्बर 03
10.	ब्रिज कोर्स मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण (03 दिवसीय)	सितम्बर, 03
11.	अनुदेशक प्रशिक्षण (04 दिवसीय)	अक्टूबर, नवम्बर 03
12.	आचार्य जी प्रशिक्षण (30 दिवसीय)	दिसम्बर, 03
13.	आचार्य जी पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण	जनवरी, 04

डायट मेन्टरों द्वारा, नवीन प्रविधि से विकसित 10 बिन्दुओं पर आधारित श्रेणीकरण प्रपत्र के आधार पर विद्यालयों का श्रेणीकरण, संकलन एवं समीक्षा की जायेगी।

बी.आर.सी. ए.बी.आर.सी. एवं ब्लॉक मेन्टरों द्वारा सी.डी. श्रेणी के विद्यालयों में शैक्षिक समर्थन एवं सुधार हेतु विशेष प्रयास किये जायेंगे।

कक्षाकक्ष में शिक्षकों द्वारा शिक्षक संदर्शिकाओं एवं सहायक सामग्री के उचित प्रयोग को सुनिश्चित कराया जायेगा।

जनपद में गुणवत्ता संवर्द्धक हेतु प्रयास :-

प्रदेश में जनपद की निम्न साक्षरता दर को देखते हुए इस जनपद को भी जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत लिया गया।

इस योजना के तहत गुणवत्ता संवद्धन हेतु सर्वप्रथम सीमेट इलाहाबाद द्वारा डायट के प्रवक्ताओं तथा समन्वयकों, बी.एस.ए. की विजनिंग कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा जनपद में डायट स्तर पर डायट के शेष प्रवक्ताओं, ए.बी.एस. ए., बी.0आर.सी.सी. तथा ए.बी.आर.सी.सी. को तीन दिवसीय विजनिंग कार्यशाला में अभिप्रेरित किया गया।

ब्लाक स्तर पर किये जाने वाले प्रयास :-

आदर्श न्याय पंचायत केन्द्रों तथा विद्यालयों का चयन एवं विकास करना। हर न्याय पंचायत स्तर पर एक तथा ब्लाक स्तर पर कम से कम दो विद्यालय का चयन किया गया जो दूसरे विद्यालयों की अपेक्षा अच्छी स्थिति में हों इनको मानक के अनुरूप विकसित करने का उत्तरदायित्व डायट मेन्टर, जिला समन्वयक, बी.आर.सी.सी., ए.बी. आर.सी.सी, राज्य संदर्भ समूह के सदस्य तथा टी.ओ.टी. को सौंपा जायेगा। अपेक्षित सुधार के बाद दूसरे अध्यापको को उन विद्यालयों को उन विद्यालयों में जाने, अवलोकन करने तथा अपने विद्यालय को भी उनके अनुरूप विकसित करने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

प्राथमिक शिक्षक को एक पुस्तिका प्रदान की गयी जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दुओं का सैद्धान्तिक व कक्षा 1 से 5 तक भाषा, गणित, ई.वी.एस. ज्ञान विज्ञान विषय की चयनित आदर्श पाठ योजनाओं का समावेश किया गया है। प्रशिक्षण में ये बताया गया कि ये पाठय योजनायें अन्तिम नहीं है। हम इन्हें चाहें तो और आगे बढ़ा सकते हैं शिक्षक अनुदान के तहत प्रति अध्यापक प्राप्त 500 रू0 का अनुदान का उपयोग किस प्रकार करें। विद्यालय विकास अनुदान का सही उपयोग किस प्रकार तथा कैसे और

विद्यालय से विभाग द्वारा मांगी जाने वाली सूचनाओं का संकलन किन-किन प्रोफार्मा में जाना है को मुख्य रूप से उभारा गया।

कक्षा 1 से 5 तक की चौदह पाठ्य पुस्तकों के प्रत्येक पाठ को गतिविध के आधार पर किस प्रकार प्रस्तुत उसके लिए जनपद में छः ब्लाकों के ए.बी.एस.ए./एस.डी.आई. ब्लाक समन्वयकों को शिक्षण संदर्शिकाओं पर आधारित छः दिवसीय प्रशिक्षण अप्रैल माह में डायट में प्रदान किया जा चुका है। इन शिक्षक सन्दर्शिकाओं में प्रत्येक को पाठ पढ़ाने की नयी-नयी गतिविधि आधारित विधायें दी गयी है। प्रशिक्षण में बताया गया कि जब तक हमें पाठ के उद्देश्यों की जानकारी नहीं होगी तब तक पाठ का औचित्यपूर्ण नहीं होगा सबसे पहले पाठ के उद्दश्य ज्ञात होने चाहिए कि इस पाठ से हमें कौन कौन से कौशलों/दक्षताओं को बच्चों में विकसित करना है पाठ का कितना हिस्सा लें और दिया गया पाठ कितने दिन में समाप्त होना चाहिए। शिक्षक ऐसा कौन सा नवीन प्रयास करें ताकि बच्चे शीघ्रता से/आसानी से सीख सकें।

जनपद रामपुर के ब्लाक बार कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों की संख्या निम्नवत है :-

सारणी - 5

क्र.सं.	ब्लाक	प्रा0 शिक्षकों की संख्या	उच्च प्राथमिक
1.	सैदनगर	215	28
2.	स्वार	321	36
3.	मिलक	374	82
4.	बिलासपुर	181	44
5.	शाहबाद	278	56
6.	चमरव्वा	324	59
7.	नगर क्षेत्र	166	05
		1859	310

स्रोत : बी.एस.ए. कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार।

उपयुक्त ब्लाकों के अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रारम्भ करने से पूर्व जनपद से 30 शिक्षक प्रशिक्षकों का चयन किया गया। उनको नेडा लखनऊ में राज्य संदर्भ के सदस्यों द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जनपद में सेवारत प्रशिक्षण के संचालन को तीन चक्रों में विभाजित किया गया।

182

प्रथम चक्र का प्रशिक्षण शिक्षण अभिप्रेरण पर आधारित था। प्रशिक्षण दस दिवसीय था। प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नवत थे -

1. शिक्षकों को विद्यालय आने, छात्रों की पूरे समय तक पढ़ाने, उनसे प्रेमपूर्ण व्यवहार करने, समुदाय के लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने तथा उनकी शैक्षिक कार्यों में सहायता करने के लिए प्रेरित करना।
2. शिक्षकों को बच्चों की कठिनाईयों को समझने में सहायता करना और बच्चों तथा उनके बीच में अच्छे संबंध विकसित करने के लिए प्रेरणा देना।
3. शिक्षकों को क्रियाधारित, खेल आधारित तथा आनन्दपूर्ण शिक्षण विधि विकसित करने तथा प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना।
4. स्थानीय सामग्री के प्रयोग से निर्मूल्य, अल्पवययी तथा शिक्षण कार्य में सहायक शैक्षणिक सामग्री का निर्माण तथा प्रयोग के लिए प्रेरित करना।
5. बच्चों में जिज्ञासा का विकास करना।
6. ग्रामीण/पिछड़े बालक/बालिकाओं की शिक्षा पर अधिक जोर देना।

द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण 'सबल' पुस्तिका पर आधारित दस दिवसीय का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु निम्न थे -

1. छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए क्रियाधारित, खेल आधारित तथा रूचिपूर्ण शिक्षा विधियों को वरियता दी गई।
2. शिक्षकों की जानकारी के लिए मॉडल के रूप में पाठ्यक्रम से संबंधित कुछ गतिविधियों तथा खेल बताये गये और उन्हें अपनी स्थानीय आवश्यकतानुसार इसी प्रकार की गतिविधियाँ करने में दक्ष बनाया गया।
3. विषय वस्तु पर आधारित प्रशिक्षण।
4. दक्षता के आधार पर शिक्षण का नियोजन।

तृतीय चक्र का प्रशिक्षण आठ दिवसीय था जो 'साधन' विचार प्रत्रक पर आधारित था। प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नवत थे -

1. नवीन पाठ्य पुस्तकों की विशेषतायें, आदर्श पाठ शिक्षण, नियोजन एवं प्रबन्ध, सहायक शैक्षणिक सामग्री सतत एवं व्यापक मूल्यांकन पर बल दिया गया।
2. प्रशिक्षण मुख्यतः कक्षा शिक्षण पर आधारित था।

रामपुर

नेशनल प्रोग्राम फार द एजूकेशन आफ गर्ल्स ऐट द एलीमेण्ट्री लेवल

(एन0पी0ई0जी0ई0एल0) कार्यक्रम

- सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत बालिका शिक्षा के सम्बर्धन हेतु एक अतिरिक्त इनपुट के रूप में एन0पी0ई0जी0ई0एल0 नामक कार्यक्रम चलाया जायेगा। यह कार्यक्रम उन विद्यालयों में लागू होगा जहाँ महिला साक्षरता दर 30.62 (वर्ष 91 जनगणना) और पुरूष एवं महिला साक्षरता दर में जेण्डर गैप 27.25 से अधिक हो तथा 642 Urban Wards के मलिन बस्तियों में समलित किया जायेगा। प्रथम चरण में वर्ष 2003–04 हेतु कुल 2374 ऐसे विद्यालय चिन्हित किये गये है। अगामी वर्ष में समस्त चिन्हित विकास खण्ड एवं नगरीय वार्डो के अन्य विद्यालयो के आच्छादन की योजना है। परियोजना हेतु, सर्व शिक्षा अभियान की भांति ही व्ययभार का 75 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा तथा 25 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन होगा।

प्रशासनिक एवं क्रियान्वयन ढाँचा

- राज्य स्तर पर सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा एन0पी0ई0जी0ई0एल0 कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जायेगा। परिषद के अन्तर्गत विकसित जेण्डर यूनिट द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जायेगा। परियोजना में कार्यरत वरिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा ही एन0पी0ई0जी0ई0एल0 कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जायेगा।

- जनपद स्तर पर सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद के अधीन गठित जिला परियोजना समिति द्वारा कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जायेगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम के क्षमता सम्बर्धन हेतु एक जेण्डर यूनिट का गठन किया जायेगा। परियोजना में कार्यरत समन्वयक बालिका शिक्षा द्वारा ही एन0पी0ई0जी0ई0एल0 कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जायेगा।

आवर्तक अनुदान रखा गया है। अनुदेशक का मानदेय रू0 1000.00 प्रतिमाह होगा तथा एक विद्यालय पर अधिकतम तीन माह के लिए अनुदेशक रखा जायेगा। अनुदेशकों की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जायेगा।

आवर्तक अनुदान का मदवार विवरण–

- अनुदेशक मानदेय – 3000.00
- लकड़ी की बेंच एवं मेज (बच्चों के बैठने हेतु)– 15000.00
- अन्य रख–रखाव – 2000.00

2. छात्र मूल्यांकन, Remedial Teaching, ब्रिजकोर्स, वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के अन्तर्गत बालिकाओं के सम्प्राप्ति स्तर में वृद्धि करने, विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय न जाने वाली बालिकाओं के लिए ब्रिजकोर्स अथवा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के संचालन हेतु प्रति विद्यालय रू0 10,000.00 की धनराशि प्रस्तावित है।

3. अध्यापक प्रशिक्षण – बालिकाओं के कौशल विकास हेतु पर एक विद्यालय के 4 अध्यापकों को कार्यानुभव शिक्षा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी ईकाई लागत प्रति अध्यापक प्रति दिन रू0 70.00 होगी।

4. शिशु शिक्षा केन्द्र :– आंगनवाड़ी विभाग के साथ कन्वर्जेंस करते हुए क्लस्टर विद्यालय पर ई.सी.सी.सी.ई. केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण कराया जायेगा। जिन विद्यालयों आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित नहीं हैं वहाँ पर केन्द्र संचालन मीना मंच द्वारा किया जाने का प्रस्ताव है। प्रति केन्द्र रू0 6000 की दर से बजट प्रस्तावित किया गया है।

केन्द्र संचालन की प्रक्रिया तथा बजट का ब्रेक–अप निम्नवत है।

- चयन प्रक्रिया – मंच की आम सभा में संचालिका का चयन किया जायेगा तथा मंच के प्रस्ताव पर ग्राम शिक्षा समिति का अनुमोदन आवश्यक होगा।
- मीना मंच की कार्यकारिणी समिति केन्द्र संचालन का सुपरविजन करेंगी।
- मंच की अन्य बालिकाएं केन्द्र का सहयोग करेंगी।
- केन्द संचालन मीना कक्ष में किया जायेगा।

संचालिका हेतु पात्रता–

14–18 वय वर्ग की मीना मंच की सदस्य हो तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 पास हो।

बजट विवरण –

मानदेय : 400 प्रतिमाह प्रति संचालिका। (10 माह हेतु)

केन्द्र स्थापना –2000 प्रति केन्द्र (सामग्री सूची तथा क्रय प्रक्रिया ई0सी0सी0ई0 की भांति रहेगी)।

5. क्लस्टर विद्यालयों की बालिकाओं हेतु यूनिफार्म तथा वर्क बुक हेतु प्रति बालिका रू0 150.00 की दर से धनराशि अनुमोदन हेतु प्रस्तावित है।

6. सामुदायिक सहभागिता :– सामुदायिक सहभागिता के अन्तर्गत जनपद स्तर पर प्रति जनपद कुल रू0 1,40,000.00 की धनराशि का प्रावधान है। जिसके अन्तर्गत कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार तथा टी0ए0/डी0ए0 की व्यवस्था शामिल है। उक्त धनराशि का फॉटवार विवरण निम्न है।

प्रचार–प्रसार हेतु प्रत्येक चयनित क्लस्टर विद्यालय पर एक विशेष डिजाइन का रिक्शा होगा जो लाउडस्पीकर द्वारा प्रचार–प्रसार करेगा। क्लस्टर विद्यालय हेतु बालिकाओं की सांस्कृतिक टीम को गांव में भ्रमण करायेगा, ऐसी बालिकायों जो विकलांग हैं अथवा विद्यालय दूरी के कारण स्कूल नहीं आती हैं। उन्हे विद्यालय

लाने ले जाने का कार्य करेगा। रिक्शा चालक के रूप में गांव के सबसे गरीब व्यक्ति को चयनित किया जायेगा, जिसका चयन ग्राम शिक्षा समिति करेगी । रिक्शा चालक को किसी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जायेगा। वह खाली समय में रिक्शा का प्रयोग अपनी रोजी हेतु कर सकता है। यदि समुदाय चाहे तो रिक्शा चालक को मानदेय दे सकती है।

बजट ब्रेक अप–

- रिक्शा – 10,000.00 X क्लस्टर विद्यालयों की संख्या (यह बजट जनपदवार अलग–अलग होगा)
- टी0ए0 / डी0ए0– 20,000.00 प्रति जनपद
- मेला सेमिनार, कार्यशाला एवं प्रचार प्रसार – 20,000.00 प्रति जनपद

7. लायब्रेरी स्थापना खेलकूद की सामग्री आदि – क्लस्टर विद्यालयों में लायब्रेरी स्थापित की जायेगी तथा खेलकूद के लिए झूलों आदि की व्यवस्था की जायेगी जिसके लिए प्रति विद्यालय रू0 30,000.00 की धनराशि प्रस्तावित की गयी हैजिसका बजट ब्रकअप निम्नवत है।

1	झूला	@ 15000.00
2	सायकिल	@ 900.00 X 5=4500.00
3	बेइंग मशीन	@ 500.00
4	किताबें	@ 5000.00
5	साउन्ड सिस्टम 1	@ 1500.00

6	आडियो सिस्टम 1 (टू इन वन)	@ 1500.00
7	अन्य आवश्यकतानुसार	3000.00

8. अतिरिक्त कक्षा–कक्ष के निर्माण हेतु प्रति विद्यालय रू0 2,00,000 (दो लाख की दर से लखनऊ, इलाहाबाद तथा कानपुर नगर जनपदों हेतु धनराशि वर्ष 2003–04 हेतु प्रस्तावित की गयी है।

9. प्रदेश के 623 नगर क्षेत्रों के लगभग 8000 वार्डों के मलिन बस्तियों 20 प्रतिशत (लगभग 1600 वार्डों) विद्यालयों हेतु रू0 5 लाख प्रति वार्ड प्रस्तावित हैं।

10. कुल बजट का 6 प्रतिशत मैनेजमेंट कास्ट अनुमन्य है।

नोट :– विद्यालय स्तर पर निर्माण कार्य ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जायेगा तथा सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की पी0ए0बी0 में उक्त प्रस्ताव गया था जिसमें कुछ संशोधन मांगे गये थे जिनको अवगतार्थ प्रेषित हैं। उनके द्वारा कुछ विस्तृत सूचनायें मांगी गई हैं। जिनका approval माँगा गया है।

प्रस्ताव :– (A) कार्य क्रम समिति एन0पी0ई0जी0ई0एल0 कार्यक्रम से उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए अपनी स्वीकृति प्रदान करना चाहें जिससे इस कार्यक्रम को औपचारिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार को योजना की मंजूरी हेतु प्रेषित किया जा सके।

LIST Regarding 8 selected districts

N.P.EG.E.L. U.P. हेतु चयनित विकासखण्डों का जनपदवार विवरण

	जनपद का नाम	महिला साक्षरता दर जनपद (%)	जेन्डर गैप जनपद (%)	विकासखण्ड का नाम	महिला साक्षरता दर (%)	जेन्डर गैप (%)	विद्यालय न जाने वाले बच्चें		
							बालक	बालिका	योग
1	बहराइच		21.17	शिवपुर	5.01	21.8			0
				पयागपुर	13.32	35.1			0
				चित्तौरा	8.11	31.81			0
				कैसरगंज	10.35	25.76			0
				महसी	10.64	26.56			0
				जरवल	9.62	26.04			0
				मिहीपुरवा	7.53	22.03			0
	13			बलहा	5.59	22.55			0
				तेजवा पुर	8.2	24.65			0
				हून्नूरपुर	14.48	24.51			0
				विश्वेश्यर गंज	11.01	34.74			0
				फखरपुर	8.92	24.04			0
				नवाबगंज	8.42	27.01			0
2	गोण्डा	13.42	30.06	झंझरी	13.3	34			0
				पण्डरी कृपाल	8.1	28.8			0
				मुजेहना	8.7	30.5			0
				इटियाथोक	8.1	30.9			0
				रूपैडीह	7.7	31.02			0
				वजीरगंज	12.3	33.01			0
	16			नवाबगंज	10.2	27.05			0
				तरबगंज	10.8	30.09			0
				बेलसर	10.7	29.03			0
				कटराबाजार	5.5	28.06			0
				करनैलगंज	9.8	27.8			0
				बभनजोत	9.7	28.6			0
				छपिया	15.8	32.3			0
				हलधरमऊ	9.9	33			0
				मनकापुर	14.1	31.04			0
				परसपुर	12.6	32.06			0
3	श्रावस्ती		34.34	गिलौला	23.99	29.54	1924	1597	3521
				जमुनहा	18.31	24.24	4750	4158	8908
				हरिहरमुर रानी	20.12	24.02	7157	6380	13537
				सिरसिया	15.12	20.58	4112	3596	7708
				इकौना	24.63	29.73	6256	5780	12036
